www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार, 4 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –156 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु



सरकार बनने पर कराएंगे जातिगत जनगणना — पृष्ठ 3
■ बिहार के क्षितिज से उगे सूर्य का प्रकाश अब सारे देश में फैले
■ मायावती ने शुरू किया बड़ा अभियान, किसी गठबंधन से कोई संबंध नहीं — पृष्ठ 4
■ राष्ट्रपति पद की अगली बहस के लिए केवल चार उम्मीदवार चाहते हैं रामास्वामी
■ धोखाधड़ी के मुकदमे का सामना करने को कोर्ट में पेश हुए ट्रम्प — पृष्ठ 9
अन्नू रानी ने जीता सोना — पृष्ठ 10

# कोई आकंठ भ्रष्टाचारी मोदी से आंख नहीं मिला सकता : पीएम

## कांग्रेस की तुलना में भाजपा सरकार आदिवासियों के विकास के लिए पांच गुना ज्यादा बजट देती है : मोदी

- **कांग्रेस धान खरीदी पर झूठ बोल रही है , धान का एक एक दाना केंद्र सरकार खरीदती है**
- **आमसभा स्थल लोगों से खचाखच भरा रहा, बड़ी संख्या में पहुंची थी महिलाएं**

**जगदलपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जगदलपुर पहुंचे थे जहां उन्होंने लालबाग मैदान के सरकारी कार्यक्रम में एन एम डी सी के नगरनार स्टील प्लांट का वर्चुअल लोकार्पण के साथ बस्तर जिले को कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। लालबाग में आमसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर छत्तीसगढ़ को कांग्रेस ने कुछ दिया है तो केवल घोटालेबाज की सरकार दी है कांग्रेस ने झूठा प्रचार किया। छत्तीसगढ़ में अपराध का बोलबाला बढ़ रहा है इसलिए छत्तीसगढ़ बदलाव की बात कह रहा है ।

पीएम मोदी ने कहा कि अपराध चरम पर है। अपराध में छत्तीसगढ़ और राजस्थान में स्पर्धा है। हत्याओं में छत्तीसगढ़ आगे है। कांग्रेस के कारनामनों से छत्तीसगढ़ त्रस्त है। चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोल-बाला है। पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विकास सिर्फ पोस्टर और बैनर में हैं। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को झूठा प्रचार दिया है। कांग्रेस ने दशकों तक बस्तर को नजर अंदाज किया। अटल जी की सरकार ने छत्तीसगढ़ को बनाया कांग्रेस को आपकी चिंता नहीं है। आदिवासी समाज के लिए पांच गुना बजट दे रहे हैं। जगदलपुर में सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ 5 साल में छत्तीसगढ़ की जो हालत की है उसे पूरा देश देख रहा है। इनके विधायकों और मंत्रियों ने जो कारनामे किए हैं उससे हर कोई त्रस्त है। छत्तीसगढ़ में अपराध चरम पर है, हत्याओं के मामले में छत्तीसगढ़ अग्रणी राज्य की श्रेणी में पहुंच गया है, कभी-कभी तो लगता है कि छत्तीसगढ़ और राजस्थान में आपराधिक मामलों में स्पर्धा चल रही है।




### प्रधानमंत्री ने नगरनार इस्पात संयंत्र राष्ट्र को किया समर्पित

**27 हजार करोड़ के विकास की दी सौगात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नगरनार संयंत्र, रेल परियोजनाओं के शिलान्यास लोकार्पण समारोह में करीब 27 हजार करोड़ के विकास कार्यों की सौगात देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ भारत का भाग्य बदलने में बहुत बड़ी भूमिका अदा करेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तब सिद्ध होगा, जब हर प्रदेश, हर जिला, हर गांव विकसित हो। इस संकल्प को शक्ति देने के लिए मंगलवार को यहां लगभग 27 हजार करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। मैं आप सभी को, छत्तीसगढ़ की जनता को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लिए फिजिकल, डिजिटल, जरूरत के हिसाब से विकास होना चाहिए। यही वजह है कि हमारी सरकार ने पिछले 9 वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने वाले खर्च को बढ़ाकर इस साल 10 लाख करोड़ रुपए कर दिया है। यह पहले के मुकाबले 6 गुना ज्यादा है। यह जो आज देश में रेल, रोड, एयरपोर्ट पावर प्रोजेक्ट, गाड़ियां, गरीबों के घर, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल बना रहे हैं, इन सब में स्टील का बहुत बड़ा महत्व है। स्टील निर्माण में भारत आत्मनिर्भर हो, इसके लिए बीते 9 वर्षों में अनेक कदम उठाए गए हैं। एक बड़ा स्टील निर्माता राज्य होने के कारण छत्तीसगढ़ को इसका बहुत लाभ मिल रहा है। छत्तीसगढ़ की इस भूमिका को विस्तार देते हुए आज नगरनार में भारत के सबसे आधुनिकतम स्टील प्लांट में से एक का लोकार्पण हुआ है। यहां बनने वाला स्टील भारत की इंजीनियरिंग और तेजी से बढ़ते डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बहुत काम आने वाला है। नई ऊर्जा देने वाला है। बस्तर में जो स्टील बनेगा, उससे हमारी सेना और भी सक्षम होगी। निर्यात में भी भारत का डंका बजेगा। नगरनार प्लांट के कारण बस्तर ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### कांग्रेस को स्टील प्लांट का मालिक नहीं बनने दूंगा : प्रधानमंत्री

जगदलपुर में पीएम मोदी ने कहा कि ये (कांग्रेस सरकार) झूठी बातें फैलाकर स्टील प्लांट पर कब्जा करना चाहते हैं और इसके जरिए मोटी कमाई करना चाहते हैं। स्टील प्लांट बस्तर के लोगों का है। मैं किसी भी कांग्रेस नेता को इस स्टील प्लांट का मालिक नहीं बनने दूंगा।

**सरकारी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति पर उठाए सवाल**

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में अटल जी की सरकार थी, उन्होंने जनजाति विभाग बनाया। कांग्रेस ने इतने समय तक क्या किया। ये भाजपा की ही सरकार है जिसने मेडिकल कॉलेज , इंजीनियरिंग कॉलेज बनाया, ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### मां दंतेश्वरी मंदिर में की पूजा अर्चना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मदन केसरी हवाई अड्डे से सीधे मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंचे और मां की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद लिया इसके पश्चात वे राजमहल भी पहुंचे।

### आप पार्टी के सभी प्रमुख पदाधिकारी गिरफ्तार

जगदलपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा 3 अक्टूबर को हुई। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनज़र आम आदमी पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता तरुणा साबे बेदरकर सहित सभी प्रमुख पदाधिकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सभा के पहले दिन आम आदमी पार्टी ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**मुख्यमंत्री का पीएम पर तंज**

# ईडी–आईटी वाले गली–गली घूम रहे तो डर लगेगा ही : भूपेश

## मोदी स्पष्ट करें नहीं बचेंगे स्टील प्लांट, शांतिपूर्वक किया बस्तर बंद




**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। बस्तर के सरकारी कार्यक्रम में आज सरकार के किसी मंत्री के नहीं पहुंचने के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डर वाले बयान पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारों तक को जेल में डाल देते हैं, इसलिए सब डरते हैं। जितने कुत्ते-बिल्ली नहीं घूमते, उतने ईडी-आईटी वाले घूम रहे हैं, तो डरेंगे ही। जो एक बार जेल चला गया, जमानत ही नहीं होना है तो डरेंगे ही।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जगदलपुर में भाजपा के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सरकार पर लगाए आरोपों पर एक-एक कर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कह रहे लघु वन उपज भी केंद्र की सरकार खरीदती है, इस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार करते हुए कहा कि इससे बड़ी झूठ की बात और क्या हो सकती है, समर्थन मूल्य घोषित करना अलग बात है, वैल्यू एडिशन रोजगार उत्पन्न करना यह काम छत्तीसगढ़ सरकार कर रही है। पूरे देश का तीन चौथाई लघु वनोपज छत्तीसगढ़ से खरीदा जाता है। मध्य प्रदेश में भी उनकी सरकार है वहां क्यों खरीदी नहीं होता?

मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग में भी यह बात मैंने उठाई थी, भारत सरकार को चिट्ठी लिखी कोदो-कुटकी का समर्थन मूल्य तो घोषित कर दो, वह तो घोषित नहीं किया। राज्य सरकार ने घोषित किया और खरीदी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब मिलेट मिशन चल रहा है तो घोषणा तो कर सकते है। एमएसपी भी घोषित नहीं किया, वह एमएसपी भी राज्य सरकार ने ही घोषित किया, और खरीदी हम लोग कर रहे हैं। सबसे बड़ा मिलेट्स प्लांट छत्तीसगढ़ के कांकेर में हैं। कांग्रेस शासित राज्यों में अपराध को लेकर कॉम्पटीशन हो रहा है, कौन आगे है? प्रधानमंत्री के इस ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**सार संक्षेप**

### दिल्ली में भूकंप के झटके

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान समेत मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में मंगलवार दोपहर 2.53 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.6 रही। इसका केंद्र नेपाल के बझांग जिले में था। बताया जा रहा है कि नेपाल में दो बार भूकंप आया। पहला 2.25 बजे, जिसकी तीव्रता 4.6 थी। दूसरा झटका 2.53 बजे आया जिसकी तीव्रता 6.2 रहीं। उत्तर प्रदेश में तीव्रता 5.5 मापी गई।

### 107 सांसदों, विधायकों के खिलाफ हेट स्पीच के मामले हैं दर्ज

**नई दिल्ली।** भारत में इस समय 17 मौजूदा सांसदों व विधायकों के खिलाफ हेट स्पीच के मामले दर्ज हैं। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) की ताजा रिपोर्ट में दी गई है। सांसदों व विधायकों के चुनावी हलफनामे के आधार पर तैयार की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि 33 मौजूदा सांसदों के खिलाफ इस तरह के मामले दर्ज हैं। इसमें से 66 फीसदी यानि 22 सांसद अकेले भाजपा के हैं। जबकि दो सांसद कांग्रेस पार्टी के, एक निर्दलीय व एक-एक सांसद आठ क्षेत्रीय पार्टियों के हैं।

### कनाडा 40 राजनयिकों को वापस बुला ले : भारत

**नई दिल्ली।** कनाडा और भारत के बीच खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कड़वाहट बढ़ती जा रही है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद से भारत भी लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में अब भारत ने कनाडा से कहा है कि वह अपने 4 राजनयिकों को 1 अक्टूबर तक भारत से वापस बुला ले। साथ ही चेतावनी दी कि अगर तय समय में उन्हें वापस नहीं बुलाया गया तो उनकी राजनयिक छूट खत्म कर दी जाएगी।

### नायडू को राहत नहीं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने आंध्र प्रदेश में कौशल विकास केंद्रों की स्थापना में कथित घोटाले से संबंधित एक मामले में पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को तत्काल राहत देने की उनकी गुहार ठुकराते हुए मंगलवार को कहा वह इस मामले से उच्च न्यायालय में पेश दस्तावेज प्राप्त राज्य सरकार से होने के बाद नौ अक्टूबर को इस पर विचार करेगा।

# रायगढ़ में भरोसे का सम्मेलन में शामिल होने आज आएंगे खड़गे



**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधान सभा चुनाव के मद्देनजर दिग्गज नेताओं का प्रदेश दौरा जारी है। इसी कड़ी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 4 अक्टूबर को दौरे पर आ रहे हैं। वे यहां रायगढ़ जिले के कोंड़ातराई में आयोजित 'भरोसे का सम्मेलन' को संबोधित करेंगे। खड़गे का बीते 2 महीनों के भीतर यह चौथा दौरा है। इससे पहले वे जांजगीर-चांपा जिला में आयोजित भरोसे का सम्मेलन में शामिल हुए थे। इसके बाद राजनांदगांव और फिर बलौदाबाजार-भाटापारा जिला में कार्यक्रम में शामिल हुए थे। श्री खड़गे विशेष विमान से सुबह 11 बजे दिल्ली से उड़ान भरेंगे। दोपहर 12:30 बजे रायगढ़ पहुचेगे। रायगढ़ से हेलीकॉप्टर के जरिए कार्यक्रम स्थल कोंड़ातराई के लिए रवाना होंगे। कोंड़ातराई में दोपहर 1 बजे से साढ़े 3 बजे तक कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

कार्यक्रम के बाद खड़गे हेलीकॉप्टर से रायगढ़ एयर स्ट्रीप लौटेंगे और वहां से साढ़े 5 बजे दिल्ली के लिए रवाना होंगे। रायगढ़ में आयोजित 'भरोसे का समेलन' के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायगढ़ जिले के लिए कई सौगातों की घोषणा भी करेंगे। सभा स्थल पर पिछले चार साल के दौरान कांग्रेस की उपलब्धियों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस कार्यक्रम में प्रदेश स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के नेता भी शामिल होंगे।

# दिल्ली में न्यूजक्लिक का दफ्तर सील

## पत्रकारों से घंटों की गई पूछताछ, 30 से ज्यादा स्थानों पर रेड की गई

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल के अधिकारियों ने यहां के 'न्यूजक्लिक' कार्यालय को सील कर दिया और पत्रकार उर्मिलेश, औनिंद्यो चक्रवर्ती, अभिसार शर्मा, परंजय गुहा ठाकुरता समेत इतिहासकार सोहेल हाशमी से घंटों तक पूछताछ की, लेकिन शाम को उन्हें रिहा कर दिया। सूत्रों के अनुसार, लोधी कॉलोनी में स्पेशल सेल पुलिस स्टेशन में पूछताछ के दौरान पुलिस ने उन्हें 25 सवालों की सूची सौंपी, जिसमें विभिन्न विषय, जैसे उनकी अंतर्राष्ट्रीय यात्राएं, दिल्ली के शाहीनबाग में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शन व किसान आंदोलन में भागीदारी वगैरह शामिल थे। मुख्य रूप से दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र पर केंद्रित तलाशी के दौरान फिलहाल कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। एक अन्य घटनाक्रम में, संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ को फोरेंसिक टीम की मौजूदगी में पोर्टल के दक्षिणी दिल्ली कार्यालय में लाया गया। सूत्र बताते हैं कि न्यूजक्लिक से जुड़े विभिन्न स्थानों पर ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



- **दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने की पूछताछ**
- **उर्मिलेश, औनिंद्यो, अभिसार, परंजय गुहा शामिल**

### जाति जनगणना ने उड़ा दी मोदी की नींद : कांग्रेस

कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि बिहार में जाति जनगणना के आंकड़े सामने आने के बाद अब देश में यह मांग जोर पकड़ने लगी है और इस चौंकाने वाले आंकड़े ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नींद उड़ा दी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा, कल जब से बिहार के जाति जनगणना के चौंका देने वाले आंकड़े सामने आए हैं, पूरे देश में जाति जनगणना की माँग ज़ोर पकड़ रही है। मोदी साहिब की नींद उड़ी हुई है। जब पाठ्यक्रम के बाहर का कोई सवाल ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# एनडीए में शामिल होना चाहते थे केसीआरः मोदी

**निजामाबाद** (तेलंगाना), 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दावा किया कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने उनसे भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल करने का अनुरोध किया था, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया। एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बीआरएस प्रमुख ने ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) चुनाव के बाद उनसे मुलाकात की थी। बीआरएस नगर निकाय में बहुमत हासिल करने में विफल रही थी जबकि भाजपा ने 48 सीटें जीती थीं। मोदी ने कहा कि उन्होंने केसीआर से कहा कि बीआरएस को एनडीए में शामिल करने के बजाय भाजपा विपक्ष में बैठना पसंद करेगी। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि केसीआर ने उनसे दोबारा मुलाकात कर कहा था कि वह सत्ता की बागडोर अपने बेटे केटीआर को सौंपना चाहते हैं। मोदी ने दावा किया, उन्होंने मुझसे केटीआर को आशीर्वाद देने का अनुरोध किया। मैंने उनसे पूछा कि क्या आप राजा महाराजा हैं? यह लोकतंत्र है और लोग तय करेंगे कि किसका शासन होना चाहिए। आखिरी बार वो मुझसे मिले थे।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा बिहार जाति जनगणना मामला

- **6 अक्टूबर को होगी सर्वोच्च अदालत में सुनवाई**
- **रिपोर्ट को सार्वजनिक करने पर जताई गई आपत्ति**

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के पहले गांधी जयंती के दिन बिहार सरकार ने जाति जनगणना के आंकड़े जारी कर दिए। इसके बाद राजनीति भी तेज हो गई है। राजद-जदयू की सरकार इसे मास्टरस्ट्रोक बता रही है वहीं भाजपा का कहना है कि यह आधी-अधूरी रिपोर्ट है। राजनीतिक सरगर्मी के बीच जाति जनगणना वाला मामला अब सप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। दो गैर-सरकारी संगठन यूथ फॉर इक्वैलिटी और सोच एक प्रयास ने इस बाबत सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। देश की सर्वोच्च अदालत इसपर 6 अक्टूबर को सुनवाई करेगी। उससे पहले अदालत ने कोई बयान नहीं दिया है। असल में बिहार सरकार ने जाति जनगणना की रिपोर्ट न जारी करने का आश्वासन दिया था। दोनों एनजीओ यूथ फॉर इक्वैलिटी और सोच एक प्रयास ने इन आंकड़ों को जारी न करने के लिए कोर्ट से गुहार लगाई थी। तब हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इसपर कोई भी आदेश ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### नीतीश की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक, विपक्षी दलों ने गिनाई खामियां

जातीय गणना के आंकड़े जारी होने के बाद मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। इस बैठक में नौ दलों को बुलाया गया था। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सीएम सचिवालय में बैठक हुई। बैठक में जाति आधारित गणना के आंकड़ों पर चर्चा हुई है, वहीं, बीजेपी के नेता और 'हम' संयोजक जीतन राम मांझी ने मौजूदा जाति आधारित गणना में कई खामियों को सरकार के सामने रखा, जिस पर मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लेते हुए सम्बंधित अधिकारी को उसे दूर करने की बात कही।

# कश्मीर में विदेशी आतंकी बने खतरा 150 से ज्यादा आतंकवादी सक्रिय

**जम्मू,** 3 अक्तूबर (देशबन्धु)। कश्मीर में इस साल अभी तक 40 से ज्यादा विदेशी आतंकियों के मारे जाने के बावजूद वे शांति के लिए खतरा बने हुए हैं क्योंकि बताया जा रहा है 150 से ज्यादा अभी भी कश्मीर में एक्टिव हैं। इन विदेशी आतंकियों के प्रति सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर वे कहां से आ रहे हैं जबकि सेना कहती है कि घुसपैठ पूरी तरह से रोक दी गई है। जबकि पुलिस दावा करती थी कि घुसपैठ में सिर्फ कमी आई है। पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह की स्वीकारोक्ति है कि कश्मीर में विदेशी आतंकियों की संख्या अभी भी चिंताजनक है। पर वे इस सवाल का जवाब नहीं दे पाते थे कि आखिर वे कहां से आ रहे हैं। दरअसल एलओसी के उन घुसपैठ के रास्तों को पूरी तरह से पाट पाना असंभव ही है जो गहरी खाईयों और नदियों से गुजरते हैं तथा जहां बर्फबारी हमेशा ही तारबंदी को नुक्सान पहुंचा रही है। ऐसे में सेना के दावों पर पर भी प्रश्नचिन्ह लगता था जिसमें अक्सर कहा जा रहा है कि उस पार से घुसपैठ शून्य हो चुकी है। हालांकि उस पार से आने वाले अधिकतर घुसपैठियों को अब तारबंदी को पार करने से पहले ही मार गिराने में अत्याधुनिक उपकरण कामयाबी दिला रहे हैं। फिलहाल इसके प्रति कोई ठोस जानकारी नहीं है कि कितने विदेशी आतंकी कश्मीर में एक्टिव है।

**सम्मान** | पियरे एगोस्टिनी, फेरेंक क्रॉस्ज व ऐनी एल हुइलियर को पुरस्कार के लिए चुना

# तीन वैज्ञानिकों को 2023 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार

- **इलेक्ट्रॉनों की गतिशीलता का अध्ययन करने का तरीका किया विकसित**

**स्टॉकहोम, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भौतिकी में 2023 का नोबेल पुरस्कार पियरे एगोस्टिनी, फेरेंक क्रॉस्ज और ऐनी एल हुइलियर को प्रदान किया गया है। पदार्थ में इलेक्ट्रॉनों की गतिशीलता का अध्ययन करने के तरीके विकसित करने के लिए इन वैज्ञानिकों को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया है।**

*नोबेल समिति ने एक्स पर कहा, रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने पदार्थ में इलेक्ट्रॉन गतिशीलता के अध्ययन के लिए प्रकाश के एटोसेकंड पल्स उत्पन्न करने वाले प्रयोगात्मक तरीकों के लिए पियरे एगोस्टिनी, फेरेंक क्रूज और ऐनी एल हुइलियर को भौतिकी में 2023 का नोबेल पुरस्कार देने का फैसला किया है। 'पदार्थ में इलेक्ट्रॉन गतिशीलता के अध्ययन के लिए प्रकाश के एटोसेकंड पल्स उत्पन्न करने के प्रायोगिक तरीकों' के लिए यह पुरस्कार इन वैज्ञानिकों को दिया जाएगा। इस पुरस्कार के तहत दी जाने वाली राशि इस साल बढ़ाकर 1.1 करोड़ स्वीडिश क्राउन (करीब 10 लाख अमेरिकी डॉलर) कर दी गई है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज की ओर से प्रदान किया जाता है। यह इस सप्ताह यह दूसरा नोबेल पुरस्कार घोषित किया गया है।*



*चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार काटालिन कारिको और ड्रयू वीसमैन को एमआरएनए कोविड-19 टीकों के विकास में योगदान के लिए देने की घोषणा सोमवार को की गई थी। हंगरी के वैज्ञानिक कैटालिन कारिको और अमेरिकी सहयोगी ड्रयू वीसमैन को एमआरएनए मॉलीक्यूल की खोज के लिए पुरस्कार जीता है।*

***अब तक भौतिकी में 116 नोबेल पुरस्कार दिए गए***

*वर्ष 1901 से अब तक भौतिकी में 116 नोबेल पुरस्कार दिए गए हैं। इनमें चार महिलाएं शामिल हैं। वर्ष 1903 में मैरी क्यूरी, 1963 में मारिया गोपेर्ट मेयर, 2018 में डोना स्ट्रिकलैंड और 2020 में आंद्रिया घेज को नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।*

*नोबेल पुरस्कार डायनामाइट के आविष्कारक और व्यवसायी अल्फ्रेड नोबेल की वसीयत के तहत स्थापित पुरस्कार है। यह पुरस्कार विज्ञान, साहित्य और शांति लाने के लिए हासिल की गई उपलब्धियों के लिए 1901 से निरंतर प्रदान किए जा रहे हैं। यह दुनिया भर में वैज्ञानिकों के लिए सर्वोच्च सम्मान है।*

# साप्ताहिक कोटमी बाजार व सकोला-कोटमी बस स्टैंड में कीचड़ ,गंदगी,सड़ांध से नागरिक परेशान

## जिम्मेदारों को जगाने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सकोला की छात्राओं ने निकाली स्वच्छता रैली

### साप्ताहिक कोटमी बाजार में व्यापारियों एवं ग्रामीणों के लिए नहीं है कोई सुविधा, ना शेड, ना सीमेंट सड़क और ना ही नागरिक सुविधा

### चारों ओर कीचड़ एवं गंदगी का साम्राज्य





**गौरेला पेंड्रा मरवाही** ( देशबंधु) आदिवासी अंचल गौरेला पेंड्रा मरवाही में मंगलवार भरने वाले साप्ताहिक कोटमी बाजार एवं सकोला -कोटमी बस स्टैंड में कीचड़ गंदगी एवं सड़ांध को देखते हुए जिम्मेदारों को जगाने स्कूल की छात्राओं ने स्वच्छता सप्ताह के तहत स्वच्छता रैली का आयोजन किया एवं बाजार तथा ग्राम का भ्रमण करते हुए स्वच्छता नारों के साथ लोगों को जागरूक किया।

साप्ताहिक कोटमी बाजार जिले का सीमावर्ती सबसे बड़ा साप्ताहिक बाजार है। जहां कोरिया एवं कोरबा जिले के मातिन क्षेत्र के गांव सहित लगभग डेढ़ सौ गांवों के व्यापारी ग्रामीण नागरिक अपनी जरूरत का सामान बचने एवं खरीदने आते हैं। सब्जी के मामले में यह साप्ताहिक बाजार जिले का सबसे बड़ा बाजार माना जाता है , इसके बावजूद इस साप्ताहिक बाजार में चारों ओर गंदगी कीचड़ एवं सड़ांध फैली हुई है। लगभग एक वर्ग किलोमीटर में फैले इस साप्ताहिक बाजार में ग्रामीण अपनी जरूरत के लिए पहुंचते हैं परंतु साप्ताहिक बाजार की अव्यवस्था देखकर लोग दुखी हो जाते हैं। जहां एक और बाजार में चारों ओर बेजा कब्जा बढ़ रहा है वहीं इस महत्वपूर्ण साप्ताहिक बाजार में व्यवस्थित रूप से ना ही बाजार सेट बनाए गए हैं और ना ही सीमेंट सड़क बनाई गई है वहीं बाजार में ना तो उचित सामुदायिक शौचालय की व्यवस्था है और ना ही पेयजल की। स्थिति यह है कि बीते 4 महीने से हो रही बारिश का पानी बाजार में भरता है जिससे चारों ओर कीचड़ एवं गंदगी पसरी हुई है पानी की उचित निकास की व्यवस्था नहीं है और नहीं साफ सफाई का उचित प्रबंध। उसके बाद स्थिति यह है कि सामग्री बेचने आए दुकानदारों से तथा सब्जी विक्रेताओं से कहीं पर ग्राम पंचायत कोटमी द्वारा नियुक्त ठेकेदार एवं कहीं पर अनाधिकृत रूप से लोग वसूली करते हैं, बदले में दुकानदारों एवं उपभोक्ताओं को किसी भी तरह की जन सुविधा उपलब्ध नहीं है। कोटमी साप्ताहिक बाजार एवं बस स्टैंड में व्याप्त गंदगी कीचड़ एवं सड़ांध को देखते हुए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सकोला की छात्राओं ने स्वच्छता सप्ताह के तहत जिम्मेदारों को जगाने एवं जन समुदाय को जागृत करने के उद्देश्य से एक स्वच्छता रैली का आयोजन किया एवं नारे लगाते हुए ग्राम एवं बाजार का भ्रमण कर स्वच्छता की अपील की। छात्राओं की इस रैली को नागरिकों का भी समर्थन प्राप्त हुआ। दरअसल अंचल के सबसे बड़े कोटमी बाजार में एवं बस स्टैंड कोटमी में जिस तरह गंदगी कीचड़ का साम्राज्य है उसे बाजार आने वाले ग्रामीण काफी खिन्न रहते हैं और ऐसे में जब छात्राओं ने स्वच्छता रैली निकाली तो ग्रामीणों ने छात्राओं का स्वाभाविक रूप से समर्थन किया।

# पेंड्रा को नगर पालिका परिषद उन्नयन किए जाने पर सामान्य सभा की बैठक में धन्यवाद ज्ञापित



**गौरेला पेण्ड्रा मरवाही** (देशबन्धु) 3 अक्टूबर। नगर पंचायत पेण्ड्रा को नगर पालिका परिषद के रूप में उन्नयन किए जाने पर सामान्य सभा की बैठक में धन्यवाद ज्ञापित किया गया है। अध्यक्ष राकेश जालान की अध्यक्षता में आज पहली बार परिषद के सामान्य सभा का आयोजन किया गया। सभा में पदाधिकारियों ने उन्नयन होने पर प्रसन्नता जाहिर किया और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया, जिले के प्रभारी एवं राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुये धन्यवाद ज्ञापित किया। सभा में सरदार इकबाल सिंह, अरुणा जायसवाल, जयदत्त तिवारी, सुनीता राठौर, प्रेमवती कोल, निर्माण जायसवाल, पारस चौधरी, शकुंतला जायसवाल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी कन्हैयालाल निर्मलकर, उपअभियंता श्री स्वप्निल मिश्रा उपस्थित थे।

## कच्ची शराब की बिक्री करने वाला पकड़ाया

**तखतपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे कच्ची महुआ शराब को पुलिस ने जप्त करते हुए आबकारी अधिनियम 34, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि समडील निवासी सतीश भारद्वाज अपने दुकान में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री के लिए रखा हुआ है सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर आरोपी के दुकान से 22 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया।

**प्रथम पृष्ठ का शेष...**

**कोई आकंठ भ्रष्टाचारी मोदी से...**

दंतेवाड़ा में एजुकेशन सिटी बनाई। कांगेस की तुलना में भाजपा की सरकार आदिवासी पांच गुना ज्यादा बजट देती है। मेरे परिवार जनों यहां आज आधुनिक स्टील प्लांट का लोकार्पण हो रहा है आपको गर्व हो रहा है कि नहीं। कांग्रेस को इससे तकलीफ हो रही है। इस कार्यक्रम में ना मुख्यमंत्री आए ना उपमुख्यमंत्री आए इनको तकलीफ है यहां से उनकी सरकार जा रही है इसलिए वो मोदी के सामने नहीं आना चाहते हैं। उन्होंने बस्तर महाराज प्रवीर चंद्र भंजदेव के द्वारा बस्तर के विकास के लिए किए गए कार्यों को लेकर उनका स्मरण किया। श्री मोदी ने कहा कि स्टील के इस कारखाने की मांग बलिराम कश्यप के समय से हो रही है। कांग्रेस ने लंबे समय तक कच्चा माल विदेश भेजा और इसी कच्चे माल से बना महंगा समान महंगे दाम पर खरीदा।

**छत्तीसगढ़ बीजेपी के चुनावी नारे और नहीं साहिबो, बदल के रहिबो का किया उद्धघोष**

जगदलपुर में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विकास या तो कांग्रेस के पोस्टर-बैनर में दिखता है या यहां के नेताओं की तिजोरी में दिखता है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को अगर कुछ दिया है तो वह है झूठा प्रचार और घोटालेबाज सरकार ।इसलिए आज छत्तीसदढ़ के कोने-कोने से आवाज़ आ रही है- और नहीं साहिबो, बदल के रहिबो।

**कांग्रेस की तुलना में भाजपा सरकार ने आदिवासियों के विकास के लिए पांच गुना ज्यादा बजट किया प्रदान**

जगदलपुर में पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की तुलना में भाजपा सरकार पांच गुना ज्यादा बजट देती है। भाजपा सरकार ने ही 15 नवंबर यानी भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन को जनजातीय दिवस घोषित किया। हमने जनजातीय वर्ग के छात्रों को दी जा रही छात्रवृत्ति को भी ढाई गुना कर दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि यहां के वनोपज को हमने ज्यादा दामो में खरीदना शुरू किया। 90 वनोपजों को एमपीएस में लेना शुरू किया। कांगेस के लोगों ने यहां इसका भी घोटाला किया। पहले ये लोग नमक के बदले वनोपज खरीद कर आदिवासी भाई-बहन को ठगने का काम करते थे। कांग्रेस को छत्तीसगढ़ की परवाह नहीं है।

**सरकारी कार्यक्रम में कांग्रेस सरकार के नेताओं के न आने पर प्रधानमंत्री का तंज कोई आकंठ भ्रष्टाचारी मोदी से आंख नहीं मिला सकता**

जगदलपुर में पीएम मोदी ने कहा कि आज यहां बहुत बड़े और देश के आधुनिकतम स्टील कारखाने का लोकार्पण हुआ है। इतना बड़ा कार्यक्रम था लेकिन छत्तीसगढ़ के एक भी मंत्री, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री नहीं आए। इनके न आने के पीछे दो कारण है। एक तो उन्हें अपनी सरकार जाने की इतनी चिंता है कि उनके पास यहां आने का समय नहीं है, सरकार बचाने में लगे हैं और दूसरा उन्हें पता है कि कोई आकंठ भ्रष्टाचारी मोदी से आंख नहीं मिला सकता है।

**धान की खरीदी पर कांग्रेस पर लगाया झूठ बोलने का आरोप**

पीएम मोदी ने हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस धान की कीमत के नाम पर झूठ बोल रही है। छत्तीसगढ़ के किसानों का दाना-दाना धान मोदी सरकार खरीदती है। आपका सपना ही मोदी का संकल्प है। आज आयुष्मान भारत के तहत बस्तर समेत अन्य जगहों में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर शुरू किया जो पहली बार वोट डालने जा रहे। उन्हें एक बात जननी चाहिए कि पहले की कांग्रेस सरकार के घोटाले की चर्चा होती थी अब देश के गौरव की चर्चा विदेशों में होती है।

**मोदी को सुनने उमड़ा जनसैलाब ,सड़कें जाम**

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुनने बस्तर संभाग से आम लोग और बीजेपी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जगदलपुर पहुंचे थे ,जिसकी वजह से आम सभा का पंडाल पूरी तरह भर चुका था और लोगों से पूरा लालबाग मैदान ,डेढ़ लाख की क्षमता वाले इस मैदान में 2 लाख से ज्यादा लोग मौजूद थे। मैदान में जगह न होने की वजह से लोगों ने सड़कों पर खड़े होकर सुना प्रधानमंत्री का भाषण । आमसभा को बस्तर की जनता का प्रतिसाद देखकर बस्तर और प्रदेश बीजेपी के नेता गदगद नजर आए।

**स्वेच्छा से लोग प्रतिष्ठान बंद कर पहुंचे प्रधानमंत्री की आम सभा पर,1 लाख से भी अधिक की भीड़ जुटी आमसभा में**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जगदलपुर आगमन पर कांग्रेस के द्वारा नगरनार इस्पात संयंत्र के निजीकरण के विरोध में बस्तर बैंड का आह्वान किया था। शायद कांग्रेस के मंशा थी कि बस्तर बनाकर चलते लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आमसभा में नहीं पहुंचेंगे लेकिन उसका यह दांव बिल्कुल ही उल्टा नजर आया। कई व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे वहीं कुछ व्यावसायिक संगठनों ने अपने दुकान के शटर पर अवकाश का स्टीकर चश्मा करते हुए लिखा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर आयोजित आमसभा में सम्मिलित होने के लिए प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद रखा गया है। शहर की तो यह हालत थी वही गांव से ग्रामीण भी काफी संख्या में आमसभा स्थल पर पहुंचे। जो मजदूर वर्ग के धमाल कार्य करने वाले अन्य मजदूरी करने वाले भी उनको उनके काम बंद रहने के चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आमसभा का रूख करते नजर आए। यही कारण है कि सभी स्थल और उसके आसपास एक लाख से भी अधिक लोगों की भीड़ एकत्रित नजर आई।

**प्रधानमंत्री ने नगरनार इस्पात संयंत्र राष्ट्र को...**

सहित आसपास के इलाकों के करीब करीब 50 हजार नौजवानों को रोजगार मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार बस्तर जैसे आकांक्षी जिले को जिस प्रकार प्राथमिकता दे रही है, उस मिशन को भी यह स्टील प्लांट नई गति देगा मैं इसके लिए बस्तर के छत्तीसगढ़ के नौजवानों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। 9 वर्षों में केंद्र सरकार का विशेष फोकस कनेक्टिविटी पर रहा है। छत्तीसगढ़ को भी इकोनामिक कॉरिडोर और आधुनिक हाईवे मिले हैं। 2014 से पहले की तुलना में छत्तीसगढ़ का रेल बजट करीब करीब 20 गुना बढ़ाया गया है। आज राज्य में रेलवे की कई बड़ी-बड़ी परियोजनाएं चल रही हैं। आजादी के बाद इतने वर्षों में भी अब तक छत्तीसगढ़ के ताड़ोकी को रेलवे के नक्शे में जगह नहीं मिली थी। आज ताड़ोकी को नई ट्रेन की शुरुआत मिली है। आदिवासी साथियों को सुविधा भी मिलेगी और खेती किसानी से लेकर वन उत्पादों का भी परिवहन आसान हो जाएगा। रायपुर तक डेमू ट्रेन से आना जाना आसान हो जाएगा। जगदलपुर दंतेवाड़ा रेल लाइन दोहरीकरण से आवागमन भी आसान होगा और उद्योगों की कास्ट भी कम होगी। रेलवे की सारी परियोजनाएं इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में रोजगार के नए अवसर भी बढ़ाएंगी। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है छत्तीसगढ़ में रेलवे ट्रैक के शत प्रतिशत विद्युतीकरण का काम पूरा कर लिया गया है। इससे रेल की स्पीड भी बढ़ेगी और छत्तीसगढ़ की हवा को साफ सुथरा करने में भी मदद मिलेगी। छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क के पूरी तरह विद्युतीकरण के बाद राज्य में वंदे भारत एक्सप्रेस का भी संचालन किया जा रहा है। आने वाले वर्षों में भारत सरकार छत्तीसगढ़ के रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प करने जा रही है अमृत भारत योजना के तहत चयनित किया गया है। स्टेशनों के विकास का शिलान्यास किया जा चुका है। बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग स्टेशन के साथ ही आज जगदलपुर स्टेशन का नाम भी इसी सूची में जुड़ गया है। आने वाले दिनों में जगदलपुर स्टेशन शहर का प्रमुख केंद्र बनेगा और यहां पर यात्री सुविधाओं को उन्नत बनाया जाएगा। बीते 9 वर्षों में राज्य के स्टेशनों पर मुफ्त वाईफाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। छत्तीसगढ़ की जनता, हर बहन बेटी और नवजवान के जीवन को सुगम बनाने के लिए भारत सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। आज जिन परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है, उन से छत्तीसगढ़ में प्रगति की गति तेज होगी। रोजगार के नए अवसर बनेंगे और नए उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा। मैं विश्वास दिलाना चाहता हूं कि आगे भी हम इसी गति से निरंतर छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ाते रहेंगे। भारत का भाग्य बदलने में छत्तीसगढ़ बहुत बड़ी भूमिका अदा करेगा। लोकार्पण -शिलान्यास कार्यक्रम में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन, सांसद अरुण साव, मोहन मण्डावी भी उपस्थित रहे।

**आप पार्टी के सभी प्रमुख पदाधिकारी ...**

की प्रदेश प्रवक्ता तरुणा साबे बेदरकर के द्वारा नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण के विरोध में सर्व आदिवासी समाज और ओबीसी समाज के द्वारा किये जा रहे रैली और बन्द का समर्थन किया गया था। प्रधानमंत्री की जन सभा पूर्व सुबह 7.30 बजे प्रदेश प्रवक्ता तरुणा साबे बेदरकर को उनके निवास स्थान से पुलिस बल ने गिरफ्तार कर लिया। उन्हें परपा थाने में नजर बन्द कर 3 घण्टे रखा गया, साथ ही साथ 9 बजे तक पार्टी के सभी प्रमुख पदाधिकारियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार होने वाले पदाधिकारियों में लोकसभा अध्यक्ष समीर खान, जिलाध्यक्ष नरेंद्र भवानी, जिला सचिव जगमोहन बघेल, युवा इकाई के जिला अध्यक्ष शुभम सिंह, बिजापुर जिलाध्यक्ष अनिल दुर्गम और अन्य लोगों को घर से ही गिरफ्तार करके परपा थाना लाकर कैद कर रखा गया। कुछ घंटे बाद परपा थाना में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता जमा होने लगे जिसके बाद कार्यकर्ताओं की मौजूदगी देखकर जगदलपुर से 40 किलोमीटर दूर लोहंडीगुड़ा थाना ले जाकर सभी पदाधिकारियों को दोपहर 3 बजे तक कैद करके रखा।

**ईडी-आईटी वाले गली-गली घूम रहे तो...**

बयान पर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मणिपुर के बारे में कुछ नहीं बोलेंगे? आदिवासी को मारा जा रहा है, बेटियों को निर्वस्त्र घुमाया जा रहे हैं, वहां के बारे में नहीं बोलेंगे? भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल से तुलना कर लें।15 साल सरकार रही है कितनी आदिवासियों को नक्सली बताकर जेल में ठूंस दिया गया। कितने लोगों को फर्जी एनकाउंटर पर मारा गया, यह बताने की जरूरत है क्या? उन्होंने कहा कि आज बस्तर में शांति है, बस्तर शांति की ओर लौट रहा है।नक्सली बहुत पीछे चले गए. आज उतना दहशत नहीं है जो उनके शासनकाल में थी। आज आराम से सब लोग छत्तीसगढ़ में देर रात तक परिवार के साथ घूम पाते हैं।कितनी बेटियां-बहने झांकी देखने आए। रात तक सड़कों पर घूमते रहे. यह लोगों का विश्वास है, घटनाएं कई जगह घटती हैं पुलिस तुरंत कार्रवाई करती है,इनके जैसे नहीं।भाजपाके लोगों के लिए अलग कानून, आम जनता के लिए अलग कानून। प्रधानमंत्री का बयान विकास कांग्रेस के तिजोरियों में दिखता है, इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 1,75,000 करोड़ रुपए बटन दबाकर सीधे खाते में गया है। रमन सिंह जैसे नहीं, उन्होंने कहा था एक साल कमीशनखोरी बंद कर दो, यदि मोदी जी रमन सिंह की बात नहीं सुन पाए तो वीडियो क्लिप भेज देंगे पीएससी मामले में प्रधानमंत्री मोदी का बयान हमारी सरकार आई तो आरोपी जेल की सलाखों में जाएगा। इस पर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि रमन सरकार के कार्यकाल में गड़बड़ी पर तो पहले कार्रवाई कर लें। डोंगरे ने जो कोर्ट में फाइल किया था क्यों सुप्रीम कोर्ट गया? आरोपी यह बताएं। प्रधानमंत्री ने 2014 में धमतरी में कहा था कि सरकार बनते ही 15 दिन के भीतर झीरम घाटी के आरोपी जेल के पीछे होंगे। कोर्ट के आदेश के बाद भी अभी तक पूछताछ क्यों नहीं की? गणपति से पूछताछ क्यों नहीं की थी? केंद्र सरकार सरेंडर करने के बाद नौकरी तो नहीं दे दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 साल तो उनकी सरकार थी, बल्कि हमारी सरकार में रॉयल्टी बढ़ी है। हमने रॉयल्टी बढ़ाया है। हमको ज्यादा पैसा मिला है, उनके शासनकाल से 13,000 करोड़ ज्यादा मिला है.। गड़बड़ी है तो उनके शासनकाल में हुई, राजनांदगांव जिला से आयरन की ट्रक भर-भर के रायपुर आई थी, रमन सिंह के शासनकाल में। आज सब बंद है. उनके शासनकाल में यात्री ट्रेनें बंद हैं, सामान ढुलाने वाली ट्रेन राइट टाइम चल रही हैं।प्रधानमंत्री बिलासपुर आए थे, अभी जगदलपुर में हैं बताएं यात्री ट्रेन क्यों बंद हो रहा है?

**शांतिपूर्वक किया बस्तर बंद**

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि नगरनार प्लांट के लिए जमीन तो हम लोगों ने उपलब्ध कराया, एनएनडीसी के लिए प्लांट लगा, प्लांट शुरू होने से पहले ही इसे डिसइन्वेस्टमेंट की लिस्ट में डाल दिया गया। यह कौन सी बात है? प्लांट शुरू नहीं हुआ उसे बेचने की प्लानिंग कर रहे हैं, हम एक ही आश्वासन चाह रहे थे यह जो संयंत्र है वह बिकेगा नहीं, निजी हाथों में मांग केवल इतना ही है, इसलिए शांतिपूर्वक बस्तर बंद किया। हमने न चक्काजाम किया, ना रोका. शांतिपूर्वक बस्तर बंद का आह्वान किया है, इसमें हम सफल रहे।प्रधानमंत्री आए और पूरा बस्तर बंद रहा है इस प्रकार की घटना देश में पहली बार आई।

**स्पष्ट करें नहीं बचेंगे स्टील प्लांट**

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि नगरनार स्टील प्लांट का मालिक किसी को नहीं बनने देंगे। स्पष्ट क्यों नहीं कर रहे हैं कि हम निजी हाथों में नहीं बेचेंगे। एनएमडीसी लोहा खोदने वाली कंपनी है, वह नहीं चला सकती तो स्टील प्लांट चलाने सेल को सौंप दें।

**दिल्ली में न्यूजक्लिक का दफ्तर...**

तलाशी 17 अगस्त को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153 ए (शत्रुता को बढ़ावा देना) और धारा 120बी (आपराधिक साजिश) सहित अन्य धाराओं के तहत दर्ज एक मामले के आधार पर की गई। एक सूत्र ने बताया कि एफआईआर में यूएपीए की धारा 16 (आतंकवादी अधिनियम), धारा 17 (आतंकवादी कृत्यों के लिए धन जुटाना), धारा 18 (साजिश) और धारा 22 सी (कंपनियों द्वारा अपराध) लागू की गई है। 30 से ज्यादा स्थानों पर यह रेड की गई। इनमें से कई पत्रकारों ने ट्वीट कर बताया है कि पुलिस ने उनके घरों में रेड डाली है और उनके मोबाइल फोन और लैपटॉप जब्त कर लिए हैं।

**प्रेस क्लब ऑफ इंडिया ने जताई चिंता**

प्रेस क्लब ऑफ इंडिया (पीसीआई) ने एक्स के जरिए कहा कि वह न्यूजक्लिक से जुड़े पत्रकारों एवं लेखकों के घरों पर छापेमारी को लेकर बहुत चिंतित है। उसने कहा, ''प्रेस क्लब ऑफ इंडिया न्यूजक्लिक से जुड़े पत्रकारों और लेखकों के घरों पर की गई छापेमारी से बेहद चिंतित हैद्ध हम घटनाक्रम पर नजर रखे हुए हैं।

**न्यूजक्लिक पर क्या है आरोप**

न्यूजक्लिक पर चीन के समर्थन में प्रचार करने के लिए धन लेने का आरोप लगाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई। यह वेबसाइट भारत में चीन समर्थक प्रचार के लिए अमेरिकी करोड़पति नेविले रॉय सिंघम से कथित तौर पर धन प्राप्त करने को लेकर हाल में सुर्खियों में आई थी।

**जाति जनगणना ने उड़ा दी ...**

खड़ा हो जाता है तो मोदी जी के पाठ्यक्रम का एक देखा भाला अस्त्र बाहर ले आया जाता है – मुद्दे से लोगों का ध्यान बंटाने का अस्त्र।' उन्होंने कहा आज सुबह से न्यूजक्लिक के योगदानकर्ता पत्रकारों के खिलाफ हो रही कार्रवाई इसी पाठ्यक्रम का हिस्सा है।

**सुप्रीम कोर्ट पहुंचा बिहार जाति जनगणना...**

नहीं दिया था। अब चूंकि रिपोर्ट पब्लिक कर दी गई है ऐसे में एक बार फिर यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। पटना हाईकोर्ट ने बिहार में जाति आधारित जनगणना की इजाजत दे दी थी। इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की गई हैं। सुप्रीम कोर्ट में अब इस मामले की सुनवाई जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच करेगी। दायर याचिका में कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट में इस बाबत मामला लंबित होने के बावजूद रिपोर्ट पब्लिक क्यों की गई? अब इसपर 6 अक्टूबर को सुनवाई होगी लेकिन उससे पहले कोर्ट ने कोई बयान नहीं दिया है।

**जाति जनगणना की रिपोर्ट में क्या बताया गया**

गांधी जयंती के अवसर पर बिहार सरकार की ओर से जारी जाति आधारित जनगणना के अनुसार, प्रदेश में 13 करोड़ की आबादी है। इसमें 36 फीसदी अत्यंत पिछड़ा वर्ग, 27 फीसदी पिछड़ा वर्ग, 19.7 फीसदी अनुसूचित जाति और 1.7 फीसदी अनुसूचित जनजाति हैं। जनरल कैटगरी की जनसंख्या 15.5 फीसदी है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि यादव ओबीसी समूह बिहार की कुल आबादी का 14.27 फीसदी है। यह बिहार का सबसे बड़ा जनसंख्या समूह है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत तेन्दुआ जनपंचायत नवागढ़, जिला जांजगीर–चाम्पा (छ.ग.)**
दिनांक 03.10.2023

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत तेन्दुआ जनपद पंचायत नवागढ़ जिला– जांजगीर–चांपा की सभी तालाबों को 10वर्षीय पट्टे में दिया जाना है। तालाबों का नाम निम्नलिखित है।

1. जूना तालाब 2. कोठन तालाब
3. सोनाई तालाब 4. पैठू तालाब

आम ईश्तहार प्रकाशित करता हूं कि उक्त सभी तालाबों को 10वर्षीय पट्टे में देने हेतु इच्छुक उम्मीदवार 15 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत में आवेदन जमाकर सकेंगे। नियत तिथि के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

**सचिव**
**ग्राम पंचायत तेंदुआ**
**जनपद पंचायत नवागढ़**
**जिला– जांजगीर– चांपा (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**
**संशोधित निविदा सूचना**

क्र.100/न.पा.नि./स्वा.वि./2023-24 दिनांक 29/09/2023

नगर पालिक निगम (स्वास्थ्य विभाग) बिलासपुर के लिए सफाई सामाग्री क्रय किए जाने हेतु प्रतिष्ठित निर्माता कंपनी या उनके द्वारा अधिकृत डीलर/सप्लायर से सीलबंद निविदा हेतु दिनांक 21.09.2023 को जारी निविदा में आंशिक संशोधन करते हुए पूर्व में जारी निविदा जमा व खोलने की अंतिम तिथि त्रुटिवश 11.09.2023 होने के कारण उक्त तिथि के स्थान पर निविदा जमा व खोलने की अंतिम तिथि 11.10.2023 पढ़ा जावें। शेष नियम व शर्तें यथावत रहेगा।

नगर निगम के विभागीय वेबसाईट www.bilaspurnagernigam.com से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**अपर आयुक्त**
Green City, Clean City, Dream City. नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 2023090/10000005/अ6/ वर्ष 22–23
ग्राम मेण्ड्रा तहसील सकरी
जिला–बिलासपुर छ.ग.

आवेदक आशीष शर्मा पिता स्व. युगल किशोर शर्मा द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रानुसार ग्राम–मेण्ड्रा प.ह.नं 42 तहसील सकरी स्थित भूमि ख.नं. 242/2 रकबा 0.04, ख.नं. 255/2 रकबा 0.06, ख.नं. 263/2 रकबा 0.02, ख.नं. 264/2 रकबा 0.03, ख.नं. 289/1 शा.नं. 289 रकबा 0.46, ख.नं. 291/4 रकबा 0.12 ख.नं. 334/2 शा.नं. 335/2 रकबा 0.23, ख.नं. 462/3 शा.नं. 462/2 रकबा 0.16, रा.पं. 477/7 शा.नं. 478/7 एवं 480/8 रकबा 0.33 ए. भूमि युगल किशोर पिता गेंदराम के नाम पर दर्ज है। माननीय न्यायालय द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश/ राष्ट्रीय लोक अदालत खण्डपीठ क्र.06 बिलासपुर छ.ग.(पीठासीन अधिकारी शैलेष अच्युत पटवर्धन) के प्री.लि. प्रकरण क्र. 2589/2022 में दिनांक 12.03.2022 को पारित अधिनिर्णय/ समझौता आदेश के आधार पर अपने नाम पर दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 04.10.2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 21.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
सकरी

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कोरबा (छ.ग.)

**ई–प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम–आमंत्रण)

निविदा सूचना क्र. 06/ व.ले.लि./ 2023–24 दिनांक – 29–09–2023

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 20–10–2023 समय 17.30 बजे तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :

कार्य का नाम – (सिस्टम निविदा क्रमांक 148672) छुरी जलाशय योजना के पक्के संरचनाओं के पुर्ननिर्माण तथा नहर के जीर्णोद्धार कार्य।

अनुमानित लागत : रू. 293.26 लाख

(टीप:– निविदा जल संसाधन विभाग के एस.ओ.आर. अगस्त 2022 के अनुसार आमंत्रित है।)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई–प्रोक्योरमेंट वेब साईट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 06–10–2023 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोटः निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग,**
**कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील व जिला–बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ 625/ ना.तह./ वाचक/ 2023
बिलासपुर, दिनांक 27/09/2023
पक्षकार– सुनीता पाल वगैरह
विरूद्ध
मनोज कुमार
मौजा– देवरीखुर्द प.ह.नं. 43

ग्राम/ मौजा– देवरीखुर्द प.ह.नं. 43 के सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनीता पाल पति स्व. दिलीप पाल, कृष्ण पाल, शीतल पाल दोनों पिता स्व. दिलीप पाल निवासी–टिकरापारा मन्नू चौक बिलासपुर, तहसील व जिला–बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा मौजा देवरीखुर्द, प.ह.नं. 43 तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 96/6 रकबा 1184 वर्गफुट/ 0.0120 हे. भूमि को आवेदकगण के पिता/पति दिलीप पाल ने पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 29.09.2004 को विक्रेता मनोज कुमार पिता तिलकचंद से क्रय कर अपने नाम पर नामांतरण क्र.50 दिनांक 10.03.2005 को कराया था। वर्तमान में उक्त भूमि खसरा नं. 96/6 रकबा 1184 वर्गफुट/ 0.0120 हे. भूमि राजस्व अभिलेखों में विक्रेता मनोज कुमार पिता तिलकचंद के नाम पर पुनः इन्द्राज हो गया है।

आवेदिका आवेदित भूमि के राजस्व अभिलेख में अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु अंतर्गत भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत् आवेदन पत्र पेश किया गया है, जो न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलासपुर से जाँच हेतु प्राप्त हुआ है।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 11/10/2023 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 27/09/2023 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।,

सील
**नायब तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**NIT NO.- 61/2023-24** (द्वितीय आमंत्रण)

क्रमांक/ 3679/ टेण्डर/ व.ले.लि./ ग्रायांसेवा/ 2023 बिलासपुर, दिनांक 26.09.2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) ''द'' वर्ग एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी दर अनुसूची दिनांक 01.11.2021, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी (सिविल कार्य) दर अनुसूची दिनांक 01.01.2015 तथा विद्युतीकरण हेतु जारी दर अनुसूची दिनांक 01.06.2020 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची मुद्रीत एवं अद्यतन संशोधित दरों पर ऑफलाईन (offline) प्रतिशत दर पर दिनांक 09.10.2023 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. | कार्य का नाम/ स्थान | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | सामाजिक भवन निर्माण (साहू समाज), नेवसा | 18.06 |

**Note -**

01. निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट– 2.10) एवं निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट– 2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cgnic.inre-fworks अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

जी– 05867/1

**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा**
**संभाग बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, रायपुर परिक्षेत्र रायपुर (छ.ग.)**

**ई–प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से प्रपत्र ''ए'' में प्रतिशत दर पर कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्रं. | निविदा आमंत्रण क्र./ दिनांक | सिस्टम नं. | आमंत्रण | जिला | आवर्धन जलप्रदाय योजनाओं का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (रू.लाख में) | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 09/ 29.09.2023 | 148706 | प्रथम | बिलासपुर | उच्च न्यायालय बिलासपुर के फेस–1 एवं फेस–2 | 484.78 | बी एवं उच्च |

Important Events and Time Schedule - Date of calling NIT - 29-09-2023, Bid Start Date- 04-10-2023, pre Bid meeting date -,09-10-2023, Bid Due Date - 24-10-2023, PHY Doc.Submission last Date- 25-10-2023, PQ Document Download Date- 25-10-2023

नोट :– उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तों, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई–प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में उक्त निविदा दिनांक 04.10.2023 से देखी जा सकती है।

जी– 05897/2

**अधीक्षण अभियंता (प्रकोष्ठ प्रभारी)**
**राज्य स्तरीय निविदा प्रकोष्ठ**
**कार्यालय मुख्य अभियंता,**
**लो.स्वा.यां.विभाग, परिक्षेत्र रायपुर (छ.ग.)**

# देश

उवाच

भाजपा ने बिहार में जाति जनगणना कराने में अड़चन डालने की पूरी कोशिश की थी, लेकिन महागठबंधन सरकार के दृढ़ निश्चय ने सभी बाधाओं को दूर कर जाति जनगणना का मार्ग प्रशस्त किया।

–तेजस्वी प्रसाद यादव,बिहार के उप मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 32 | 24 |
| मुंबई | 29 | 26 |
| कोलकाता | 27 | 26 |
| चेन्नई | 32 | 27 |

# भारत की लोकतांत्रिक यात्रा का प्रतीक नवनिर्मित संसद भवन : ओम बिरला

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। डोमिनिकन गणराज्य की उप राष्ट्रपति, महामहिम रकेल पेना रोड्रिग्ज के नेतृत्व में भारत की आधिकारिक यात्रा पर आए

- **डोमिनिकन गणराज्य की उप राष्ट्रपति ने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की**
- **दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 25 साल पूरे होने पर पेना रोड्रिग्ज को दी बधाई**



प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। प्रारंभ में बिरला ने रकेल पेना रोड्रिग्ज और प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया। नवनिर्मित संसद भवन के बारे में बताते हुए बिरला ने कहा कि यह भवन भारत की विविधता और लोकतांत्रिक यात्रा का प्रतीक है। बिरला ने प्रतिनिधिमंडल को यह भी बताया कि नवनिर्मित संसद भवन में देश के सभी भागों की संस्कृति, डिजाइन और सामग्री का समावेश किया गया है। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 25 वर्ष पूरे होने पर पेना रोड्रिग्ज को बधाई देते हुए बिरला ने इस बात का उल्लेख किया कि दोनों देश के घनिष्ठ संबंध परस्पर मैत्री,

**भारत व डोमिनिकन गणराज्य में सशक्त संसदीय प्रणालियां व साझा लोकतांत्रिक मूल्य : ओम बिरला**

लोकतंत्र के साझा मूल्यों और वैश्विक मुद्दों पर समान विचारों की मजबूत नींव पर आधारित हैं। यह टिप्पणी करते हुए कि भारत और डोमिनिकन गणराज्य दोनों में सशक्त संसदीय प्रणालियां हैं और साझा लोकतांत्रिक मूल्य हैं।

बिरला ने कहा कि दोनों देशों को लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए संसदीय आदान–प्रदान को और अधिक बढ़ाया जाना चाहिए। इस बात पर जोर देते हुए कि भारत में कई संसद सदस्य विशेष रूप से प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटलीकरण, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, समावेशी विकास और सामाजिक सशक्तिकरण को लेकर उत्साहित हैं।

**कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण के लिए सहयोग का किया आग्रह**

ओम बिरला ने कहा कि दोनों संसदें आपसी सहयोग के माध्यम से इन क्षेत्रों में आगे प्रगति कर सकती हैं। उन्होंने कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण और आपदा प्रबंधन आदि जैसे मुद्दों पर दोनों देशों की सरकारों और संसदों के बीच व्यापक सहयोग का आग्रह भी किया। भारत और डोमिनिकन गणराज्य के बीच पर्यटन क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाओं का उल्लख करते हुए, बिरला ने कहा कि दोनों देशों में ऐतिहासिक और सुरम्य पर्यटन स्थल हैं और इस क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए एक साझा दृष्टिकोण विकसित किया जा सकता है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने यह उम्मीद भी जताई कि आने वाले समय में भारत और डोमिनिकन गणराज्य के आर्थिक और व्यापारिक संबंध और मजबूत होंगे।

### नारी शक्ति वंदन कानून से महिलाओं के नेतृत्व में विकास का मार्ग प्रशस्त होगा

हाल ही में पारित ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन विधेयक के बारे में प्रतिनिधिमंडल को जानकारी देते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि इस कानून से भारत में महिलाओं के नेतृत्व में विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। नई दिल्ली जी–20 शिखर सम्मेलन के बारे में बात करते हुए बिरला ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने सुनिश्चित किया कि वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के अनुरूप जी–20 में अफ्रीकी संघ को शामिल किया जाए और इसके साथ ही वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं को मुखरित भी किया गया।

## बिहार पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा स्थगित

**पटना,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा को लेकर केंद्रीय चयन पर्षद ने सिपाही भर्ती के लिए आयोजित एक अक्टूबर की परीक्षा को रद्द कर दिया है। एक अक्टूबर की दोनों पालियों की परीक्षा रद्द की गई है। इसके अलावा आगामी पांच अक्टूबर और 15 अक्टूबर को प्रस्तावित परीक्षा को भी स्थगित कर दिया है। गौरतलब है कि बिहार पुलिस कांस्टेबल परीक्षा के पेपर लीक होने की जानकारी सामने आई थी। जिसके बाद कई लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था। इसके अलावा पेपर लीक मामले की जांच भी कराई जा रही है। पेपर स्थगित को लेकर जारी नोटिस में कहा गया है कि आगामी सूचना तक आगे की डेट की परीक्षाएं स्थगित की जाती हैं। इन तिथियों की परीक्षा अब किस दिन आयोजित की जाएगी, इसे लेकर तय समय पर उम्मीदवारों को सूचित कर दिया जाएगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि आगे की जानकारी के लिए वह ऑफिशियल वेबसाइट पर नजर बनाए रखें।

- **पेपर लीक के बाद लिया फैसला**

## नारी शक्ति का सशक्तीकरण सर्वोच्च प्राथमिकता : सिन्हा

**श्रीनगर,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को श्रीनगर लाल चौक से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल महिला बाइक अभियान यशस्विनी को हरी झंडी दिखाई। उपराज्यपाल ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को बढ़ावा देने और जम्मू-कश्मीर की विकास यात्रा का नेतृत्व करने के लिए महिलाओं को सशक्त बनाने के सरकार के प्रयासों को साझा किया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति का सशक्तिकरण और पूर्ण अधिकार जम्मू-कश्मीर प्रशासन की प्रतिबद्धता और सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह अभियान 40 जिलों को पार करते हुए, 2,134 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करके 31 अक्टूबर को भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती पर गुजरात के एकता नगर पहुंचेगा। इस अवसर पर



उपराज्यपाल ने देश की अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करते हुए, कई कठिन परिस्थितियों में सीआरपीएफ की 'वीरांगनाओं' द्वारा दिखाई गई अद्वितीय बहादुरी, दृढ़ संकल्प और साहस को सलाम किया। यशस्विनी, सीआरपीएफ की वीरांगनाओं द्वारा महिला बाइक अभियान नारी शक्ति के लचीलेपन और ताकत का प्रतीक है। यह नारी शक्ति के बलिदान, उनके आत्मविश्वास का भी प्रतिनिधित्व करता है और आज वे धैर्य, दृढ़ संकल्प तथा समर्पण के साथ विभिन्न क्षेत्रों में कई मील के पत्थर हासिल कर रही हैं।

**उपराज्यपाल ने सीआरपीएफ महिला बाइक अभियान को दिखाई हरी झंडी**

### कश्मीर में स्थिति शांतिपूर्ण : अजय यादव

**श्रीनगर।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिरीक्षक अजय कुमार यादव ने मंगलवार को कहा कि श्रीनगर में स्थिति शांतिपूर्ण है। आईजी ने सीआरपीएफ ऑल वुमेन मोटरसाइकिल एक्सपेडिशन 2023 के मौके पर कहा कि लाल चौक पर मंगलवार की भीड़ शांतिपूर्ण माहौल को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि आप आज लाल चौक पर हैं और आसपास लोगों का बड़ा जमावड़ा है..आतंकवाद कहां है इससे बेहतर शांतिपूर्ण माहौल कहीं और नहीं हो सकता। इससे पहले, लाल चौक से एक महिला बाइक अभियान को हरी झंडी दिखाई गई थी, जो 40 जिलों को पार करते हुए 2134 किलोमीटर से अधिक की यात्रा करेगा।

## सार संक्षेप

### श्रीनगर को स्वच्छता के लिए मिला उपलब्धि प्रमाण पत्र

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने सोमवार को श्रीनगर के उपायुक्त (डीसी) मोहम्मद ऐजाज असद को स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम-2.) की एक पहल के तहत स्वच्छता के प्रति उनके अनुकरणीय समर्पण, अटूट प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट नेतृत्व तथा ओडीएफ हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए उपलब्धि प्रमाण पत्र से सम्मानित किया। अधिकारियों के योगदान का सम्मान करने और स्वच्छता के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट क्षमताओं को पहचानने के लिए ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह के दौरान राजभवन में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा उपायुक्त श्रीनगर को उपलब्धि का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम-2.) की एक पहल के तहत, उपायुक्त श्रीनगर को उनकी आधिकारिक क्षमता के तहत विभिन्न मंचों पर स्वच्छता के माहौल को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने के लिए जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा सम्मानित और मान्यता दी गई थी।

### ओडिशा लोक सेवा भवन में लगी आग

**भुवनेश्वर।** ओडिशा लोक सेवा भवन, राज्य सचिवालय में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग में मंगलवार को आग लग गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार आग से लोक सेवा भवन में घना धुआं फैल गया और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग को अन्य विभागों में फैलने से पहले ही उस पर काबू पा लिया। आग लगने के कारण का तुरंत पता नहीं चल पाया है, लेकिन सूत्रों ने बताया कि आग बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी।

### तेलंगाना में तहसीलदार से 4.56 करोड़ की संपत्ति जब्त

**हैदराबाद।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने तेलंगाना में एक तहसीलदार से 2.7 करोड़ रुपए की नकद राशि सहित 4,56,66,66 रुपए की संपत्ति बरामद की है। एसीबी की मंगलवार को बताया कि प्लॉट नंबर 16, मकान नंबर 8-7-55/ए/16 में रहने वाले नलगोंडा जिले के मैरीगुडेम मंडल के तहसीलदार मंचिरेड्डी महेंद्र रेड्डी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया है।

### लीना शुक्ला शिवसेना में हुईं शामिल

**मुंबई।** मुंबई नगर निगम की पूर्व नगरसेवक लीना हरीश शुक्ला मंगलवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना (शिंदे) में शामिल हुईं, जिससे मुंबई में पार्टी के साथ ताल ठोकने वाले नगरसेवकों की कुल संख्या अब 35 हो गई है। शुक्ला शहर के उपनगर चांदीवली क्षेत्र से निर्दलीय पार्षद थीं।

## कोविड के बाद युवाओं में हार्ट अटैक के मामलों में बढ़ोतरी

**राजकोट,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजकोट में युवाओं में दिल का दौरा पड़ने के मामलों में वृद्धि होने से चिंता अधिक बढ़ गई है। यहां पर बीते 24 घंटों में 5 और लोगों की दुखद मौतें हुई हैं। बढ़ती संख्या स्वास्थ्य पेशेवरों और समुदाय के लिए चिंता का विषय है। राजकोट के पास खोखड्डल कस्बे के निवासी 34 वर्षीय राशिद खान को सोमवार सुबह बेहोश पाया गया। खान को तत्काल राजकोट सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने कहा कि दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हुई है। राशिद खान, मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। वह एक मजदूर के रूप में काम करता था और 8 भाई–बहनों में सबसे छोटा था। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश राज ने युवा व्यक्तियों में, विशेष रूप से कोविड के बाद, दिल के दौरे के बढ़ते मामलों के बारे में चिंता जताई। उन्होंने महामारी और इस खतरनाक प्रवृत्ति के बीच एक संभावित संबंध का सुझाव दिया। डॉक्टर ने कहा कि तनावपूर्ण लाइफस्टाइल के कारण हाई ब्लड प्रेशर युवाओं में बढ़ रहा है। इसी तरह, 21 वर्षीय धारा परमार बेहोश हो गईं और उनके आवास पर संदिग्ध हृदय गति रुकने से उनकी मौत हो गई। वहीं, जीआईडीसी मेटोडा में एक फैक्ट्री में रसोइया के रूप में कार्यरत 30 वर्षीय विजय संकेत भी बेहोश हो गए और उनकी मौत हो गई। मौत का कारण दिल का दौरा माना जा रहा है। एक अन्य घटना में, राजकोट के बाहरी इलाके कोठारिया शहर के निवासी 45 वर्षीय राजेश को 2 अक्टूबर को सुबह 10 बजे के आसपास अपने खेत में अचानक दिल का दौरा पड़ा।



- **राजकोट में 24 घंटों में पांच और लोगों की मौत**

### मध्य प्रदेश में जातिगत जनगणना पर बाले कमलनाथ

## सरकार बनने पर कराएंगे जातिगत जनगणना

**भोपाल,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। पीसीसी प्रमुख कमलनाथ ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि राहुल गांधी ने समाज के वंचित तबके का जो मुद्दा उठाया है, वह सामाजिक न्याय की कसौटी है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनते ही जातिगत जनगणना कराई जाएगी और समाज के हर वर्ग को शासन और प्रशासन दोनों में न्यायोचित हिस्सेदारी दी जाएगी। पूर्व सीएम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव से सामाजिक न्याय के साथ खड़ी रही है।

मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला भी कांग्रेस की सरकार ने किया था, जिसे भाजपा ने षड्यंत्रपूर्वक खत्म कर दिया। उन्होंने आगे लिखा कांग्रेस आएगी। सामाजिक न्याय लाएगी। बता दें कमलनाथ ने राहुल गांधी की सोशल मीडिया पर एक पोस्ट को टैग कर अपनी बात कही। जिसमें राहुल गांधी ने लिखा कि बिहार की जातिगत



**समाज के हर वर्ग को शासन व प्रशासन में न्यायोचित हिस्सेदारी दी जाएगी : कमलनाथ**

जनगणना से पहला चला है कि वहां ओबीसी, एससी और एसटी 84 प्रतिशत है। केंद्र सरकार के 90 सचिवों में सिर्फ तीन ओबीसी हैं, जो भारत का मात्र पांच प्रतिशत बजट संभालते हैं। इससे पहले राहुल गांधी ने अपने मध्य प्रदेश दौरे पर केंद्री की मोदी सरकार को ओबीसी विरोधी बताया था।

**प्रदेश में ओबीसी का 8 सीटों पर प्रभाव**

प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही अपने आप को ओबीसी का हितैषी बता रही है। इसका कारण प्रदेश की 80 से अधिक सीटों पर ओबीसी वर्ग का प्रभाव होना है। भाजपा दावा करती है कि उसने प्रदेश को तीन–तीन ओबीसी मुख्यमंत्री उमा, बाबूलाल गौर और शिवराज सिंह चौहान दिए। कांग्रेस सिर्फ उलझाने का काम करती है। वहीं, कांग्रेस दावा कर रही है कि उसने ओबीसी को 14 से 27 प्रतिशत आरक्षण दिया। हालांकि अभी यह कोर्ट में लंबित है।

### विंध्य को साधने की तैयारी में जुटी कांग्रेस

कांग्रेस के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी अब शहडोल जिले के दौरे पर आने जा रहे हैं। यहां वो एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे और राहुल गांधी के इसी कार्ड से कांग्रेस पूरे विंध्य को साधने की तैयारी में भी जुट चुकी है। जिला कांग्रेस शहडोल के अध्यक्ष ने बताया, कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी 10 अक्टूबर को शहड़ोल के ब्यौहारी आने वाले हैं। जहां वह एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। साथ ही बताया जा रहा है कि जन आक्रोश रैली के समापन समारोह में भी शामिल होंगे। कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी की आगामी दौरे को लेकर अपनी तैयारी में जुट चुकी है और उनके दौरे से पहले तैयारी को पुख्ता कर लेना चाह रही है। क्योंकि राहुल गांधी के इस दौरे को काफी अहम माना जा रहा है। बता दें कि राहुल गांधी इससे पहले आठ अगस्त को ही शहडोल के ब्यौहारी में दौरा करने वाले थे। लेकिन फिर कुछ कारण बस उनके इस दौरे को स्थगित कर दिया गया था और अब एक बार फिर से शहडोल जिले के ब्यौहारी में ही राहुल गांधी का आगमन होने जा रहा है, जिसे लेकर कांग्रेस भी जोर–शोर से तैयारी में जुटी हुई है।

## केसीआर ने नई वेतन संशोधन समिति के गठन को दी मंजूरी



**हैदराबाद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने नई वेतन संशोधन समिति (पीआरसी) के गठन को मंजूरी दे दी है। मुख्य सचिव ए शांति कुमारी ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। समिति की अध्यक्षता सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एन शिवशंकर करेंगे, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी बी.रमैया इस समिति के सदस्य होंगे। बीआरएस सरकार ने पिछले नौ वर्षों में कर्मचारियों के वेतन में 70 प्रतिशत की वृद्धि की है। राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को पांच प्रतिशत अंतरिम राहत (आईआर) की भी घोषणा की है। नई वेतन संशोधन समिति का प्राथमिक उद्देश्य राज्य सरकार के कर्मचारियों और पेंशन भोगियों के लिए संशोधित वेतनमान की सिफारिश करना है। इस समिति को छह महीने के भीतर अपनी सिफारिशें सरकार को सौंपने का निर्देश दिया गया है। वित्त विभाग को पीआरसी के सुचारू कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक धन और कर्मचारी आवंटित करने का निर्देश दिया गया है। पीआरसी अन्य राज्य सरकार के कर्मचारियों और भारत सरकार के वेतनमानों की तुलना में तेलंगाना के कर्मचारियों के वर्तमान वेतनमान पर विचार करने के बाद सिफारिशें तैयार करेगा।

आयोग राज्य राजस्व वृद्धि, चालू और भविष्य के निवेश के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धताओं, विकास कार्यक्रमों और कल्याणकारी योजनाओं आदि पर भी विचार करेगा।

इस साल अगस्त में विधानसभा में एक संक्षिप्त चर्चा के दौरान सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के आश्वासन के अनुरूप आदेश जारी किए गए थे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राज्य के

- **सरकार ने पिछले नौ वर्षों में कर्मचारियों के वेतन में की 70 प्रतिशत की वृद्धि**

## बिहार में न्यायिक सेवा में ईडब्ल्यूएस को आरक्षण

**पटना,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार सरकार ने न्यायिक सेवा में आर्थिक रूप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) वर्ग के अभ्यर्थियों को आरक्षण देने का निर्णय लिया है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने मंगलवार को यहां बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

डॉ.सिद्धार्थ ने बताया कि बिहार में पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों तथा शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए राज्य न्यायिक सेवा में आरक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बिहार उच्च न्याय सेवा नियमावली, 1951 एवं बिहार असैनिक सेवा (न्याय शाखा) (भर्ती) नियमावली, 1955 में संशोधन अपेक्षित है।

उन्होंने बताया कि सरकार ने इस संबंध में पटना उच्च न्यायालय के महानिबंधक की अनुशंसा के आलोक में बिहार उच्च न्याय सेवा नियमावली, 2023 एवं बिहार असैनिक सेवा (न्याय शाखा) (भर्ती) नियमावली, 2023 प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।

## ईडी के पांचवें समन पर भी हेमंत सोरेन के उपस्थित होने की संभावना नहीं

**रांची,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। ईडी के पांचवें समन के बाद भी झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के एजेंसी के समक्ष उपस्थित होने की संभावना नहीं है। ईडी ने उन्हें 4 अक्टूबर को उपस्थित होने को कहा है, लेकिन इस दिन उन्हें पलामू में एक कार्यक्रम में शिरकत करना है।

एजेंसी सीएम से जमीन घोटाले और उनकी संपत्ति के बारे में पूछताछ करना चाहती है। इसके खिलाफ उन्होंने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर रखी है, जिस पर अब तक सुनवाई नहीं हुई है। सोरेन ने ईडी के पिछले चार समन पर लिखित जवाब भेजा था। उन्होंने अदालत में उनकी याचिका पर सुनवाई होने तक ईडी से समन स्थगित रखने को कहा था। हाईकोर्ट में दायर याचिका में सोरेन ने ईडी की शक्तियों को चुनौती देते हुए उसकी ओर से की जा रही कार्रवाई पर रोक लगाने का आग्रह किया है। इसके पहले उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में भी इस मामले को लेकर क्रिमिनल रिट पिटीशन दायर किया था, लेकिन उन्हें वहां से कोई राहत नहीं मिली थी। 18 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला माधुर्य त्रिवेदी की पीठ ने सोरेन की याचिका में उठाए गए बिंदुओं पर सुनवाई से इनकार करते हुए उन्हें पहले हाईकोर्ट जाने की सलाह दी थी। इसके बाद 23 सितम्बर को सोरेन की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। उन्होंने याचिका में पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) 2002 की धारा 50 और 63 की वैधता पर सवाल उठाया है। इसमें कहा गया है कि जांच एजेंसी को धारा 50 के अंतर्गत बयान दर्ज कराने या पूछताछ के दौरान ही किसी को गिरफ्तार कर लेने का अधिकार है। इसलिए समन जारी करने के बाद गिरफ्तारी का डर बना रहता है।



- **जमीन घोटाला व संपत्ति का मामला**

चिंता | *कश्मीर और लद्दाख में समय से पहले बर्फबारी ने दी दस्तक*

## सैनिकों को सर्दी से बचाने की खातिर तैयारियां भी अधूरी

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। इस बार भी कश्मीर के साथ-साथ लद्दाख सेक्टर में बर्फ ने समय से बहुत पहले दस्तक क्या दी, करगिल और द्रास के नागरिकों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच आइं। ऐसा ही हाल उन हजारों सैनिकों का भी है जो चीन सीमा पर चीन की बढ़त व घुसपैठ को रोकने की खातिर तैनात किए गए हैं। चिंता का कारण स्पष्ट है।

न ही नागरिक व नागरिक प्रशासन कोई तैयारी कर पाया और न ही तैनात सैनिकों को सर्दी से बचाने की खातिर तैयारी पूरी की जा सकी है। अक्सर, नवम्बर 15 के बाद करगिल और द्रास समेत लद्दाख के पहाड़ों पर बर्फबारी आरंभ होती थी।

लेकिन इस बार भी पिछले हफ्ते ही इसकी दस्तक ने सभी को चौंकाया है। द्रास स्थित प्रशासनिक अधिकारी मानते हैं कि चीन सीमा पर सैनिकों की तैनाती की कवायद में ही जुटे रहने के कारण वे करगिल व द्रास के नागरिकों के लिए सर्दी में की जाने वाली तैयारियां ही आरंभ नहीं कर पाए। नतीजतन, राजमार्ग के बंद होने की चिंता के कारण अब सारा जोर वायुसेना पर आ पड़ेगा। यही दशा लद्दाख में चीन सीमा पर तैनात किए गए दो लाख के करीब भारतीय जवानों के प्रति भी है जिनके लिए सर्दियों के लिए आवश्यक सामान की आपूर्ति का काम दावों के बावजूद अभी भी अधूरा है। सप्लाई के साथ साथ भयानक सर्दी से बचाने की खातिर मुहैया करवाए जाने वाले कपड़े इत्यादि की अभी भी कमी महसूस की जा रही है जो सभी तक नहीं पहुंच पाए हैं। हालांकि इस परिस्थिति का सामना करने की खातिर सेना ने अब अग्रिम चौकिओं पर अधिक से अधिक जवानों को रोटेशन के आधार पर तैनात करना आरंभ किया है।

ऐसा ही चीन भी कर रहा है जो प्रत्येक चौकी में जवानों को तीन से चार दिन ही तैनात करते हुए फिर उन्हें बैरकों में वापस बुला रहा है। सूत्र मानते हैं कि लद्दाख में सर्दी अपने भयानक रूप में दस्तक दे चुकी है ओर ऐसे में दोनों मुल्कों की सेनाएं अपने जवानों का मनोबल बढ़ाने की कोशिश में जुटी हैं। अधिकारी कहते थे कि प्रकृति के स्वरूप को लेकर वे कोई खतरा मोल नहीं लेना चाहते हैं। वे इसका खिमयाजा सियाचिन हिमखंड में शुरू के सालों में भुगत चुके हैं जब 13 अप्रैल 1984 को भारतीय सेना ने इसे अपने कब्जे में लिया था।

यह भी सच है कि आज भी सियाचिन हिमखंड में सबसे अधिक नुक्सान कुदरत के कारण सहन करना पड़ रहा है और भारतीय सेना चीन सीमा पर इसे दोहराना नहीं चाहती है। ऐसे हालात में सेना के वरिष्ठ अधिकारी अग्रिम इलाकों का दौरा करने के साथ सर्दियों का सामना करने के लिए हो रही तैयारियों का भी जायजा ले रहे हैं।

लद्दाख की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाली सेना की नार्दन कमान के सेनानायक लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सियाचिन ग्लेशियर का दौरा कर वहां तैनात जवानों की हिम्मत बढ़ाई। जवान अत्याधिक ठंड में पाकिस्तान सेना के सामने सीना ताने खड़े हैं।



- **करगिल व द्रास के नागरिकों के माथे पर खिचीं चिंता की लकीरें**

देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार 4 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# जातिगत जनगणना से बदलेंगे सियासी समीकरण

बिहार में जातिगत जनगणना के सार्वजनिक किये गये आंकड़ों से देश का राजनैतिक परिदृश्य पूर्णत: बदल जाने का अनुमान है। इसका असर अति पिछड़े एवं पिछड़े वर्गों को लेकर होने वाले सियासी गणित पर तो पड़ेगा ही, विमर्श भी ध्रुवीकरण की बजाय सशक्तिकरण की राह पकड़ लेगा। अगर ऐसा होता है तो यह भारतीय जनता पार्टी के लिये सबसे बुरा समाचार साबित होने जा रहा है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रिपोर्ट कार्ड इस मामले में बेहद खराब है। भाजपा का सबसे बड़ा नुकसान तो यह होगा कि उसका एक विशाल वोट बैंक उसकी झोली से सरक जायेगा। एकाध साल पहले की बात होती तो मामला दूसरा होता। तब 'मोदी नहीं तो कौन' का सवाल उठा दिया जाता था। अबकी ऐसा नहीं है। लगभग एक दशक तक कई उतार-चढ़ाव देखने के बाद कांग्रेस लय में लौट आई है और उसके साथ अन्य 27 दल दमदारी से खड़े हैं जिन्हें इस बदले हुए सियासी माहौल का फायदा इसलिये मिलेगा क्योंकि यह मांग (जातिगत जनगणना की) इसी कुनबे से आई है। दूसरी ओर भाजपा इसे नकारती रही है। जो भी हो, इस साल के 5 राज्यों के होने वाले विधानसभा चुनावों पर तो इसका असर पड़ेगा ही, बावजूद इसके कि ज्यादातर में भाजपा की स्थिति वैसे भी नाज़ुक है, लोकसभा-2024 का चुनावी विमर्श भी इसी के इर्द-गिर्द घूम सकता है।

बिहार में जातिगत जनगणना के निष्कर्ष गांधी जयंती पर बिहार सरकार द्वारा सार्वजनिक कर दिये गये। अनुमानों के काफी नज़दीक के निकले इन आंकड़ों ने बतलाया कि राज्य में 36 प्रतिशत अति पिछड़ा, 27 फीसदी पिछड़ा, 19.65 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं 1.68 फीसद अनु. जनजाति के लोग हैं। यानी कि अति पिछड़ा व पिछड़ा वर्ग मिलकर 63 फीसदी हो जाते हैं। अगर उनमें अनु. जाति व अनु. जनजाति को मिलाया जाये तो यह आंकड़ा 84 फीसद हो जाता है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस एवं उसके सहयोगी तमाम दल 'जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी' के लिये आवाज़ उठाते आ रहे हैं। चूंकि कोविड-19 के चलते वर्ष 2021 में जनगणना नहीं हो सकी थी, इसलिये केन्द्र सरकार इसके आंकड़े उपलब्ध न होने के बहाने करती रही है। वैसे अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान और पिछले दिनों लोकसभा के सत्र में भी राहुल गांधी ने कहा था कि अगर मौजूदा सरकार 2011 की जनगणना के आधार पर आरक्षण नहीं करती तो उनकी सरकार के आने पर ऐसा किया जायेगा। बिहार के नीतीश कुमार व तेजस्वी यादव की जनता दल यूनाइटेड-राष्ट्रीय जनता दल सरकार ने इस मामले पर लीड लेते हुए जातिगत जनगणना करा डाली।

इसका असर दूर तलक इसलिये जायेगा क्योंकि पिछड़े वर्ग ही एक तरह से भाजपा का मुख्य काडर है। अब उसकी अपेक्षा भाजपा से बढ़ेगी। चूंकि यह दल मनुवादी व्यवस्था से चलता है, जिसमें सवर्णों के अलावा अन्य जातियों के प्रति या तो प्रेम है ही नहीं अथवा है भी तो दिखावा मात्र। ऐसे वर्णों में गैर हिन्दू, दलित एवं पिछड़े वर्ग आते हैं, इसलिये भाजपा नेतृत्व के लिये यह सम्भव ही नहीं होगा कि वह ओबीसी को अधिकार सम्पन्न करेगी। इसकी कमान अब भी ऊंची जातियों के लोगों के हाथों में होने से वे ऐसा होने नहीं देंगे।

फिर, भाजपा की नकेल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हाथों में होने से वह ऐसा कुछ भी करने की इज़ाज़त नहीं देगा जिससे उच्च वर्णों का महत्व कम हो। इस तरह देखें तो भाजपा जातिगत जनगणना के भंवर में फंसती नज़र आ रही है। भाजपा की दिक्कत यह है कि उसने केन्द्र में पिछले साढ़े नौ वर्षों के अपने शासनकाल में लोगों के सशक्तिकरण की दिशा में कुछ भी नहीं किया है। कहने को वह कुछ समय में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था या पांच ट्रिलियन इकानॉमी बनाने और 2047 तक दुनिया का इसे सबसे विकसित देश बनाने का दावा करती है लेकिन वास्तविकता यही है कि देश बदहाल है। लोगों की माली हालत बहुत खराब हो गई है। शासकीय नौकरियां निकल नहीं रही हैं और दिखावे के लिये मोदी जो थोड़े से नियुक्ति पत्र वर्चुअली बांटते हैं, वह ऊंट के मुंह में जीरा भी नहीं है। हर साल 2 करोड़ रोजगार देने के वादे के कहीं आसपास भी सरकार नहीं है और जनसंख्या में सबसे बड़ा वर्ग होने के नाते ओबीसी ही सर्वाधिक प्रभावित हुआ है। एक-एक कर तमाम शासकीय उपक्रमों के होते निजीकरण ने नौकरियां ही खत्म कर दी हैं तो आरक्षण कहां से मिलेगा? भाजपा की आशंका यह भी हो सकती है कि अगर ओबीसी वर्ग को अपने हकों का एहसास हुआ तो वह रोजगार सृजित करने की मांग जोर-शोर से उठाएगा और भाजपा सरकार उसकी यह मांग पूरी न कर सकी तो उसका वोट बैंक उससे छिटक सकता है। अब यह मांग देशव्यापी भी हो सकती है क्योंकि अनेक ऐसे राज्य हैं जहां स्पष्टतया ओबीसी बहुमत में हैं। नीतीश कुमार ने एक तरह से लोगों के सामने पिटारा खोल दिया है और उसमें पड़े उपहार जनता को बांटने के लिये इंडिया गठबन्धन तैयार बैठा है।

इस जनगणना के जारी आंकड़ों से इंडिया का उत्साहित होना स्वाभाविक है। राहुल गांधी ने तो इसके सार्वजनिक होने के बाद दी प्रतिक्रिया में कहा है कि इसे क्रियान्वित करना उनका प्रण है। इसका संदेश अन्य राज्यों के ओबीसी वर्गों तक जायेगा। सामने मिल रहे तत्काल लाभ को छोड़कर वे न तो विश्व की तीसरी सबसे बड़ी इकानॉमी बनने का इंतज़ार करेंगे न ही उसके 5 ट्रिलियन के आकार वाली अर्थव्यवस्था बनने का। स्वाभाविक है कि यह वर्ग 2047 का भी इंतज़ार नहीं करेगा। भाजपा संकट में है।

# बिहार के क्षितिज से उगे सूर्य का प्रकाश अब सारे देश में फैले

इस बार की गांधी जयंती खास रही। यह दिन गौतम बुद्ध के मुस्कुराने का दिन साबित हुआ। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के मुस्कुराने का भी दिन था। शाहू महाराज व महात्मा फुले भी मुस्कुरा उठे। बीपी मंडल, कर्पूरी ठाकुर, कांशीराम, वीपी सिंह के साथ हर उस व्यक्ति के मुस्कुराने का दिन था, जो समतामूलक समाज की कल्पना करते हैं और उसके आकांक्षी हैं। एक बहुत साहसिक कदम उठाकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो जातिगत जनगणना कराई और उसके आंकड़े सार्वजनिक किये उसका राजनैतिक से ज्यादा सामाजिक महत्व है। बेशक, उसका रास्ता सियासी गलियारों से होकर ही गुजरेगा। बिहार के क्षितिज से उगे सूर्य का प्रकाश पूरे देश में फैले- इसकी उम्मीद व कामना की जानी चाहिये। 'जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी हिस्सेदारी' के नैसर्गिक सिद्धांत पर आधारित इस निर्णय का अपना सामाजिक महत्व तो है, लेकिन इससे देश के राजनैतिक समीकरण भी बदलेंगे। प्रगतिशील सोच के साथ बढ़े इस कदम का वैसा ही प्रतिरोध हर उस कट्टर ताकतों द्वारा वैसा ही होगा जैसे समाज के हर सुधारों का अब तक पिछले 2500 वर्षों से होता आया है। बिहार सरकार को चाहिये कि जनसंख्या के अनुसार लोगों को उनका हक दिलाने के लिये आवश्यक कदम तत्काल उठाये और अन्य राज्यों को भी प्रेरणा दे।

'सामाजिक न्याय की भूमि' कहे जाने वाले बिहार के मुख्य सचिव द्वारा जारी किये गये आंकड़े पूरी भारतीय राजनीति में उथल-पुथल मचाने के लिये काफी हैं क्योंकि इससे ओबीसी को भारतीय समाज में अपने आकार व ताकत का अहसास होने जा रहा है। इन आंकड़ों में बताया गया है कि राज्य में ओबीसी की संख्या सर्वाधिक है। यह अनुमान पहले भी था लेकिन वह गणना के माध्यम से ही सिद्ध किया जा सकता था। इसलिये भारतीय जनता पार्टी इसका विरोध करती आई जबकि बिहार की जनता दल यूनाइटेड व राष्ट्रीय जनता दल गठबन्धन की सरकार (नीतीश व तेजस्वी यादव) इसके पक्ष में थे। पिछले दिनों बने संयुक्त विपक्षी गठबन्धन इंडिया (इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इन्क्लूजिव एलाएंस) ने इसका समर्थन किया। राहुल गांधी ने इसके पक्ष में जोरदार आवाज उठाई। पिछले साल की सितम्बर के पहले हफ्ते से निकाली कन्याकुमारी से कश्मीर तक की चार हजार किलोमीटर की यात्रा के दौरान उन्होंने यह बात तो उठाई ही, बाद की तमाम सभाओं एवं वार्ताओं में भी वे आबादी के अनुसार हिस्सेदारी की वकालत करते रहे हैं। लोकसभा के भीतर अपने भाषण में उन्होंने जब यह आंकड़ा प्रस्तुत किया कि भारत सरकार के कुल 90 सचिवों में केवल तीन ही अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) के हैं जो कुल बजट का मात्र 5 फीसदी ही नियंत्रित करते हैं, तो यह बात सबके लिये चौंकाने वाली थी और सत्ता पक्ष के पास इसका कोई जवाब ही नहीं था। राहुल ने यह बात भी कही कि पिछड़ा व अति पिछड़ा वर्गों के लिये नौकरियों में वाजिब तरीके से आरक्षण तत्काल लागू किया जाये जिससे उन्हें न्याय मिल सके। उन्होंने यह भी चेतावनी दे रखी है कि अगर केन्द्र सरकार इसे लागू नहीं करती तो उनकी पार्टी सत्ता में आने पर कर देगी। चूंकि 2021 में कोविड के कारण जनगणना ही नहीं हुई है तो यह पता करना मुश्किल है कि ओबीसी कितने है। इसके लिये राहुल का कहना है कि 2011 की जनगणना के अनुसार ही इसे लागू कर दिया जाये।



डॉ. दीपक पाचपोर

> राजनैतिक समीकरण तो पीछे चलकर आएंगे, इसका बड़ा असर पिछड़े व वंचितों के जीवन स्तर में सुधार को लेकर होगा। सामाजिक न्याय का रास्ता इस तरह से प्रशस्त होगा कि नौकरियों में अधिक भागीदारी से पिछड़े व अति पिछड़े वर्गों का सशक्तिकरण होगा तथा जिस समतामूलक समाज की कल्पना सुधारवादी नेताओं व महापुरुषों ने की थी, उसका मार्ग प्रशस्त होगा।

राहुल की इस मांग के साथ उनकी पार्टी के अतिरिक्त पूरा इंडिया गठबन्धन खड़ा है। वैसे भी वर्तमान परिदृश्य में कांग्रेस का ट्रैक रिकार्ड बेहतर दिखाई दे रहा है क्योंकि उसके चार मुख्यमंत्रियों में से तीन ओबीसी वर्गों से हैं- छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल, राजस्थान के अशोक गहलोत और कर्नाटक के सिद्धारमैया। राहुल-नीतीश के इस दांव से भाजपा का परेशान होना स्वाभाविक है क्योंकि ओबीसी का एक बड़ा वर्ग पिछले कुछ समय से भाजपा का कोर वोट बैंक बना हुआ है जबकि नेतृत्व सवर्णों के हाथ में है या वर्ण व्यवस्था का समर्थक है जो उनका सशक्तिकरण कतई नहीं चाहेगा। उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी इसे स्वीकार नहीं करेगा। दिखावे के लिये कर भी ले तो इसे यथार्थ के धरातल पर नहीं उतारेगा। अगर भाजपा शासित राज्यों में इसकी मांग उठती है और ओबीसी नये सिरे से देशव्यापी जातिगत जनगणना की मांग कर सकता है (जो करनी भी चाहिये), तो इसका परिणाम यह हो सकता है कि भाजपा से जुड़े ओबीसी समुदाय दूसरे उन दलों में जा सकते हैं जो उनके आरक्षण एवं सशक्तिकरण के समर्थक हैं। इसलिये भाजपा नेताओं का व्यथित होना स्वाभाविक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो इसे इंडिया (उनकी शब्दावली में घमंडिया) की जाति-आधारित राजनीति करार दिया है जबकि खुद मोदी एक चुनावी सभा में यह कहकर वोट मांग चुके हैं कि 'जो इस प्रदेश में साहू है, वही गुजरात में मोदी है'। इसी नाम को लेकर उनके इशारे पर राहुल गांधी के खिलाफ पूरे मोदी समुदाय की अवमानना का मामला दर्ज कराया गया है जिसके चलते उनकी सांसदी छिन जाती है। यह अलग बात है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सजा पर रोक लगने से वह बहाल भी हो जाती है। भाजपा के मुखर सांसद गिरिराज सिंह ने इन आंकड़ों को भ्रम फैलाने फैलाने वाला कृत्य बताया जबकि सच्चाई यह है कि इससे सभी वर्गों के आंकड़ों सम्बन्धी भ्रम को दूर करने में मदद मिली है। बिहार में 1978 में कुल आरक्षण के भीतर 12 प्रतिशत अति पिछड़ों व 8 फीसदी पिछड़ों के लिये आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। 'आरक्षण में आरक्षण' का यह फार्मूला लोगों के विरोध का कारण बनता रहा है और इन्हें अदालतों में चुनौतियां भी मिलती रही हैं। बिहार ने रास्ता साफ कर दिया है जो कर्पूरी ठाकुर ने दिखाया था और अब नीतीश अन्य राज्यों को दिखला रहे हैं।

इस मामले में राजनैतिक समीकरण तो पीछे चलकर आएंगे, इसका बड़ा असर पिछड़े व वंचितों के जीवन स्तर में सुधार को लेकर होगा। सामाजिक न्याय का रास्ता इस तरह से प्रशस्त होगा कि नौकरियों में अधिक भागीदारी से पिछड़े व अति पिछड़े वर्गों का सशक्तिकरण होगा तथा जिस समतामूलक समाज की कल्पना सुधारवादी नेताओं व महापुरुषों ने की थी, उसका मार्ग प्रशस्त होगा। एक यह भी तर्क दिया जाता है कि अब सरकारी नौकरियां रह कहां गई हैं जो इतनी बड़ी संख्या में आरक्षण के हकदार लोगों को दी जा सकें, तो कहा जा सकता है कि पिछड़े व अति पिछड़े वर्गों का जब नौकरियों के लिये दबाव होगा तो सरकार को शासकीय सेवाओं में नौकरियां बढ़ानी पड़ेंगी। फिर इसके लिये चाहे नीतियों में बदलाव ही क्यों न करना पड़े। फिलहाल तो मोदी सरकार का रुझान निजीकरण की ओर है जिसके चलते उसके पास शासकीय उपक्रमों का मानव संसाधन घटाकर उन्हें घाटे में लाने का फार्मूला है। कम्पनियों को घाटे में लाकर उन्हें औने-पौने में अपने मित्र कारोबारियों को बेच देना ही भाजपा की औद्योगिक नीति है।

देखा जाए तो यह कदम एक बड़े वर्ग की सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक समझ में इज़ाफ़ा करने वाला साबित होगा। ओबीसी को यह समझ में आयेगा कि उसका इस्तेमाल भाजपा केवल सवर्णों की ताकत बढ़ाने एवं सवर्णों के हाथ में देश के सारे संसाधन सौंप देने का खेल करती आई है। नीतीश के इस कदम से ओबीसी के बल पर सामाजिक ध्रुवीकरण का भाजपायी दांव आगामी पांच विधानसभा चुनाव में तो नाकाम होगा ही, 2024 का लोकसभा चुनाव भी वह हार सकती है।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

# मायावती ने शुरू किया बड़ा अभियान, किसी गठबंधन से कोई संबंध नहीं

■ प्रदीप कपूर

पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष, मायावती ने अब लोक सभा चुनाव 2024 के लिए उत्तर प्रदेश में एक बड़ा अभियान शुरू किया है, यह स्पष्ट करने के बाद कि वह किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं होंगी। आजकल वह जमीनी स्तर पर अपनी पार्टी को मजबूत करने में व्यस्त हैं।

राजनीतिक नेताओंऔर मीडियाकर्मियों के मन में व्याप्त संदेह दूर करने के लिए, मायावती ने बार-बार कहा है कि बसपा लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी, तथा वह न तो भाजपा नेतृत्व वाले राजग और न ही विपक्षी गठबंधन इंडिया के साथ शामिल होगी और न ही रणनीतिगत तालमेल ही बिठायेगी।

> 2019 के चुनावों में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन के माध्यम से बसपा ने वर्तमान लोकसभा में अपनी सीटें शून्य से बढ़ाकर 10 कर लीं, लेकिन चुनाव के तुरंत बाद, मायावती ने यह कहते हुए गठबंधन को भंग कर दिया कि समाजवादी पार्टी बसपा उम्मीदवारों को वोट स्थानांतरित करने में विफल रही। सच तो यह है कि सपा से गठबंधन के कारण ही बसपा को मुस्लिम समुदाय का समर्थन मिला।

मायावती ने आरोप लगाया कि एनडीए या इंडिया दोनों गठबंधन गरीब विरोधी, जातिवादी, सांप्रदायिक और पूंजीवाद समर्थक हैं इसलिए उनकी पार्टी उनके साथ हाथ नहीं मिलायेगी। मायावती ने उन ताकतों की भी निंदा की जो उन्हें भाजपा समर्थक बताने में लगे हुए थे क्योंकि उन्होंने इंडिया में शामिल होने से इनकार कर दिया था।

गौरतलब है कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ने चुनाव प्रचार के आखिरी दिनों में लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन की उम्मीद के साथ मायावती या बसपा पर कोई भी प्रतिकूल टिप्पणी करने से परहेज किया है। केवल समाजवादी पार्टी और उसके नेता अखिलेश यादव ने बार-बार कहा कि बसपा तो भाजपा की ही बी टीम है।

मायावती जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए पार्टी कैडर के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। उन्होंने पार्टी नेताओं और समन्वयकों को कम से कम 500 लोगों की भागीदारी के साथ प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने के निर्देश जारी किये हैं। इन शिविरों में पार्टी कार्यकर्ताओं के परिवार के सदस्यों के भी शामिल होने की उम्मीद है।

प्रशिक्षण शिविरों में केवल दलित समाज पर ध्यान केंद्रित करने और प्रतिभागियों को पार्टी की विचारधारा के बारे में शिक्षित करने के निर्देश जारी किये गये हैं। गौरतलब है कि बसपा का गठन 1984 में हुआ था और चुनाव में पार्टी की सफलता में प्रशिक्षण शिविरों ने अहम भूमिका निभाई थी।

मायावती ने पार्टी नेताओं से उन नेताओं तक पहुंचने को भी कहा है जिन्होंने पार्टी छोड़ दी है या निराश होकर घर बैठने का फैसला किया है। पार्टी कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर उन्हें पार्टी उम्मीदवारों के लिए काम करने के लिए प्रेरित करने पर अधिक जोर दिया जा रहा है।

2019 के चुनावों में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन के माध्यम से बसपा ने वर्तमान लोकसभा में अपनी सीटें शून्य से बढ़ाकर 10 कर लीं, लेकिन चुनाव के तुरंत बाद, मायावती ने यह कहते हुए गठबंधन को भंग कर दिया कि समाजवादी पार्टी बसपा उम्मीदवारों को वोट स्थानांतरित करने में विफल रही। सच तो यह है कि सपा से गठबंधन के कारण ही बसपा को मुस्लिम समुदाय का समर्थन मिला।

लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग में मायावती ने बढ़त बना ली है। पार्टी नेताओं और समन्वयकों की कई बैठकें हुई हैं, जो विचार-मंथन सत्र में शामिल हुए हैं, जिसमें मायावती के भतीजे आकाश भी शामिल हैं, जो अपनी चाची के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

मायावती अब चुनाव जीतने के लिए दलित समाज, पिछड़ों और मुस्लिम समुदाय पर निर्भर हैं। एक समय में ब्राह्मण चेहरा और पार्टी में नंबर दो की हैसियत रखने वाले सतीश मिश्र अब महत्वपूर्ण नहीं रहे। उन्होंने शक्तिशाली ब्राह्मण समुदाय को एकजुट करने के लिए भाईचारा बैठकें आयोजित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसने 2007 में अपने दम पर पार्टी को यूपी में सत्ता में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## पावन प्रसंग

# अहिंसा कायरता नहीं सिखलाती

अहिंसा की दृष्टि विराट है। उसमें संकीर्णता की जरा भी गुंजाइश नहीं है। यह तो गंगा की उस विमल विशाल धारा के सदृश्य मुक्त व स्वतंत्र है। उसे बंधनप्रिय नहीं है। यदि अहिंसा को किसी प्रांत, भाषा, पंथ या सम्प्रदाय की परिधि में बंद कर दिया गया तो उसकी वही स्थिति वही होगी, जो समुद्र के जल को किसी गड्ढे में बंद कर देने पर होती है। यह तो विश्व का सर्वमान्य सिद्धांत है। अहिंसा का सिद्धांत अनोखा सिद्धांत है। इतने बड़े पैमाने पर विशेष कर इतनी बड़ी शक्ति के हाथों अंग्रेजों से स्वराज प्राप्त करने में उसका उपयोग और भी अनोखा था।

अहिंसा का क्षेत्र काफी विस्तृत है वह विश्वव्यापी है। यह मानवता का उज्जवल प्रतीक है। इसके द्वारा ही जैन समाज की सारी व्यवस्थायें व प्रवृत्तियां युगों युगों से सुचारू रूप से चली आ रही है। अहिंसा कायरता नहीं सिखलाती है। वह तो वीरता सिखलाती है। अहिंसा वीरों का धर्म है अहिंसा का स्वर है। मानव तो अपनी स्वार्थ लिप्सा में डूबकर दूसरों के अधिकार को न छीनो किसी देश या समाज के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप मत करो। किसी भी समस्या को शांतिपूर्वक समझाने का प्रयास करो और शांति के लिए तुम अपना बलिदान अवश्य दो। किंतु अपनी स्वार्थ एवं वासनापूर्ति के लिए किसी को मत लूटो। इस पर ही यदि समस्या का उचित समाधान नहीं हो पा रहा है और देश जाति और धर्म की रक्षा करना अनिवार्य हो तो उस स्थिति में वीरता परक कदम उठा सकते हो।

अहिंसा के नाम पर कायर बनकर मुंह छिपाकर मत बैठो। अहिंसा यह कभी नहीं कहती कि मानव अन्याय को सहन करो क्योंकि जैसे अन्याय करना स्वयं में पाप है। वैसे ही अन्याय को कायर होकर सहन करना भी एक महापाप है। वह अहिंसा क्या है जिसमें अन्याय के प्रतिकार की शक्ति नहीं है। देश की आजादी को सुरक्षित रखने की क्षमता नहीं है। वह अहिंसा अहिंसा नहीं है वह तो नाम मात्र की अहिंसा है।

श्रमण संस्कृति के भगवान महावीर ने क्रांति की अलख जगाई, गांव-गांव घूमकर मानव समाज को अहिंसा और प्रेम का संदेश सुनाया। महावीर के समसामयिक महात्मा बुद्ध भी एक युग पुरुष थे। बुद्ध समाज की बुराईयों के साथ लड़े थे। संघर्ष किया था। करुणामूर्ति ईसा मसीह भी एक बहुत बड़ी शक्ति थे। विश्व को प्रेम और क्षमा का अमर संदेश प्रदान करते हुए कहा 'यदि दुश्मन तुम्हारे एक गाल पर तमाचा मारे तो तुम दूसरा गाल भी आगे कर दो। गांधी जी ने अंग्रेजों का सामना किया एक बहुत बड़ी शक्ति के साथ लड़े थे, पर अहिंसक बनकर लड़े। मानवीय जीवन के जितने भी क्षेत्र व विषय हैं उन सब में अहिंसा का प्रवेश है। सभी क्षेत्र अहिंसा की क्रीड़ा भूमि है।

**कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

# मातृशक्ति वंदन में ही गांधी जी का अभिनंदन!

हर साल 2 अक्टूबर को हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को याद करते हैं। ये दिन हमें राष्ट्र के प्रति समर्पित होने की सीख देता है। इस वर्ष गांधी जयंती का दिन इस लिहाज से अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि भारतीय संसद ने इस बार 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' पारित कर नारी सशक्तिकरण की दिशा में मिसाल कायम की है। गांधीजी के जीवन में मातृशक्ति का विशेष योगदान रहा है और उन्होंने विधायिका में महिला भागीदारी बढ़ाने की आवाज़ कई बार बुलंद की थी। दरअसल महात्मा गांधी अपनी पीढ़ी के उन चुनिंदा शख्सियत में से एक थे, जिन्होंने भारतीय समाज में महिलाओं की केंद्रीय भूमिका को उस वक्त पहचाना जब कांग्रेस के अंदर महिला भागीदारी और सवालों को लेकर कोई स्पष्ट रूपरेखा नहीं थी। 1931 में आयोजित दूसरे गोलमेज सम्मेलन में महात्मा गांधीजी ने विधायिका में महिला आरक्षण के पक्ष में कहा था कि, 'मैं उस विधायिका का बहिष्कार करूंगा, जिसमें महिला सदस्यों की उचित हिस्सेदारी नहीं होगी।' गांधीजी के इस विचार से हम समझ सकते हैं कि सामाजिक जीवन में महिलाओं की हिस्सेदारी को लेकर औपनिवेशिक काल में गांधी जी कितने मुखर थे।

महात्मा गांधी जी के जीवन-चरित्र पर प्रकाश डालते हैं, तो हम पाते हैं कि सुकरात और लियो टॉलस्टॉय का जितना असर उनके व्यक्तित्व पर था उससे कहीं अधिक वो अपनी माता पुतलीबाई, पत्नी कस्तूरबा सहित हर उस खास और आम स्त्रियों से प्रभावित थे। जो आज़ादी के आंदोलन में उनके आस-पास थीं। कहीं न कहीं यही वजह थी कि उन्हें समाज में महिलाओं की दिशा और दशा का भलीभांति ज्ञान था। गांधीजी अक्सर कहते थे कि, 'महिला-पुरुष की संयुक्त साझेदारी के बिना महिला सशक्तिकरण संभव नहीं है।' उनके अनुसार, यह साझेदारी आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षिक स्तर पर महिलाओं को मजबूत बनाये बिना संभव नहीं है और यह आज का सुखद आश्चर्य है कि प्रधानमंत्री मोदी इन सभी पहलुओं पर मातृशक्ति को मजबूत बनाने में अनवरत प्रयास कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने जन धन योजना के माध्यम से मातृशक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का बीड़ा उठाया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत महिलाओं को घर की चाबी सौंपकर महिलाओं को आर्थिक अधिकार दिलाया। तीन तलाक से निजात दिलाकर मुस्लिम महिलाओं के जीवन में नई उमंग और सामाजिक समरसता का बीजारोपण किया। स्वच्छता अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया कि घर और समाज को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी सिर्फ महिलाओं की नहीं, अपितु पुरुषों का भी इसमें योगदान होना चाहिए। बेटी-पढ़ाओ, बेटी बचाओ योजना ने लड़कियों को पढ़ने-पढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। 9.6 करोड़ महिलाओं को उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लाकर महिलाओं के जीवन पर छाए संकट के बादल को न सिर्फ दूर किया गया, बल्कि उनके जीवन में नया उजाला लाने का प्रयास हुआ ताकि महिलाएं भी बेहतर और सुरक्षित जीवनयापन कर सकें।

'लैंगिक न्याय' की जो परिकल्पना गांधी जी ने आज़ादी के पूर्व की थी। उसे मूर्तरूप देने का काम आज़ादी के अमृतकाल में किया गया। ऐसे में नि:संदेह जब भारत देश अपनी आजादी का शताब्दी वर्ष मना रहा होगा तो मातृशक्ति के उस महोत्सव में पूरी भागीदारी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एजुकेशन, इम्पलायमेंट एवं एम्पावरमेंट को आधार बनाकर विकास की मुख्यधारा में महिलाओं को लाने का कार्य किया है। आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कमतर नहीं नजर आती हैं। चंद्रयान की सफलता में भी नारी शक्ति का अहम योगदान रहा। तभी तो रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता का श्रेय भारत की नारी शक्ति को दिया और राष्ट्र को एक नई पहचान प्रदान करने के लिए उनके समर्पण और बलिदान की सराहना की। इतना ही नहीं उन्होंने 'नारी शक्ति वंदन' विधेयक को इसरो की महिला वैज्ञानिकों के साथ-साथ संपूर्ण महिला वैज्ञानिक समुदाय के लिए कृतज्ञ राष्ट्र का उपहार बताया। जो यह दर्शाता है कि वर्तमान समय में नारी शक्ति के स्वाभिमान को कितना महत्व दिया जा रहा है।

महात्मा गांधी जी ने महिलाओं के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अधिकारों की जो लड़ाई आज़ादी के पूर्व शुरू की थी। वह वर्तमान में छायादार वृक्ष बनकर फलीभूत हो रही है और अब महिला आरक्षण के लागू होने के पश्चात महिलाएं सिर ऊंचा कर संसद में अपना उचित प्रतिनिधित्व कर पाएंगी।

**- सोनम लववंशी, स्वतंत्र लेखिका एवं शोधार्थी**

देशबन्धु संस्कारधानी

5 बिलासपुर

बुधवार 4 अक्टूबर 2023

उल्टा पुल्टा

पूजा के समय पत्नी ने पति से पूछा।
पत्नी- सुनो जी आपको आरती याद है न?
पति- हां... वो पतली सी, वही न?
इसके बाद भगवान की बाद में , पति की 'पूजा' पहले हुई।

# इमलीपारा में फैला डायरिया, दो महिलाओं की मौत से मचा हड़कंप

**बिलासपुर,**3 अक्टूबर (देशबन्धु) । बिलासपुर के इमली पारा इलाके में डायरिया फैलने की खबर है। बताया जा रहा है कि सोमवार से ही यहां डायरिया के लक्षण दिखने लगे थे। उल्टी और दस्त के बाद कुछ लोगों को इमलीपारा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था, लेकिन उनकी हालत में सुधार न होने पर दो महिलाओं को अपोलो अस्पताल ले जाने का प्रयास हुआ,लेकिन रास्ते में ही मरीजो ने दम तोड़ दिया। मृतक दोनो महिला जिनमे 46 वर्षीय कमला कुर्रे और 28 वर्षीय उषा शर्मा है। कुर्रे और शर्मा परिवार की महिलाओं की मौत से इलाके में दहशत देखा जा रहा है। इधर पांच बच्चे भी अलग-अलग निजी अस्पतालों में भर्ती है।



आमतौर पर बारिश के मौसम में बिलासपुर के कई क्षेत्रों में डायरिया का प्रकोप देखा जाता है। इमली पारा रघुराज सिंह स्टेडियम के पीछे के इलाके में इस बार बरसात के अंतिम दिनों में यह असर नजर आया स्थानीय लोग बता रहे हैं कि यहां अमृत मिशन योजना के तहत पानी की सप्लाई की जाती है तो वही पुरानी पाइपलाइन जर्जर हो चुकी है। संभव है कि अमृत मिशन के नए पाइप लाइन में गंदगी होने से कई घरों में गंदा पानी भी पहुंच रहा होगा, जैसे कि सरकंडा इलाके में हुआ था। संभव है कि इससे ही डायरिया फैली हो । अलग-अलग घरों में डायरिया के मरीज मिलने से जल प्रदूषण को ही कारण माना जा रहा है। डायरिया के चलते आधे दर्जन से अधिक लोगों के प्रभावित होने और दो मौत के बाद भी इस क्षेत्र में प्रशासनिक हलचल नजर आई है। मौके पर पहुंचे निगम के जिम्मेदार अधिकारियों ने बताया कि इस इलाके में सभी पाइपलाइन सड़क के ऊपर से गुजर रही है और कोई भी पाइप नालियों के भीतर से नहीं गुजरी है। नगर निगम और मेडिकल टीम ने फिलहाल सैंपल कलेक्ट किया है, जिसकी जांच से ही स्पष्ट हो पाएगा कि डायरिया फैलने की वजह पानी है या कोई और कारण है। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने व्यवस्थाओं को लेकर अपनी नाराजगी जताई हैं जिनका कहना है कि बरसों पुरानी पाइपलाइन जर्जर हो चुकी है।

## राज्य स्तरीय कराटे चैम्पियनशिप का हुआ आयोजन

**बिलासपुर**, 3 अक्टूबर ( देशबन्धु) । बिलासा कप राज्य स्तरीय कराटे चेम्पियनशिप का भव्य आयोजन नर्मदा नगर सांस्कृतिक भवन बिलासपुर में सम्पन्न हुआ, कार्यक्रम के मुख्यातिथि बिलासपुर विधायक शैलेश पाण्डेय, डॉ विनोद तिवारी प्रिंस भाटिया,श्रीमती डॉक्टर उज्वला कराडे,श्रीमती किरण सिंह , मुकेश कुमार अधिजा ,स्मृति जैन,पायल लाठ,चंचल सलूजा समाज सेवी, के गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ,जिसमें बिलासपुर जिले से60महिला/पुरूष कराटे खिलाड़ियों ने प्रतिनिधित्व कर क्रमश:पदक जीतकर जिले को गौरान्वित किए हैं,उक्त चेम्पियनशिप में रायपुर,कबीरधाम,बेमेतरा,मुंगेली,जांजगीर चाम्पा,सक्ति,सारंगढ बिलाईगढ़,सरगुजा,कोरिया,सूरजपुर,बलरामपुर एवं मेजबान बिलासपुर जिले से 250+से अधिक महिला/पुरूष खिलाड़ियों ने कुमिते एवं काता इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए ,मुकाबले के विभिन्न आयु एवं वजन समूहों में जोरदार टक्कर देते हुए पदको पर कब्जा किए,बिलासा मार्शल आर्ट एकेडमी एवं राज्य कराटे संघ युनाइटेड शोतोकान कराटे के प्रदेशाध्यक्ष शिहान वरुण पाण्डेय,एवं सचिव दीपक घाड़गे द्वारा सभी विजेताओं,उपविजेताओ,कोच, मैनेजर एवं उपस्थित अतिथियों को पुरस्कार,प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया ।




## संपादकीय

### बड़े सपनों के लिये बड़े अपराध

*लालच ही मनुष्य को अपराध की राह पर ठेलती है। ऐसा कुछ भी पाने की इच्छा जो जायज न हो अथवा जिस पर खुद का कानूनी या नैतिक हक न हो, उसे पाने की कोशिश करना या प्राप्त कर लेना गैरकानूनी है। चोरी, लूट, डकैती, धोखाधड़ी, ठगी इसलिये आपराधिक कृत्यों में आते हैं क्योंकि जो कुछ लूटा या हथियाया जाये वह दूसरों का होता है। वैसे यह भी सच है कि कई लोग मजबूरी के चलते अपराध की दुनिया में आ जाते हैं या फिर उन्हें ऐसे कामों में डाल दिया जाता है। ऐसे लोग कम ही होते हैं जो इसे अपना पेशा बना लेते हैं। अब एक नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। लोग अब सिर्फ बुनियादी ज़रूरतों को पूरा करने के लिये अपराध नहीं कर रहे हैं वरन अपने बड़े सपनों को पूरा करने के लिये बड़े अपराध करने में भी नहीं हिचकिचा रहे हैं।*

*भिलाई में पीजी के रूप में रहने वाले लोकेश श्रीवास को गिरफ्तार कर उससे 25 करोड़ रुपये मूल्य के जेवर व नकदी बरामद की गई। उसके बारे में पुलिस ने जो खुलासे किये हैं वे चौंकाने वाले हैं और यह बतलाने के लिये काफी है कि समाज किस अवस्था में पहुंच चुका है। भिलाई के साथ दिल्ली व रायपुर से कई चोरियों को अंजाम देने वाला लोकेश कवर्धा में एक आलीशान सेलून खोलने का आकांक्षी था और इसी उद्देश्य से वह बड़ी चोरियां कर रहा था। अमूनन बड़ी घटनाएं करने वाले छोटे-बड़े समूहों में कार्रवाइयां करते हैं। इसके विपरीत लोकेश हर चोरी को अकेला करता आया है। उसकी महत्वाकांक्षा इतनी बड़ी थी कि वह सोने की कैंची, कंघी व उस्तरा से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भी बाल काटना चाहता है। इस सपने को पूरा करने के लिये वह अपराध कर राशि एकत्र कर रहा था। फिलहाल वह पुलिस की गिरफ्त में है जिसे दिल्ली से गिरफ्तार किया गया।*

*यह कृत्य बतलाता है कि अति महत्वाकांक्षा बहुत खराब होती है। जो लोग धन कमाने के लिए शार्टकट अपनाते हैं वे गलती करते हैं- यह इस घटना से साबित होता है। जीवन में बड़े सपनों को पूरा करने के लिये अपराध के जरिये रास्ता बनाना ठीक नहीं होता। सही योजना, समर्पण और कड़ी मेहनत के अलावा कोई दूसरी राह ठीक नहीं होती। गलत तरीकों से प्रारम्भिक स्तर पर कुछ सफलताएं मिल भी जाती हैं परन्तु वे स्थायी नहीं होती। टिकाऊ कामयाबी के लिये जीवन मूल्यों को अपनाना पड़ता है और उसी के अनुसार आगे बढ़ना होता है। वैसे तो सोने की कंघी, कैंची और उस्तरे से प्रधानमंत्री के बाल काटने की हसरत पालना ही बहुत हास्यास्पद है। अव्यवहारिक भी है। ऐसी कोई इच्छा है तो उसे पाने हेतु जायज रास्ता अपनाना चाहिये।*

## सार-संक्षेप

### आप प्रत्याशी डॉ.उज्वला पहुंची रतनपुर महामाया मंदिर में मत्था टेका,की चुनाव प्रचार की शुरूआत



**बिलासपुर,** 3 अक्टूबर ( देशबन्धु) । बिलासपुर से आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी बनाए जाने के बाद डॉ.उज्जवला कराड़े ने आज जिले के रतनपुर में मां महामाया मंदिर में मत्था टेककर अपने चुनाव प्रचार की शुरूआत की। इस दौरान उन्होने महामाया मां से आने वाले लोकसभा चुनाव में देश में केजरीवाल सरकार बनने और बिलासपुर में आम आदमी पार्टी की जीत का आशीर्वाद मांगा।बता दें कि उज्वला कराड़े के नाम की घोषणा होने के बाद आज उज्वला रतनपुर में मां महामाया के दरबार पहुंची इस दौरान उनके साथ देवेंद्र कुर्रे जिला उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ,ब्लॉक अध्यक्ष नेहा अली , वार्ड अध्यक्ष आज़म मिर्जा विक्रम बाकरे तरुण किशोर प्रियंका रवानी , वरिष्ठ कार्यकर्ता संतोष शुक्ला जी पवन अग्रवाल जी आलोक अग्रवाल जी मौजूद रहे। इस दौरान उज्वला ने कहा कि पूरा देश दिल्ली में केजरीवाल के दिल्ली मॉडल को देख रहा है और उसे अपनाना चाह रहा है छत्तीसगढ़ में भी आम आदमी पार्टी को व्यापक समर्थन मिल रहा है इस बार छत्तीसगढ़ में आदमी पार्टी की सरकार बनने जा रही है केजरीवाल और पंजाब सरकार ने गांव गरीब सहित हर वर्ग हर समुदाय के लिए काम किया है इस लिए जनता इस बार प्रदेश में केजरीवाल का माडल अपनाते हुए केजरीवाल सरकार बनाएगी है। उन्होने कहा कि इस चुनाव में जीतने के बाद मै बिलासपुर हित में काम करूंगी । और वर्षों से भाजपा कांग्रेस के चंगुल में फंसा बिलासपुर आजाद होगा। डॉ उज्वला रतनपुर पहुंचने के बाद भैरव बाबा मंदिर में भी दर्शन किया व बिलासपुर वासियों के लिए सुख शांति की कामना की।

### श्रीसूर्या पुष्पा फाउंडेशन को समाज सेवा के लिए भारतीय मिडिया फाउंडेशन ने किया सम्मानित




**बिलासपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु) । श्रीसूर्या पुष्पा फाउंडेशन लगातार सामाजिक धर्मिक कार्य कर रहा चाहे वो पेड़ लगाने को लेकर निर्धन बुजुर्गों की सेवा दिव्यांग के लिए प्रशानिक सेवा को लेकर निशुल्क क्लास चल रही है। इसके अलावा फाउंडेशन के डायरेक्टर गौरव शुक्ला ने बताया कि एक अलग ओर अनोखी मुहिम बच्चों को मोबाइल से दूर करने का अभियान चालू किया है। ओर लगातार इस अभियान में लोगो को जागरूक कर रहे है आगे अपनी टीम के द्वारा कार्य करते रहेगे ।पूरे छत्तीसगढ़ में ये सेमिनार चलता रहेगा उनका संकल्प है आज के बच्चे कल के भविष्य है और आगे वो श्रीसूर्या पुष्पा फाउंडेशन का वृद्धाआश्रम बनाने का संकल्प के साथ आगे बढेगे बीच बीच मे ब्लड डोनेशन भी कराते रहते है निशुल्क स्वस्थ शिविर का आयोजन भी कराते है महिला सशक्तिकरण पर भी कार्य कर रहे है आगे पूरी छत्तीसगढ़ में टीम बना के कार्य करेगे ।इसी कार्य के लिए उनको भारतीय मीडिया फाउंडेशन की तरफ से सम्मानित किया गया प्रमाण पत्र दिया गया आज के सम्मन को लेने में फाउंडेशन के डायरेक्टर गौरव शुक्ला जया साहू राधव साहू टिकेश्वर साव डॉक्टर रमेश वैष्णव धर्मेश व टीम मोजूद थी।

# लायंस क्लब का सेवा सप्ताह आरंभ

## 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह मनाया जायेगा

**बिलासपुर।** आज जिला चिकित्सालय में स्वच्छता अभियान के तहत प्रेरणा स्वरूप लायंस क्लब के सदस्य द्वारा साफ सफाई में भाग लिया एवं नगर निगम कर्मचारियों का बुके एवं नगद राशि से सम्मान किया एवं डॉ अनिल गुप्ता सी एम ओ द्वारा जिला चिकित्सालय के अंदर के सफाई कर्मचारी एवं स्टाफ एवं मरीज के परिजन के साथ एक मीटिंग कर लायंस क्लब द्वारा किए जा रहे कार्य का उद्बोधन मैं बताया लायंस क्लब द्वारा अस्पताल के सफाई कर्मचारियों का भी सम्मान बुके एवं नगद राशि से किया गया सफाई सामग्री फिनायल एसिड तीन प्रकार झाड़ू वाइपर कचरा उठाने वाला,स्ट्रेनर पाउडर जाला झाड़ू हर्पिक हैंड वाश आदि सफाई सामग्री दी गई इसके पश्चात पूरे अस्पताल मरीजों को लायंस क्लब बिलासपुर के द्वारा फल एवम बिस्कुट प्रधान का वितरण किया गया

डॉ अनिल गुप्ता जी बताया की डायलिसिस की 8 मशीने द्वारा 30 मरीजों की हर दिन निशुल्क डायलिसिस की जाती है लायंस सदस्यो द्वारा अस्पताल की सफाई देखकर इंचार्ज लक्ष्मी बोई सुपरवाइजर को सम्मानित किया गया तत्पश्चात लायंस भवन में आदरणीय महात्मा गांधी एवं आदरणीय लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं गांधी चौक जाकर लायंस क्लब बिलासपुर द्वारा माल्या अर्पण किया एवं लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में आदरणीय पं.लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया इस कार्यक्रम में कार्यक्रम संचालक -ला. मनजीत अरोड़ा अनिल सलूजा रमेश अग्रवाल दौलत खत्री गुरमीत गंभीर जसपाल आनंद अरविंद दीक्षित विमल केडिया नरेश लेखमनिया शैलेश बाजपेई इफ्तार सागरी लाइन मोहन होनप लाइन नरेश भंडारी सेवा सप्ताह संचालक लायन श्रीकांत सहारे लायन अध्यक्ष उमेश मुरारका शिव अग्रवाल लायन राम सिंह स्वर्णकार आदि लायंस क्लब के सदस्य की गरिमा में उपस्थित रही।




## लघु अवधि प्रशिक्षण कोर्स के लिए आवेदन 14 तक

**बिलासपुर,** 3 अक्टूबर ( देशबन्धु) । संस्थान प्रबंधन समिति महिला आईटीआई कोनी द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए रोजगार एवं स्वरोजगारमुखी शुल्क आधारित 6 माह की लघु अवधि विभिन्न प्रशिक्षण कोर्स में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये है। इच्छुक आवेदिका एकाउण्ट असिस्टेंट यूजिंग टेली विथ जीएसटी, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, ब्यूटी पार्लर, टेलर सिलाई मशीन एवं फैशन डिजाइनिंग का प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकती है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 अक्टूबर तक है। प्रवेश हेतु आवेदन फार्म एवं विस्तृत जानकारी हेतु संस्था कार्यालय में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है।

# नि:शुल्क कामर्स शिविर का आयोजन 5 से

**बिलासपुर** ,3 अक्टूबर ( देशबन्धु) । सर्वांगिण विकास एव रोजगार के अवसर दिलाने के उददेश्य से अखिल भारतीय कसौधन वैश्य महासभा ट्रस्ट के दवारा निःशुल्क कामर्स कक्षाएं शिविर का आयोजन दिनांक 5 अक्टूबर 2023 से किया जा रहा है।

11 वी और 12 वी समाज के युवती-युवाओं को कॉमर्स का प्रशिक्षण दीया जाएगा, कसौधन वैश्य समाज के इस प्रशिक्षण में भाग लेने हेतू अनुरोध किया गया है ।अखिल भारतीय कसौधन वैश्य महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एव जिला अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया की प्रशिक्षण का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे और दोपहर 4 बजे रात्रि 8 बजे तक रखा गया है उक्त प्रशिक्षण शिविर 7 दिनों का रखा गया है। प्रशिक्षण शिविर स्थान रेयान शिक्षा केंद्र, गुप्ता मोबाइल कॉम्प्लेक्स, गुप्ता एम्पायर, ग्राउंड फ्लोर, मेन रोड जूना बिलासपुर स्थित सेंटर में रखा गया है।

समाज के सभी लोगों से अनुरोध किया गया है कि इस शुभ अवसर का लाभ उठाकर बच्चों की प्रतिभा को सामने लाए, प्रशिक्षण के सभी प्रतिभाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने हेतू आधार कार्ड की फोटो कॉपी के साथ सेंटर में या उत्सव कार्ड, करबला रोड, जूना बिलासपुर स्थित कार्यालय में जमा कर अपना पंजीकरण मोबाइल नंबर 8871662937 मे भी पंजीकरण कराना जरूरी है उक्त प्रशिक्षण शिविर पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है।

# सामाजिक चेतना से ही राजनितिक ताकत मजबूत होगी- सुभाष

### बिल्हा में शहादत दिवस पर एसटी, एससी समाज के दस हजार लोग हुए इकट्ठे




**बिलासपुर,**3 अक्टूबर (देशबन्धु)। एसटी एससी समाज ने अपने गुरु और सम्राट के शहादत दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर उनको याद किया और उनके शहादत को बेकार नहीं जाने देने का प्रण लिया । दोनो समाज के प्रमुख के साथ बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। बिल्हा विधामसभा में इससे पहले इतना बड़ा आयोजना नही हुआ। शहादत दिवस पर समाज के लोगो ने राजनितिक चेतना जगाने के लिए योजना बनाई की किस तरह से समाज को अपनी जगह बनानी है अपने लोगो की भलाई के लिए काम करना है, सतनामी समाज के के डी बन्दे और आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष परते ने समाज को जोड़ने के लिए हर स्तर पर काम करने पर जोर दिया। सुभाष परते ने कहा की हमारी संख्या प्रदेश बड़ी है और हमारे समाज की हालत क्या है, समाज के लोगो छोटी छोटी चीजों के लिए परेशान होते है, हमको ऐसे लोगो को भी देखना होगा जो बड़े पद में बैठकर समाज के लोगो की मदद नही करते ,सामाजिक चेतना से ही राजनितिक ताकत मजबूत होगी । गैर छत्तीसगढ़िया हमारा हक मार रहे है हमारी संस्कृति को धूमिल कर रहे है, हमार सम्मान नहीं करते इन सब बातो को समाज को समझना पड़ेगा । हम सबके साथ चलते है लेकिन भला कुछ लोगो का होता । आज समाज को एक होने की जरूरत है ।बिल्हा विधामसभा में इस बार समाज निर्णायक भूमिका में है और समाज हित में कुछ बड़ा करना चहता है। कार्यक्रम में शिव नारायन चेचाम, भूपेंद्र मरकाम ,गेंद राम नेताम, सुभाषिनी कमल मरावी, समय सिंह नेताम, ग्वाल दास अनंत, हजारी लाल भारद्वाज, नारायन सांडे, राधेलाल रात्रे, हेमचंद्र मिरी, जितेंद्र जोगी, सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

# छत्तीसगढ़ में यादवों की संख्या के अनुपात में राष्ट्रीय पार्टियां दे टिकट नहीं तो सिखाएंगे सबक

### कांग्रेस-भाजपा दे यादवों को 5-5 टिकट

### छत्तीसगढ़ के यादव संगठनो ने मिलकर एक राय में लाया प्रस्ताव

**बिलासपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु) । छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद जातिगत समीकरण के हिसाब से राजनीतिक पार्टियों में टिकट वितरण में ओबीसी जातियों को साधने में पीछे नहीं रहती है। छत्तीसगढ़ में यादव समाज साहू जाति के बाद दूसरे नंबर पर आने वाला पिछड़ा वर्ग की जाति है, जिसे गत विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने अपनी ओर से तीन यादवों को विधानसभा का टिकट दिया था, जिसमें तीनों यादवो ने जीत दर्ज की थी। वहीं इसमें बीजेपी पीछे रह गई थी उसने सिर्फ एक यादव को चुनाव लड़ाया था। अब विधानसभा चुनाव के लिए गिनती के दिन रह गए है और राजनीतिक पार्टिया अपने सामाजिक समीकरण के हिसाब से छत्तीसगढ़ में निवासरत संख्या के अनुपात में जातियों को टिकट देकर साधने की कोशिश कर रही है। इसी कड़ी में अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी यादव ने मंगलवार को बिलासपुर प्रेस क्लब में पत्रवार्ता लेते हुए बताया कि कांग्रेस हो या बीजेपी या कोई भी राजनीतिक दलअगर यादवों का टिकट वितरण में समर्थन करेगा तो छत्तीसगढ़ में निवासरत 25 लाख यादव का समर्थन उसे प्राप्त होगा श्री यादव ने कहा कि लगातार एक महीने से छत्तीसगढ़ में अलग- अलग माध्यम से यादव संगठनों ने एक राय से यह तय किया है कि अगर उनकी जाति समाज की राजनीतिक उपेक्षा की गई तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राजनीतिक चेतना का जागरण अब हर समाज में हो चुका है इसी तरह यादव समाज भी अपने अधिकार को समझ चुका है जिससे उन्हें अब वंचित नहीं किया जा सकता। श्री यादव ने कहा कि अगर कोई राष्ट्रीय दल यादव समाज को राजनीतिक अधिकार से वंचित कर उसे पीछे धकेलने की कोशिश करेंगे तो छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिलों में यादव संगठनो के माध्यम से ऐसी राजनीतिक पार्टियों को सबक भी सिखाया जाएगा। श्री यादव ने विशेष कर कांग्रेस और भाजपा से आह्वान किया है कि उनकी पार्टी में 25-30 वर्षों से काम कर रहे हैं ऐसे राजनीतिक यादव कार्यकर्ता को वह कम से कम 5-5 टिकट देकर अपना प्रत्याशी बनाकर यादव समाज का सम्मान करें। प्रत्रवार्ता के दौरान अखिल भारतवर्षीय युवा महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी यादव, जिला अध्यक्ष नीरज यादव, कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत यादव, जिला सचिव अखिलेश यादव, अमित यादव, नितेश यादव, संतोष यादव सहित समाज के पदाधिकारी मौजूद रहें।




## डीईओ ने अनुकम्पा नियुक्ति के पूर्व मंगाई दावा-आपत्ति

**बिलासपुर,** 3 अक्टूबर ( देशबन्धु) । जिला शिक्षा अधिकारी ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए प्राप्त आवेदनों की छानबीन के क्रम में एक सप्ताह में आमजनता से दावा आपत्ति मंगाई है। फिलहाल 4 आवेदकों ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किये हैं।

डीईओ ने बताया कि तखतपुर विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला भरनी में शिक्षक के पद पर कार्यरत स्व. श्री रामकुमार ध्रुव के परिवार से उनकी पत्नी श्रीमती रेखा ध्रुव, कोटा विकाखण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मंझवानी के प्रधान पाठक स्व. श्री घनश्याम सिंह राय के पुत्र श्री अनुपम राय, मस्तूरी विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला खैरवारपारा में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत स्व. प्रमोद कुमार सोनी के आश्रित परिवार से श्री अनिल कुमार एवं कोटा ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला पहाड़बछाली में कार्यरत स्व. श्री शिवसेवक सिंह के परिवार से श्रीमती सरस्वती पैकरा ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है।

## सार-संक्षेप

### युवकों ने की सीआरपीएफ जवान से मारपीट

**कोरबा,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। छुट्टी पर आए सीआरपीएफ के जवान के साथ गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया है।

जानकारी के अनुसार मोहम्मद समीम बांगो थाना अंतर्गत ग्राम माचाडोली में रहता है। वर्तमान में श्रीनगर पहलगाम में सीआरपीएफ 116 बटालियन में आरक्षक के पद पर पदस्थ है व छुट्टी पर घर आया है। वह घरेलू काम से अपने कार से कटघोरा गया था। वापसी में रात करीब 8.45 बजे संतोष किराना दुकान माचाडोली के पास पहुंचा था कि सामने रोड के बीच में गांव के हेमंत यादव, शुभम यादव मोटर सायकल खड़ी कर आपस में बातचीत कर रहे थे जिसे देखकर अपने कार का हार्न बजाया। इतने में वे दोनों और उसके पास आए और हेमंत यादव ने कॉलर पकडक़र कार से खींचते हुए गाली-गलौच करने लगा। गाली देने से मना करने पर हेमंत यादव, शुभम यादव तथा उनके साथियों ने हाथ मुक्का से मारपीट किया। सडक़ पर मारपीट के बाद उसी की कार में बैठाकर कुछ दूर ले जाकर हाथ-मुक्का से पुन: मारपीट किया तथा कार में तोडफ़ोड़ कर नुकसान पहुंचाया। बांगो थाना में मोहम्मद समीम की रिपोर्ट पर हेमंत यादव, शुभम यादव एवं उनके साथी के विरुद्ध धारा 506, 323, 34, 427, 294 भादवि के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### जनचौपाल में सुनी गई आमजनों की समस्याएं, 440 आवेदन आए

कोरबा, 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन में आज डिप्टी कलेक्टर श्री विकास चौधरी ने जिला कार्यालय में आयोजित आज जनचौपाल में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनचौपाल में आज 440 लोगों ने आवेदन दिए। जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य इलाज हेतु सहायता, नौकरी की मांग, प्रधानमंत्री आवास निर्माण, आर्थिक सहायता, मुआवजा प्रकरण के निराकरण, लंबित मजदूरी भुगतान, बिजली समस्या संबंधी शिकायतें, नामांतरण, सीमांकन, पेंशन प्रकरण, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, सहायक उपकरण सहित अन्य आवेदन भी शामिल रहे।

### रोजगार मेला का आयोजन 5 को

कोरबा, 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोरबा में 5 अक्टूबर को रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। रोजगार मेला के माध्यम से एडवाईजर, इंश्योरेंस एडवाइजर के कुल 253 पदों पर युवाओं की नियुक्ति की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार आयोजित प्लेसमेंट कैंप में टी.आर.व्ही. इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड कोरबा के लिए एडवाईजर के 200 पदों पर नियुक्ति हेतु रिक्तियां प्राप्त है। उक्त पद पर केवल महिला आवेदकों की नियुक्ति की जाएगी। इसी प्रकार एल.आई.सी. ऑफ इंडिया कोरबा में इंश्योरेंस एडवाइजर के 53 पदों पर भर्ती की जाएगी। इस हेतु शैक्षणिक योग्यता 10वीं-12वीं उत्तीर्ण एवं आयु सीमा 18 से 50 वर्ष अनिवार्य है। इच्छुक आवेदक उक्त तिथि को सुबह 11 बजे उपस्थित होकर अपनी योग्यता के अनुसार रोजगार के लिए अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

### अधिकारियों ने ली अंगदान की शपथ

कोरबा, 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशानुसार मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयुष्मान भव अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. केसरी ने विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को अंगदान की शपथ दिलाई।

### अब तक सर्वाधिक वर्षा दर्री तहसील में

**कोरबा,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में 01 जून से अब तक 1056.8 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 02 अक्टूबर तक औसत वर्षा 1181.2 मिमी हुई है। बीते 24 घंटों में जिले में 2.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है।

भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील कोरबा में 1142.7 मिमी, भैंसमा में 1119.9 मिमी, करतला में 1178.2 मिमी, कटघोरा में 1139.4 मिमी, दर्री में 1210.6 मिमी, पाली में 836.8 मिमी, हरदीबाजार में 859.4 मिमी, पोड़ी-उपरोड़ा में 987.0 मिमी एवं पसान में 1037.6 मिमी वर्षा हो चुकी है। अब तक सर्वाधिक वर्षा दर्री तहसील में दर्ज की गई है।

### राताखार व तुलसीनगर के युवा भाजपा में शामिल

कोरबा, 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोरबा विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन के घोषणा होने के बाद से भाजपा प्रवेश करने वाले का क्रम जारी है। राताखार एवं तुलसी नगर के युवाओं ने भाजपा की रीति-नीति तथा भाजपा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर उनके निवास चारापारा कोहडिय़ा में पहुंचकर पार्टी में प्रवेश किया। लखनलाल देवांगन ने सभी नव प्रवेशी कार्यकर्ताओं का गमछा पहनाकर स्वागत किया। भाजपा प्रवेश करने वालों में केशव प्रसाद साहू, गोपेश साहू, लक्ष्मी नारायण, संजय कुमार साहू, घासीराम आदित्य, संजय लहरे, कृष्ण कुमार यादव, कृष्णा साहू, रामेश्वर आदित्य, कार्तिक पटेल, नकुल बरेठ, संदीप लहरे, मायाराम उरांव, लकेश्वर कर्ष शामिल हैं।

### जेसीसीजे के दीपनारायण प्रदेश प्रवक्ता बने

कोरबा, 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे की राष्ट्रीय अध्यक्ष, विधायक डॉ. रेणु जोगी के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर समाचार पत्रों, न्यूज चैनल डिबेट तथा अन्य मीडिया प्लेटफार्म में पार्टी का प्रतिनिधित्व करने के पार्टी की ओर आधिकारिक प्रवक्ताओं सूची जारी की है। इसमें प्रमुख रूप से डॉ. हरिदास भारद्वाज, रामनिवास तिवारी, भगवानू नायक, डॉ. सौरभ झा, अविरल सिंह, दीप नारायण सोनी, अश्वनी यदु, ऋचा जोगी, जहीर खान, प्रदीप साहू शामिल हैं।

### लायंस क्लब के सेवा सप्ताह का शुभारंभ



कोरबा, 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। लायंस क्लब ऑफ कोरबा की सेवा सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। गांधी जयंती पर गांधी चौक में महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सेवा सप्ताह कार्यक्रम का शुरुआत किया। कार्यक्रम का संचालन एवं अध्यक्षता लायंस क्लब अध्यक्षा मीना सिंह ने की। एमजेएफ जयप्रकाश अग्रवाल, आनन्द प्रसाद जायसवाल, कामायनी दुबे, सत्येन्द्र वासन, एमजेएफ राजकुमार अग्रवाल (श्वेता), नंदकिशोर अग्रवाल, रोहित राजवाड़े, शिवराज सिंह, शहनाज शेख, बृजमोहन शर्मा, रमेश शर्मा एवं अन्य सभी सदस्यों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

# लाशों पर खड़े किए जा रहे मुनाफे के महल-माकपा

### किसानों को पट्टा और अधिग्रहित जमीन वापस लौटाने के लिए घेरा कलेक्ट्रेट

**कोरबा,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। एसईसीएल की कोरबा जिले में संचालित परियोजनाओं के लिए वर्षों पहले अधिग्रहित की गई जमीनों को मूल खातेदार किसानों को वापस करने के साथ ही क्षेत्र में काबिज भू-विस्थापितों को पट्टा देने की मांग उठी है। विभिन्न 14 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलनरत रहने वाले क्षेत्रवासियों ने आज कलेक्ट्रेट का घेराव कर दिया। कलेक्ट्रेट के सामने ही दरी बिछाकर भू-विस्थापितों ने डेरा डाल दिया और बारिश में भी छाता लेकर डटे रहे। यहीं पर खाया-पिया भी। समाचार लिखे जाने तक भू-विस्थापितों का प्रदर्शन कलेक्ट्रेट के सामने जारी रहा वहीं अधिकारियों के द्वारा नेतृत्वकर्ताओं से समझौता के लिए चर्चा की जाती रही।

अपनी मूलभूत समस्याओं का निराकरण व लंबित मांगों का समाधान के लिए प्रभावित भू-विस्थापित एसईसीएल और जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा दिए जा रहे आश्वासन से थक कर अब आर-पार की लड़ाई लडऩे का मन बना बैठे हैं। संयुक्त रूप से आज दोपहर घंटाघर में एकत्र हुए भू-विस्थापितों ने रैली निकाली और कलेक्ट्रेट के समक्ष पहुंचकर दोपहर 1 बजे से घेराव शुरू कर दिया। माकपा के जिला सचिव प्रशांत झा ने बताया कि जमीन देने के बाद आज भी हजारों भू-विस्थापित पट्टा, जमीन वापसी, रोजगार, बसावट और मुआवजा के लिए कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं।

अधिग्रहण के बाद जिन जमीनों पर 40 सालों में भी कोल इंडिया ने भौतिक कब्जा नहीं किया है और मूल किसान ही पीढिय़ों से काबिज है, उन्हें किसानों को वापस किया जाना चाहिए। जब किसानों की जबरन अधिग्रहित भूमि पर काबिज लोगों को पट्टे दिए जा रहे हैं, तो पुनर्वास गांवों के हजारों भू-विस्थापित किसानों को पट्टों से वंचित रखना समझ के परे हैं। इस क्षेत्र में जिला प्रशासन की मदद से एसईसीएल ने अपने मुनाफे का महल किसानों और ग्रामीणों की लाश पर खड़ा किया है। माकपा और किसान सभा इस बर्बादी के खिलाफ भू विस्थापितों के चल रहे संघर्ष में हर पल उनके साथ खड़ी है।

5 अक्टूबर को आपातकालीन बैठक बुलाई गई है। इसके साथ ही आज रात नौ बजे आंदोलन समाप्त हुआ।

### 50 से अधिक गांवों के भू-विस्थापित बारिश में भी डटे



### कुसमुंडा में 700 दिन से धरना-प्रदर्शन जारी

किसान सभा और भू-विस्थापितों के नेता जवाहर सिंह कंवर, दीपक साहू, जय कौशिक, शिवदयाल कंवर, देवकुमार पटेल, विजय कंवर, बसंत चौहान, सुभद्रा कंवर, बहेतरीन बाई कंवर ने कहा कि कुसमुंडा में जमीन के बदले रोजगार की मांग को लेकर 7 दिनों से धरना प्रदर्शन चल रहा है और समस्याओं की ओर कई बार प्रशासन और प्रबंधन का ध्यान आकर्षित किया गया है, लेकिन भू-विस्थापितों की समस्याओं के निराकरण के प्रति कोई भी गंभीर नहीं है। कोयला की दो दिनों तक आर्थिक नाकेबंदी के बाद त्रिपक्षीय वार्ता को टाला गया इसलिए अब कलेक्ट्रेट का घेराव किया जा रहा है। भू-विस्थापित नेता रेशम यादव, दामोदर श्याम ने कहा कि जिनकी जमीन एसईसीएल ने ली है, उन्हें बिना किसी शर्त के रोजगार दिया जाये क्योंकि जमीन ही उनके जीने का एकमात्र सहारा थी। आज भू-विस्थापित भुखमरी के कगार पर खड़े हैं इसलिए पूरे परिवार सहित कलेक्ट्रेट घेराव में शामिल हुए हैं।

### इन मांगों पर चर्चा

जिन किसानों की जमीन अधिग्रहण की गई है और जा रही है उन सभी छोटे बड़े खातेदारों को रोजगार, शासकीय भूमि पर कबिजों को भी परिसंपत्तियों का पूर्ण मुआवजा एवं बसाहट, एसईसीएल में आऊट सोर्सिंग के कार्यों में भू-विस्थापितों एवं प्रभावित बेरोजगारों को शत प्रतिशत रोजगार, प्रभावित एवं पुनर्वास गांव की महिलाओं को स्वरोजगार, पुनर्वास गांव गंगानगर में तोड़े गए मकानों, शौचालयों का क्षतिपूर्ति मुआवजा, डिप्लेयरिंग प्रभावित सुराकछार बस्ती के किसानों को नुकसान का क्षतिपूर्ति मुआवजा, बांकी माईन्स की बंद खदान के पानी को मड़वाढोंढा, बांकी बस्ती, पुरैना और आस-पास के खेतों की सिंचाई और तीनों गांव के तालाबों को भरने की व्यवस्था, पुनर्वास सभी गांव को पूर्ण विकसित मॉडल गांव बनाकर सभी मूलभूत सुविधाएं देने, भू-विस्थापित परिवारों के सभी सदस्यों को नि-शुल्क स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने, पुराने लंबित रोजगार प्रकरण में जिन भू विस्थापितों का सत्यापन नहीं हुआ है उनका शिविर लगाकर सत्यापन कराने तथा अधिग्रहण वाले किसानों को रोजगार, मुआवजा एवं अन्य सुविधा देने तक उसकी जमीन पर किसी प्रकार का खनन कार्य नहीं किए जाने की मांग भी शामिल हैं।

### निर्वाचक नामावली का प्रकाशन, राजनीतिक दलों की बैठक आज

**कोरबा,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में 4 अक्टूबर का जिले के सभी विधानसभाओं में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इस हेतु 4 अक्टूबर को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि के अंतर्गत 04 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 20 रामपुर, 21 - कोरबा, 22 - कटघोरा एवं 23 - पाली तानाखार के सभी मतदान केंद्रों, जिला निर्वाचन कार्यालय, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण कार्यालयों तथा विहित स्थानों में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों एवं सेवा निर्वाचकों से संबंधित मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में आयोजित बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष या प्रतिनिधियों को उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### बाईक में घुसा था कोबरा, कूदकर बचाई जान



कोरबा, 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। समय रहते सजग हुआ बाइक चालक सर्पदंश का शिकार होने से बच गया। सर्पमित्र जितेन्द्र सारथी ने बाइक में घुसे कोबरा का सफल रेस्क्यू किया।

बताया गया कि ढेलवाडीह का निवासी नरेंद्र पात्रे कल रात तकरीबन 9.30 बजे जिला अस्पताल से वापस लौट रहा था कि ग्राम दादर खुर्द मार्ग से गुजरते वक्त उसको लगा की पैर में कोई चढ़ रहा है। उसने गाड़ी चलाते पैर की ओर देखा तो एक सांप पैर पर चलता नजर आया जो ऊपर चढऩे की कोशिश कर रहा था। यह देख नरेंद्र तुरंत गाड़ी से कूद गया। आसपास खड़े लोग दुर्घटना की आशंका से वहां दौड़े चले आए जिन्हें बताया कि गाड़ी में सांप है। देखते ही देखते लोगों की भीड़ लग गई। इसकी जानकारी वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम प्रमुख जितेंद्र सारथी को दिया गया। जितेंद्र सारथी ने थोड़ी देर में मौके पर पहुंचकर मैकेनिक की मदद से गाड़ी की सीट और टंकी को खुलवाया तो देखा कि कोबरा सांप पेट्रोल टंकी के नीचे बैठा है। बड़ी सावधानी से जैक रॉड की मदद से बाहर निकाल पाने में कामयाब हुए तक जाकर गाड़ी मालिक के साथ आम जनों ने राहत की सांस ली। आमजनों से रेस्क्यू पर धन्यवाद ज्ञापित किया फिर कोबरा सांप को जंगल में छोड़ दिया गया। जितेंद्र सारथी ने बताया कि सांप ने पैर पर चलने के बावजूद काटा नहीं क्योंकि जब तक सांप को खतरा महसूस नहीं होता, वह इन्सान को नुकसान नहीं पहुंचाता। इस तरह की घटना से लोगों को सीख लेने की आवश्यकता है कि स्कूटी, बाइक चालू करने से पहले अच्छे से जांच कर लेवें।

### कीटनाशक लेने गए किसान को हाइवा ने रौंदा, मौत

**कोरबा,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। हाईवा के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर पैदल सडक़ पर चल रहे व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया। जानकारी के अनुसार उरगा थाना अंतर्गत ग्राम तिलकेजा कलमीभाठा निवासी राघवेन्द्र प्रसाद यादव अपने खेत में धान की फसल बोया था। फसल में माहो बीमारी बड़े पैमाने पर होने से अपने घर से अपना आटो को स्वयं चलाकर कीटनाशक दवाई लेने सोमवार को करीबन शाम 6 बजे निकला था। बरपाली बस स्टैंड के पास मेडिकल से कीटनाशक दवाई लेकर अपने आटो को बस स्टेण्ड में छोडक़र लघुशंका करने के लिये आगे चांपा रोड के पास गया। लघुशंका कर वापस पैदल आते समय उरगा बरपाली तरफ से आ रही हाईवा क्रमांक सीजी-15डीएक्स-4512 के चालक द्वारा एक्सीडेंट करने से राघवेन्द्र की मौके पर ही मृत्यु हो गई। उरगा पुलिस ने मृतक के भाई कौशलेन्द्र प्रसाद यादव की सूचना पर मर्ग कायम कर पंचनामा कार्यवाही किया।

### बाल विहार के बच्चों ने लिया स्वच्छता का संकल्प



**कोरबा,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। बाल विहार स्कूल पम्प हाउस छात्रों के सामाजिक एवं व्यक्तित्व विकास के लिए नित्य नए कार्यक्रम आयोजित करता है। इसी कड़ी में 2 अक्टूबर को स्वच्छता का रखना हमेशा ध्यान, तभी तो बनेगा हमारा भारत महान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री ने गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर 2014 को इस अभियान का आगाज किया था। स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार की एक प्रशंसनीय कोशिश है जिसमें हर विद्यालय, हर ग्राम पंचायत, हर नगरीय क्षेत्र समाहित है, जिसे स्वच्छ बनाना हमारा अहम दायित्व है। आज हमारे विद्यालय प्रांगण में ठीक इसी प्रकार स्वच्छता अभियान को ध्यान में रखते हुए सभी छात्र-छात्राओं द्वारा एवं शिक्षकों के द्वारा अपने विद्यालय प्रांगण को स्वच्छ करते हुए, इस संकल्प को पुन: दोहराया है। इस अवसर पर महात्मा गाँधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर मल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य केएम बिनिल कुमार, सभी शिक्षकगण तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

### डीएलसीसी एवं डीएलआरसी की बैठक कल

**कोरबा,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। मार्गदर्शी बैंक योजना अंतर्गत जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक कलेक्टर सौरभ कुमार की अध्यक्षता में 5 अक्टूबर को शाम 04 बजे कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी।

बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं हेतु वित्तीय वर्ष की उपलब्धि पर चर्चा, पीएमईजीपी और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना पर चर्चा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना पर भी चर्चा की जाएगी। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जन-धन योजना, ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन बैंक शाखा स्थापना एवं पशुपालकों, मत्स्य पालकों एवं उद्यानिकी हेतु किसान क्रेडिट कार्ड पर भी चर्चा की जाएगी।

### जनविरोधी नीतियों के विरूद्ध किया गया प्रदर्शन




**कोरबा-बालकोनगर,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर केंद्र सरकार की मजदूर, किसान और आम जन विरोधी नीतियों के खिलाफ तथा भाजपा के केंद्रीय नेता अजय प्रसाद टेनी को गिरफ्तार कर पद से बर्खास्त करने की मांग पर संयुक्त प्रदर्शन किया गया। मजदूरों का शोषण बंद करने, किसानों पर आंदोलन के समय दर्ज मुकदमों को वापस लेने की मांग पर राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन एटक, इंटक, एचएमएस, सीटू ने संयुक्त रूप से परसाभांठा आजाद चौक में एक दिवसीय धरना देकर काला दिवस मनाया। अन्य मांगों चार श्रम संहिता बिल को रद्द करने, न्यूनतम मजदूरी 26000 करने, किसानों से हुए समझौतो को लागू करने, किसानों के अनाजों का समर्थन मूल्य तय करने, मनरेगा के मजदूरों को 600 प्रतिदिन के हिसाब से 200 दिन का काम लेने, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों और कंपनियों का निजीकरण करना बंद करने आदि पर भी धरना प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर एटक से एस के सिंह, सुनील सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र सिंह, मुकेश यादव, मनोज प्रजापति, महताब खान, दिलीप शर्मा, देवेंद्र सिंह, ठाकुर ,मनीष नाग, इंटक से जयप्रकाश यादव, रमेश जांगिड़, विमलेश साहू, मनोज अनंत, संदीप सिंह चंदेल जटवार, सीटू से एस एन बनर्जी, आरडी चंद्रा, अमित गुप्ता ,संजय अग्रवाल ,नागराज, लोकेश, एचएसएस से प्रजापति आदि काला दिवस में उपस्थित हुए।

# शासकीय विद्यालयों के गरीब विद्यार्थियों को जेईई व नीट की नि:शुल्क कोचिंग

### मुख्यमंत्री ने किया स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का ऑनलाइन शुभारंभ






**कोरबा,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय से स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का ऑनलाइन शुभारंभ किया।

इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस भारतीदासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे। योजना का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय स्कूलों में पढऩे वाले गरीब बच्चों के लिए निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था शुरू करने की घोषणा की गई थी। इसी तारतम्य में समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम एवं ऐलन कैरियर कोचिंग इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह योजना बच्चों के सुनहरे भविष्य को गढऩे में अहम साबित होगी। उन्होंने योजना को लेकर स्कूल एवं शिक्षा विभाग द्वारा तैयार ब्रोशर का भी विमोचन किया। इस अवसर पर कोरबा जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय साडा कन्या विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर सौरभ कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने जेईई एवं नीट परीक्षा की तैयारी के लिए इच्छुक विद्यार्थियों को बधाई दी और योजना का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

### 178 छात्र-छात्राओं ने कराया पंजीयन

जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज ने कहा कि जिले के सभी पांचों ब्लॉक में स्वामी आत्मानंद कोचिंग की व्यवस्था की गई है। अर्बन व रूरल सेंटर के रूप में स्वामी आत्मानंद साडा कन्या विद्यालय और एनसीडीसी शासकीय स्कूल में व्यवस्था है। जिले के शासकीय स्कूलों के कुल 178 छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराया है, जिसमें 37 बालक एवं 141 बालिकाएं हैं। आगे भी पंजीयन जारी है।

### नि:शुल्क कोचिंग योजना हमारे लिए वरदान

नि-शुल्क कोचिंग योजना के शुरू होने से उत्साहित छात्रा कुमारी रुचि गुप्ता ने कहा कि यह योजना उनके लिए वरदान है क्योंकि महंगे कोचिंग का खर्च उनका परिवार वहन नहीं कर सकता। छात्रा कुमारी लता गोंड़ ने कहा कि वह इंजीनियर बनना चाहती है, लेकिन कोचिंग के लिए बाहर जाने एवं खर्च वहन करने में सक्षम नहीं है, अब उसका सपना पूरा हो सकेगा। विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

### मुख्यमंत्री ने की बड़ी घोषणा

मुख्यमंत्री ने शुभारंभ अवसर पर बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि नीट एवं जेईई की ऑनलाईन कोचिंग की व्यवस्था छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 146 विकासखण्डों एवं 4 शहरों में की जा रही है। निकट भविष्य में पीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की सर्वसुविधा युक्त बेहतर ऑनलाईन कोचिंग की व्यवस्था भी सभी विकासखण्डों में प्रारंभ की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### जिले में स्वामी आत्मानन्द कोचिंग सेंटर का किया गया शुभारंभ

**मनेन्द्रगढ़** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शासन कि महत्वकाक्षीं योजना स्वामी आत्मानंद कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया। ताकि गरीब से गरीब का बच्चा भी उच्च शिक्षा से वंचित न रहे। आज उन्होंने राज्य के 146 विकासखंड मुख्यालय के चयनित शालाओं तथा चार नगर निकायों में ऑनलाइन के माध्यम कोचिंग प्रारम्भ किया। प्रत्येक केन्द्र में 50 छात्र जेईई के तथा 50 छात्र नीट के पंजी कृत रहेंगे। मनेन्द्रगढ़ कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में स्वामी आत्मानंद कोचिंग सुविधा प्रारम्भ की गयी है। कोचिंग हेतु ऑन लाईन अध्यापन के लिए मान्यता प्राप्त कोचिंग संस्था एलन कैरियर कोचिंग प्राइवेट लिमिटेड कोटा राजस्थान द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। छात्र एवं छात्राओं का चयन विकासखण्ड स्तर पर 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को मेरिट लिस्ट बनाकर किया गया है। मनेन्द्रगढ़ के कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला से जेईई के लिए 14 बालक एवं 14 बालिकाओं तथा नीट के लिए 16 बालक एवं 34 बालिकाओं का चयन किया गया है। इनमें अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम दोनों शामिल है। इनमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला मनेन्द्रगढ़, कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला मनेन्द्रगढ़ आदिम जाति कल्याण विभाग, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला मनेन्द्रगढ़, उच्चतर माध्यमिक शाला लालपुर, उच्चतर माध्यमिक शाला बेलबहरा, स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम शाला मनेन्द्रगढ़ के छात्र एवं छात्राएं शामिल है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा, बीईओ सुरेन्द्र जायसवाल, बीआरसी अजय राय, नोडल प्राचार्य सत्येन्द्र सिंह, व्याख्याता टी. विजय गोपाल राव, नारायण तिवारी, तकनीकी सहायक व्याख्याता जशवंत डहरिया, मनोज पाण्डेय, नोडल विषय शिक्षक इरफान खान, एस.एन. यादव, पारसमणि, दिलेश्वर बडा, संदीप कुमार, गुड्डू रजक, सुनीता मिश्रा, अलका पाण्डेय सहित कोंचिग प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

### जमील शाह बने प्रदेश मंत्री

**मनेन्द्रगढ़** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। मोहम्मद कमर सिद्दीकी राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय पसमांदा मंच एवं एम.डी. शमीम जी छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष की सहमति से छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की गई। जिसमें एम.सी.बी. जिले के जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ से पूर्व पार्षद एवं पूर्व मंडल महामंत्री जमील शाह जी को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए प्रदेश मंत्री का दायित्व दिया गया एवं चिरिमिरी से वाहिद सिद्दीकी जी को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। भारतीय पसमांदा मंच (भाजपा समर्पित संगठन) के हित में एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास को सकार करने में अपना योगदान देंगे एवं जनहित योजनाओं को आम जन तक पहुंचाकर निरंतर कार्य करते हुए भारतीय पसमांदा मंच को और मजबूत करेंगे।

### नगर पंचायत स्वच्छता अभियान में लगा रहा बट्टा

**रायगढ़** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर पूरे देश को स्वच्छता के साथ स्वस्थ रखने का संदेश दिया है प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य में सार्वजनिक स्थानों देव स्थलों के आसपास साफ रखने की अपील की थी जिस तारतम्य में पूरे देश मे स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है वही इसके उल्ट घरघोड़ा नगर पंचायत प्रधानमंत्री के संदेश और राज्य शासन के आदेशों को ठेंगा दिखा रहे है।

घरघोड़ा नगर पंचायत के अधिकारी सिर्फ फोटो खिंचवा कर अपने कर्तब्यों से इतिश्री कर ले रहे है। घरघोड़ा नप के सार्वजनिक जगहो के साथ देव स्थलों के आसपास फैली गंदगी बताती है कि घरघोड़ा नगर पंचायत का स्वछता अभियान कितना कारागार है विभाग इन महत्वपूर्ण जगहों को ही साफ रखने में सफल होते तो नगर स्वच्छ और स्वस्थ नगर बन सकता है। वही जिले में डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए भी नगर पंचायत कोई सिख नही लेना चाहता है कागजो में ही सभी कार्य को निपटा दिया जा रहा है सफाई कार्य को पूरी तरह से नजर अंदाज किया जा रहा है। नगर की नालियां बजबजा रही है गंदगी की बदबू की वजह से लोगो का नालियों के आसपास रहने वालों का रहना चलना दुश्वार हो गया है। नगर पंचायत जिस तरह से भ्रस्टाचार में लिप्त है उसी तरह नगर में सफाई कार्यो में लिप्त हो जाये तो शायद नगर की दिशा दशा बदल सकती है।

### दरवाजे का कुंदा खोलकर एलईडी लाइट व स्पीकर की चोरी

**रायगढ़** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। दरवाजे का कुंदा खोलकर एलईडी लाईट व स्पीकर चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए रिमांड पर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार आज दोपहर पुलिस चैकी खरसिया में ग्राम मौहापाली में रहने वाले दूजे राम राठिया पिता रेशम लाल राठिया उम्र 35 वर्ष द्वारा लिखित आवेदन देकर उसके घर से 08 नग एलईडी लाइट और 15 इंच का स्पीकर चोरी होने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराया, जिसने बताया कि 28 सितंबर की रात्रि घर पर खाना खाकर सोया हुआ था, सुबह जब उठा तो देखा घर में रखे 8 नग एलईडी लाइट और 15 इंच का स्पीकर नहीं था, किसी अज्ञात चोर ने घर के पीछे का दरवाजा कुंदा खोलकर सामानों की चोरी कर ले गया था जिसे अपने स्तर पर पता कर रहा था। तब गांव के कौशल पटेल उर्फ गब्बर नाम के युवक के चोरी करने संबंध में जानकारी मिली। पुलिस चैकी खरसिया में नकबजनी का अपराध (धारा 457,380 आईपीसी) दर्ज कर चैकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक मनीष कांत सिंह द्वारा संदेही कौशल पटेल उर्फ गब्बर को तत्काल हिरासत में लेकर चोरी के संबंध में हिकम्त अमली से पूछताछ किया गया। आरोपी – कौशल पटेल उर्फ गब्बर पिता रामचरण पटेल उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम मौहापाली खरसिया द्वारा चोरी करना स्वीकार किया जिसके मेमोरंडम पर 08 नग एलईडी लाइट, 15 इंच का स्पीकर जुमला कीमती लगभग 25,000 की मशरूका की जप्त कर आरोपी को नकबजनी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### मतदाता निर्वाचक नामावली में जुड़वा सकते हैं नाम

**अम्बिकापुर** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी निर्वाचन में लोकतंत्र को मजबूत बनाने शत प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार ने अपील की है कि ऐसे मतदाता, जो अब तक मतदाता सूची में अपना नाम नहीं जुड़वा पाए हैं, उनके पास अब भी मौका है कि आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करवाकर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि निर्वाचक नामावली हेतु फॉर्म 6 में नया नाम जोड़ने एवं फॉर्म 8 के संशोधन वाले फॉर्म नामांकन के अंतिम दिवस के 10 दिन पहले तक प्राप्त कर आवेदन नामांकन के अंतिम दिवस तक निराकृत किए जाते हैं।निर्वाचन की घोषणा होते ही नाम विलोपन यानी फॉर्म 7 की प्रक्रिया बंद हो जाती है। घोषणा के दिन तक प्राप्त सभी फॉर्म 7 का निपटारा अगले 10 दिनों के अन्दर पूर्ण कर लिया जाता है। इसी प्रकार फॉर्म 8 के संशोधन से सम्बंधित नए आवेदनों की प्रक्रिया बंद हो जाती है एवं घोषणा के दिन तक प्राप्त ऐसे सभी आवेदनों का निपटारा अगले 10 दिनों के अन्दर पूर्ण कर लिए जाने के निर्देश हैं। इस प्रकार नामांकन के अंतिम दिन नामावली फ्रीज हो जाएगी। विलोपन एवं संशोधन का काम घोषणा के 10वें दिन बंद हो जावेगा इसलिए घोषणा होने के 10 दिन बाद मूल नामावली प्रिंट कराई जा सकती है।

# मुख्यमंत्री ने स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का किया शुभारंभ

## सपनों को मिलेगी नई उड़ान




**छात्रों को उज्जवल भविष्य की दी शुभकामनाएं**

**अम्बिकापुर** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का शुभारंभ किया। जेईई व नीट के प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विद्यार्थी अब निशुल्क तैयारी कर सकेंगे। मुख्यमंत्री बघेल ने राजधानी रायपुर के अपने निवास कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से इस योजना का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल और स्कूल शिक्षा मंत्री श्री रविन्द्र चौबे के समक्ष स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना संचालन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम एवं ऐलन कैरियर कोचिंग इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

जिले के सभी विकासखण्ड में स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के तहत निशुल्क कोचिंग संचालित किए जाएंगे। इस कोचिंग योजना के लिए अभी तक जिले में हिन्दी माध्यम के 380 छात्रों एवं अंग्रेजी माध्यम के 56 छात्रों ने पंजीयन कराया है। शासन द्वारा संचालित निशुल्क कोचिंग योजना से विद्यार्थियों के सपनों को नई दिशा मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने वर्चुअल माध्यम से जिले की मेंड्रा कला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा उषा राजवाड़े से बात की। छात्रा ने बताया कि वे इंजीनियरिंग करना चाहती हैं लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की वज़ह से वो महंगे कोचिंग संस्थान में दाखिला नहीं ले सकती थी, लेकिन शासन द्वारा निशुल्क कोचिंग योजना की शुरुआत ने उनके सपने को पूरा करने का हौसला बढ़ा दिया। उषा ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री बघेल को धन्यवाद देते हुए आभार जताया। तो वहीं मुख्यमंत्री ने सभी छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी

स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के लिए पात्र होने के लिए कक्षा दसवीं में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं और कक्षा 12वीं में अध्यनरत छात्रों को कोचिंग दी जाएगी। विद्यार्थी को संबंधित विकासखंड, शहर के शासकीय स्कूलों में कक्षा 12 वीं का नियमित विद्यार्थी होना अनिवार्य होगा। विकासखंड मुख्यालय की स्कूलों में कक्षा 12वीं में जीव विज्ञान और गणित संकाय में अध्ययनरत विद्यार्थी ही इस योजना के लिए पात्र होंगे।

प्रत्येक कोचिंग सेंटर में 75 से 100 विद्यार्थियों का प्रवेश दिया जाएगा। इसमें प्री-मेडिकल तथा प्री-इंजीनियरिंग के लिए अधिकतम 50-50 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। प्रदेश के विकासखण्ड और शहरों सहित 150 कोचिंग सेंटर के माध्यम से निशुल्क कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह सुविधा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी।

## जिले के समस्त विकासखण्डों के 415 विद्यार्थियों ने कराया पंजीयन




**बलरामपुर.** इंजीनियरिंग एवं मेडिकल में छात्रों को चयन के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने वर्चुअल माध्यम से अपने निवास कार्यालय से किया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री श्री रविंद्र चौबे एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस योजना में ख्याति प्राप्त एलन कैरियर इंस्टिट्यूट के विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदेश के शासकीय स्कूलों में अध्यनरत 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग करायी जाएगी। इस दौरान छत्तीसगढ़ शासन व एलन इंस्टिट्यूट के मध्य एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में शासकीय स्कूलों में कक्षा 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों के लिए इंजीनियरिंग तथा मेडिकल पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन कोचिंग योजना शुरुआत करने की घोषणा की थी। जिले से इस कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती रूचि शर्मा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी हरिशंकर सिंह तथा छात्र-छात्राएं वर्चुअल रूप से जुड़े रहे।

स्कूल शिक्षा विभाग की स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के अनुसार प्रदेश के कक्षा 10वीं और 12वीं में अध्यनरत विद्यार्थियों को जिले के समस्त विकासखण्ड में ऑनलाईन कोचिंग दी जाएगी। इस कोचिंग योजना के लिए अभी तक जिले में नीट के लिए हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के कुल 111 छात्र एवं 220 छात्राओं तथा जेईई के लिए 65 छात्र एवं 19 छात्राओं ने पंजीयन कराया है। शासन द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग योजना से विद्यार्थियों के सपनों को नई दिशा मिलेगी। स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना में मेरिट क्रम में विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।

# शेरघाटी के कुख्यात डकैतों पर कहर बनकर बरपी रायगढ़ पुलिस

## एक्सिस बैंक डकैती मामले में पुलिस को मिली एक और बड़ी सफलता

### आरोपियों को पकड़ने तीन टीम थी तैनात

### बस स्टैंड में पकड़ाया निलेश

**रायगढ़** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। बहुचर्चित एक्सिस बैंक डकैती मामले में पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है । घटना के बाद फरार हुये शेरघाटी गैंगके डकैतों की पतासाजी में सीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में बिहार, झारखंड रवाना हुई स्पेशल टीम ने बिहार के गया जिले में रेड कर गैंग के 02 डकैत-निलेश उर्फ नीतीश जादव और प्रकाश उर्फ पवन उर्फ पंकज जाधव को हथियार समेत गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया गया है । एसएसपी सदानंद कुमार के द्वारा गठित सीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में स्पेशल टीम रायगढ़ से ही आरोपियों के सभी उपलब्ध जानकारियों को जुटाने में लग गयी थी जिनकी लगन और मेहनत के कारण उक्त डकैतों को गिरफ्तार करने में रायगढ़ पुलिस को सफलता मिली है । ज्ञात हो कि शेरघाटी गैंगके इन डकैतों ने 19 सितंबर की सुबह सशस्त्र हथियारों के साथ रायगढ़ के ढिमरापुर चौक स्थित एक्सिस बैंक की मुख्य शाखा में डकैती की घटना को अंजाम दिया था जिसमें डकैत बैंक से नकद 4.19 करोड रूपये और 78 पैकेट सोने के जेवरात (वजन- 2 किलो 91 ग्राम) कुल 5.62 करोड़ रूपये लेकर अलग-अलग वाहनों से फरार हो गये थे । राज्य की सबसे बड़ी बैंक डकैती को छत्तीसगढ़ पुलिस ने चैलंज स्वरूप लिया गया । छत्तीसगढ़ पुलिस के महानिदेशक अशोक जुनेजा द्वारा तत्काल पड़ोसी राज्यों के आला अधिकारियों से संपर्क करते हुए स्थानीय पुलिस को सहायता उपलब्ध कराई तथा आईजी बिलासपुर रेंज श्री अजय कुमार यादव और डीआईजी श्री रामगोपाल गर्ग खुद रायगढ़ में कैंप कर केस की कमान संभालते हुये मॉनिटरिंग हेतु मौजूद रहे जिनके मार्गदर्शन में विभिन्न जिलों के साथ समन्वय बनाते हुए रायगढ़ पुलिस एतिहासिक रूप से शत प्रतिशत बरामदगी करते हुये शेरघाटी गैंग बिहार के 05 डकैत- राकेश कुमार गुप्ता, उपेंद्र सिंह, निशांत उर्फ पंकज कुमार महतो उर्फ राजेश दास, राहुल कुमार सिंह, अमरजीत कुमार को गिरफ्तार कर आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया गया । आईजी बिलासपुर अजय यादव एवं डीआईजी रायगढ़ राम गोपाल गर्ग के मार्गदर्शन पर एसएसपी रायगढ़ सदानंद कुमार स्वयं विवेचनाटीम को मॉनिटरिंग कर रहे थे, आरोपियों से की गई मैराथन पूछताछ में मिले महत्वपूर्ण इनपुट पर एसएसपी रायगढ़ द्वारा सीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में थाना कोतवाली, चक्रधरनगर, साइबर सेल के स्टाफ की विशेष टीम गठित कर बिहार, झारखंड रवाना किया गया, जहां टीम ने टेक्निकल इनपुट और ह्यूमन इंटेलिजेंस के साथ बड़ी सूझबूझ और जान जोखिम में डालकर 02 हथियाबंद डकैत- निलेश उर्फ नीतीश जाधव और प्रकाश उर्फ पवन उर्फ पंकज जाधव को घेराबंदी कर पकड़ने में सफलता हासिल की ।




### डकैत मोबाइल का नहीं करते थे इस्तेमाल

शेरघाटी गैंग के सभी डकैत मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करते थे जिससे इन्हें लोकेट करना और भी कठिन चुनौती के रूप में सामने आ रहा था । आरोपियों द्वारा किये गये मूव्हमेंट का सीसीटीवी फुटेज खंगालने से लेकर गिरफ्तार आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ कर फरार आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी जुटाना शामिल था।

### छिपने के लिये ले रखा था मकान किराये में

### पुलिस ने भेष बदलकर आरोपी पवन को धर दबोचा

गिरफ्तार आरोपी निलेश से अन्य फरार आरोपियों के संबंध में पूछताछ की गई, उसके द्वारा सिर्फ एक फरार आरोपी पवन उर्फ पंकज जाधव की जानकारी होना बताया । आरोपी निलेश ने यह भी बताया कि पवन के द्वारा गिरफ्तारी से बचने हेतु कोई मोबाइल का उपयोग नहीं किया जा रहा है और फरार आरोपी पवन के सूर्यमंडल चौक, बाराचट्टी में मिलने की संभावना जताई जिस पर सीएसपी अभिनव और प्रशांत पंडा भेष बदलकर खलासी के रूप सूर्यमंडल चौंक के आसपास रेकी करने गये । इस दौरान आरक्षक प्रशांत पंडा को सूर्यमंडल चौक पर स्थित एक दुकान में आरोपी पवन दिखा। तत्काल पूरी टीम को बैकअप हेतु बुलाया गया एवं आरोपियों की विधिवत गिरफ्तारी कर स्पेशल टीम स्थानीय थाना को सूचना देकर रायगढ़ हेतु रवाना हुई ।

### उरबा में 14 वां कोयला सत्याग्रह का आयोजन

**रायगढ़** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के तमनार में जल जंगल जमीन को बचाने की मुहिम लगातार जारी है। कोयला खदान के विरोध में कोयला सत्याग्रह का आयोजन किया जाता है। 2 अक्टूबर गांधी जयंती के मौके पर कोयला सत्याग्रह का आयोजन ऊरबा में किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं का भी जमावड़ा हुआ। और किसी भी कीमत पर जमीन नहीं देने की मुहिम की सराहना की गई। सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा आंदोलन को और गति देने की बात कही गई।

कार्यक्रम की शुरुवात महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को यादकर की गई। कार्यक्रम के शुरुवात में डॉक्टर प्रियंका डॉक्टर धीरेंद्र पटेल हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर ग्रामीणों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना अतुल्य योगदान के लिए विशेष तौर पर स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। इसके अलावा गांव और क्षेत्र के सतत विकास का काम करने वालों का सम्मान किया गया।

# तमनार के दर्जनों गांव में आज भी नहीं बजती मोबाइल की घंटी!

### मोबाइल नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण !

**रायगढ़** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। औद्योगिक नगरी रायगढ़ के तमनार ब्लाक में आज भी दर्जनों गांव के रहवासी मोबाइल नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे हैं। उद्योगों से भरे तमनार ब्लाक में कई ऐसे भी गांव है, जहां आज तक मोबाइल नेटवर्क का जाल नही बिछ पाया है। मोबाइल नेटवर्क के अभाव में लोगों के लिए मोबाइल महज खिलौना बन कर रह गया है। बैंकिंग, शिक्षा ,ऑनलाइन कार्य से लेकर शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन भी नेटवर्क के अभाव में ठप पड़ा हुआ है। लोगों को आर्थिक, शैक्षणिक व कई अन्य प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आज के इस डिजिटल जमाने में भी गांव के युवाओं को ऑनलाइन कार्यों के लिए नेटवर्क की तलाश में दूर भटकना पड़ रहा है। तमनार ब्लाक के अंतिम छोर ओड़ीसा बॉर्डर पर स्थित केशरचुवां गांव के ग्रामीणों ने नेटवर्क की समस्या को लेकर तमनार तहसीलदार को ज्ञापन सौपा है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बतलाया है कि उनके गांव में जिओ कंपनी का मोबाइल टावर स्थापित है,जो पिछले तीन माह से बंद पड़ा हुआ है। जिससे गांव के लोगों को नेट संबंधित कार्यों को संपादित करने में परेशानी हो रही है।ग्रामीणों के द्वारा जिओ नेटवर्क विभाग को कई बार रिपेयरिंग के लिए सूचना दी गई है। लेकिन आज तक किसी प्रकार का कोई सुधार कार्य नहीं हो पाया है, जिससे ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन के जरिए नेटवर्क की समस्या बतलाते हुए समस्या का निराकरण करने की मांग की है। 3 महीने बाद भी नहीं सुधर सका जिओ नेटवर्क ग्रामीणों का कहना है कि जिओ नेटवर्क खराब होने की सूचना विभाग को कई बार दी गई है। लेकिन आज तक जिओ विभाग के कर्मचारियों ने सुध नहीं ली। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि जिओ कंपनी नाम बड़ा दर्शन छोटा वाला काम कर रहा है। इतनी बड़ी कंपनी है फिर भी मेंटेनेंस का कार्य जिओ कंपनी नहीं कर पा रही है।

तमनार के सराईपाली क्षेत्र का डारआमा,ठरकपुर,भुइकुर्री, जीवरी सहित आसपास के कई अन्य गांव आज तक इंटरनेट की सुविधा से कोसों दूर है। मोबाइल पर संपर्क करने के लिए नेटवर्क की तलाश में लोगों को ऊंची पहाड़ियों में चढ़ना पड़ रहा है।

# कांग्रेस की भरोसे की यात्रा, सड़क पर उतरे कांग्रेसी

### टिकट के दावेदारों ने दिखाया दम

**रायगढ़** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस द्वारा चलाई जा रही भरोसे की यात्रा कल रायगढ़ में भी निकाली गई। यह यात्रा जिला कांग्रेस कमेटी से प्रारंभ होकर 15 किलोमीटर दूर महापल्ली में जाकर समाप्त हुई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर आयोजित इस भरोसे की यात्रा में बड़े पैमाने पर महिलाएं व कांग्रेसियों ने कुछ दूर तक पैदल यात्रा करते हुए बाद में वाहनों से महापल्ली पहुंचे। यात्रा में शामिल कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किये गए कार्यो को लेकर भी जनता के बीच संदेश देते हुए भरोसे की यात्रा को सफल बनाया। जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले कल गांधी जयंती एवम पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर भरोसे की यात्रा निकाली गई। यह यात्रा कांग्रेस कार्यालय से निकलकर रायगढ़ पूर्वी अंचल के ग्राम महापल्ली पंहुची। महापल्ली के गायत्री मंदिर चैक से धर्म चैक ,स्कूल रोड होते हुए आगे अटल चैक पहुंची और वापस ग्राम लोईग मैदान में पहुंची जहां आम सभा के रूप में तब्दील हो गई। इस भरोसे की यात्रा में रायगढ़ विधान सभा चुनाव लड़ने के इच्छुक सभी दावेदारों की उपस्तिथि देखी गई। ग्राम लोईग निवासी जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संगीता गुप्ता की कार्यक्रम आयोजन में महती भागीदारी देखी गई । इस अवसर पर सभा प्रारंभ के पूर्व महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन एवम माल्यार्पण विधायक प्रकाश नायक ,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संगीता गुप्ता , शंकर अग्रवाल,अनिल अग्रवाल चीकू, डॉक्टर राजू अग्रवाल , जयंत ठेठवार, दीपक पांडेय ,शाखा यादव सहित मंचस्थ सभी अतिथियों द्वारा की गई। गांधी जी व शास्त्री जी को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। आगामी 4 अक्टूबर को नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का रायगढ़ के कोड़ातराई में भरोसे का सम्मेलन आयोजित किया गया है जिसके एक लाख लोगो की भीड़ होने की संभावना है ।खड़गे जी इस सभा को संबोधित करेंगे । गांधी जयंती के बहाने कांग्रेस चुनावी शंखनाद कर रही है।

# यूपीआई ट्रांजेक्शन पर कड़ी नजर रखें- कलेक्टर

- डीएलआरसी एवं डीएलसीसी की बैठक सम्पन्न
- कलेक्टर ने सभी बैंको को सी.डी. रेशियो बढ़ाने तथा मुद्रा लोन के संबंध में की चर्चा




**अम्बिकापुर** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर कुंदन कुमार ने मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति (डीएलआरसी) एवं जिला स्तरीय स्तरीय सलाहकार समिति (डीएलसीसी) की बैठक ली। डीएलसीसी की बैठक में विभिन्न बैंकों के जमा अग्रिम एवं सी.डी. रेशियो पर चर्चा तथा वार्षिक साख योजना की उपलब्धि की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी बैंकों को सी.डी. रेशियो बढ़ाने और इस पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी बैंक प्राथमिकता के साथ मुद्रा लोन पर काम करें। कलेक्टर श्री कुंदन ने विधानसभा निर्वाचन के संबंध में कहा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बैंकों पर कड़ी निगरानी रखे जाने निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थी का पृथक से जीरो बैलेंस खाता खोला जाएगा और उसकी लेन-देन की जानकारी भी दी जाएगी। आदर्श आचार संहिता लागू होते ही बैंकर्स सभी तरह के कैश ट्रांजेक्शन पर नजर रखें, असामान्य रूप से कैश का ट्रांजेक्शन के विषय में पता चलने पर रिकार्ड रखें तथा तत्काल जानकारी निर्वाचन कार्यालय को प्रेषित करें। सभी बैंक इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी से समन्वय के साथ कार्य करें। यूपीआई ट्रांसेक्शन से सम्बंधित जानकारी भी रखें। बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही, वार्षिक साख की कार्यवाही की पुष्टि, वार्षिक साख योजना की उपलब्धि की समीक्षा, विभिन्न शासकीय योजनाओं जैसे एनआरएलएम, एनयूएलएम, पीएमईजीपी, एमएमव्हाइएसव्हाई, आदिवासी स्वरोजगार योजना, अंत्योदय स्वरोजगार योजना की समीक्षा की गई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री जनधन योजना सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की समीक्षा की गई। इसके साथ ही डीएलसीसी की बैठक में घर-घर केसीसी अभियान की जानकारी ली गई तथा कृषि सम्बन्धी योजनाओं, एमएसएमई आदि के सम्बंध में चर्चा की गई।

## सार-संक्षेप

### गौतमसिंह पटेल सालर को अखिल भारतीय कलाधर सम्मान




**सारंगढ** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय साहित्य मंथन शोध संस्थान, नई दिल्ली, भारत द्वारा सोमवार 02 अक्टूबर को मयंक हॉटल सभागार, जिला - जांजगीर - चांपा, छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सम्पूर्ण भारत वर्ष से पधारे प्रतिभावान प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। जिसके अन्तर्गत विलक्षण प्रतिभा, समाजसेवा की भावना, साहित्य सृजन, कला - संस्कृति संवर्धन, शिक्षा प्रदेयों, महनीय शोधकार्य, सुदीर्घ हिन्दी सेवा सम्बन्धी राष्ट्र नवनिर्माण के कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए संस्था ने गौतमसिंह पटेल सालर को उनकी अनन्त यश यात्रा, उज्ज्वल भविष्य तथा दीर्घायु जीवन की मंगल कामनाओं के साथ प्रशस्ति - पत्र संग अखिल भारतीय कलाधर सम्मान से विभूषित किया गया। इससे पूर्व गौतमसिंह पटेल सालर भारतीय साहित्य रत्न - बेस्ट राइटर, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र हिन्दी सेवी सम्मान, विश्व भारती हिन्दी सम्मान, राष्ट्रभाषा सेवक सम्मान, ज्योतिष मर्मज्ञ की उपाधि से छः बार सम्मान - पत्र, ज्योतिष के क्षेत्र में लेखन, शोध और समाज सेवा के लिए सम्मान - पत्र, गीता पर रिसर्च पेपर प्रस्तुत करने के लिए प्रशस्ति - पत्र इत्यादि अनेक प्रशस्ति प्रमाण - पत्रों से अलंकृत हो चुके हैं।

### कोसरिया मरार समाज की सामाजिक मिलन समारोह में शामिल हुए विधायक

**सारंगढ** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुरातात्विक सांस्कृतिक कोसीर में कोसरिया मरार समाज की सामाजिक मिलन समारोह एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 45 गांव के सामाजिक लोग कार्यक्रम में भाग लिए जिसमें सामाजिक मिलन समारोह के साथ-साथ समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया वहीं कोसरिया मरार समाज की देवी शाकंभरी की पूजा अर्चना कार्यक्रम रखा गया था सामाजिक मिलन समारोह कार्यक्रम में हजारों की संख्या में समाज उपस्थित रहे प्रातः 11ः00 बजे समाज के द्वारा कार्यक्रम स्थल से लेकर गांव के हृदय स्थल तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो ऐतिहासिक रहा।

सामाजिक मिलन समारोह एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सारंगढ़ विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े कार्यक्रम स्थल पर शाम 4ः00 बजे आसपास पहुंची उनका स्वागत कोसरिया मरार समाज के द्वारा किया गया वही समाज की कुलदेवी मां शाकंभरी की पूजा अर्चना की उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष पूर्व विधायक पद्मा मनहर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय दुबे, गौ सेवा आयोग के सदस्य पुरुषोत्तम साहू, जिला पंचायत सदस्य वैजन्ती लहरें, अनिका भारद्वाज, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुनीता चंद्र, विधायक प्रतिनिधि गनपत जांगड़े, जनपद सदस्य तिहारिन पटेल, गांव के सरपंच लाभो राम लहरे एवं समाज के प्रदेश के अध्यक्ष जिला अध्यक्ष सारंगढ़ परिषद के अध्यक्ष के उपस्थित रहे मंच पर अतिथियों का स्वागत समाज के द्वारा किया गया। वहीं मरार समाज के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई जिसकी खूब प्रशंसा हुई। मंच को मरार समाज के पदाधिकारी ने संबोधन किया वहीं सारंगढ़ विधायक श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े ने सामाजिक मिलन समारोह कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए आयोजक समाज को बधाई दी और बोली पटेल समाज बहुत मेहनती और संगठित समाज है, कहते हुए बोली कि आप लोगों का समाज बहुत उदारता वाला समाज है अपने बच्चों को जरूर पढ़ा लिखा कर आगे आएं वही समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने मरार समाज के लिए कोसीर में भवन निर्माण के लिए 20 लाख की मांग रखे थे जिन पर सारंगढ़ विधायक उत्तरी गनपत जांगडे ने कहा कि आने वाले समय में यह मांग जरूर पूरी होगी इसी के साथ क्षेत्र की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

### राष्ट्रीय राजमार्ग 49 में नहीं थम रहा है फ्लाई ऐश का डंपिंग

खरसिया 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। खरसिया के आसपास स्थित पावर प्लांटों से लाखों टन फ्लाई एस निकलता है जिसके निपटान के लिए इनके द्वारा ठेके के माध्यम से फ्लाई एस निर्धारित स्थान पर डंप किए जाने का ठेका ठेकेदार को दिया जाता है किंतु पावर प्लांट कंपनियों द्वारा इनकी मॉनिटरिंग नहीं की जाती जिसका फायदा उठाते हुए निर्धारित स्थल की दूरी अधिक होने पर वहां डंप ना करते हुए एवं अधिक फेरे लगाने के लोभ में ठेकेदार एवं गाड़ी मालिक द्वारा फ्लाई एस राष्ट्रीय राजमार्ग 49 रायगढ बिलासपुर मार्ग खरसिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पतरापाली, छोटे देवगांव के पास आए दिन फ्लाईएस सड़क ऊपर कहीं भी इधर-उधर खाली किया जा रहा है। जिसे लेकर जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा कई बार कलेक्टर महोदय, प्रर्यावरण विभाग, एस डी एम, थाना प्रभारी को लिखित एवं मौखिक शिकायत करने पर भी अवैध फलाई एस डंपिंग का कारोबार नहीं थम रहा है। अवैध फ्लाई ऐश डंपिंग को लेकर हेल्पलाइन नंबर और टीम गठित किया गया था परंतु वह किसी काम का नहीं है क्योंकि सब के बाद भी फलाई एस का डंपिंग अनवरत रूप से हो रहा है। अवैध फ्लाई ऐश डंपिंग से मोटरसाइकिल एवं छोटी गाड़ी वालों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और लगातार इस रोड पर दुर्घटनाएं बढ़ रही है और कई लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है। इस सब के बावजूद ट्रांसपोर्टरों द्वारा बेखौफ फ्लाई एस गिराया जा रहा है और शासन प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सो रहा है।

### आपस मे भिड़े कांग्रेसी व भाजपाई

**सारंगढ़** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। सड़क निर्माण की मांग को लेकर भाजपा लगातार आक्रामक रूख अख्तियार की हुई खराब खड़क के विरुद्ध शव यात्रा, धान रोपाई, चक्काजाम जैसे विभिन्न आंदोलन के माध्यम से शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया है। परन्तु शासन प्रशासन द्वारा इन खस्ताहाल सड़कों पर कोई सुध नहीं लिया गया लिहाजा एक बार फिर से भाजपा नेता जगन्नाथ पाणिग्राही की अगुवाई में भारतीय जनता पार्टी मण्डल बरमकेला एवं सरिया ने संयुक्त रूप से शव यात्रा निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेसी व भाजपाईयों को आपस में भिड़ते देखा गया। 02 अक्टूबर को बरमकेला पीडब्ल्यूडी विभाग की रेस्ट हाऊस से मानिकपुर तक करीब 16 किलोमीटर तक की यात्रा करके प्रमुख चैक चैराहे लोधिया, मुंगलीपाली, गोबरसिंहा, कटंगपाली, साल्हेओना, बरगांव तथा मानिकपुर में शोक सभा आयोजित की गई और दो मिनट का मौन धारण किया गया।

# मात्रात्मक त्रुटि दूर कर आपको अपनी जनजातीय पहचान मिली-भूपेश

**जांजगीर,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के जिन 12 जनजातियों को मात्रात्मक त्रुटि के कारण प्रमाण पत्र नहीं मिल रहे थे। इन समुदायों का जाति प्रमाण पत्र बनने से शासकीय सेवाओं में नौकरियां मिली है। इनके अधिकार सुरक्षित हुए है। यह आपके धैर्य साहस और संघर्ष की जीत है और उपलब्धि का दिन है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज सक्ती जिले के डभरा में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 145 करोड़ रूपए की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। साथ ही उन्होंने मालखरौदा को नगर पंचायत बनाने और चन्द्रपुर में समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाए जाने की घोषणा की। कार्यक्रम में जनजाति समुदाय ने 12 जातियों के अनुसूचित जनजाति में शामिल होने पर गजमाला पहनाकर मुख्यमंत्री श्री बघेल का आभार जताया और अपनी खुशी जाहिर की।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने लोकार्पण भूमिपूजन कार्यक्रम में कहा कि यह सरकार किसानों, आदिवासियों और मजदूरों की सरकार है और हमेशा हम आपके साथ खड़े है और खड़े रहेंगे। हमारी सरकार ने आदिवासियों को उनके अधिकार वापस दिलाए। उनके तीज-त्यौहार और आदिम संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए हम लगातार काम कर रहे हैं। श्री बघेल ने कहा कि आदिवासियों की लगभग एक लाख एकड़ जमीन उद्योग और व्यापार के नाम पर छीन ली गई थी, जिसे हमने वापस लौटाने का काम किया है। ऐसा देश के इतिहास में पहली बार हुआ है कि आदिवासियों को उनकी भूमि वापस की गई है।




### 100 राजस्व तहसील बने

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि पिछले पांच सालों में हमने 1 राजस्व तहसील बनाने का काम किया है, जिससे प्रदेश के दूर-दराज में रहने वाले लोगों को सर्वाधिक सुविधा मिली है। जाति, आय, निवास जैसे प्रमाणपत्रों के आसानी से बनने सहित राजस्व मामलों के निराकरण में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी हमने मजबूत ढांचा बनाया है, और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। धन्वंतरी योजना से लोगों को सस्ती दरों पर दवाईयां मिल रही है, जिससे उनके पैसों की बचत हुई है।

### 19 लाख किसानों का साढ़े 9 हजार करोड़ रुपए का ऋण माफ

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमारी सरकार ने 19 लाख किसानों का साढ़े 9 हजार करोड़ रुपए का ऋण माफ किया। हमने किसानों को उपज का सही दाम देकर उनके जीवन में खुशहाली लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किश्त 28 सितंबर को मिल चुकी है और चौथी किश्त भी 31 मार्च 224 के पहले मिल जाएगी। हमारी सरकार में लगातार धान की खरीदी भी बढ़ी हैं और पिछले साल हमने 17 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने आदिवासियों और अनुसूचित जातियों और किसानों के हित का काम किया है और यहां पूरे देश में तीन चौथाई लघु वनोपजों की खरीदी हो रही है। कार्यक्रम को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत और विधायक रामकुमार यादव ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री सह अतिथियों ने जिला प्रशासन और यूनीसेफ की संयुक्त पहल सर्वशक्ति योजना का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत राजेश्री रामसुंदर दास, विधायक चन्द्रपुर रामकुमार यादव, जनप्रतिनिधि, आदिवासी समाज के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का किया शुभारंभ

### 5 विकासखंडों मे कोचिंग सेंटर के माध्यम से प्री-मेडिकल तथा प्री-इंजीनियरिंग की दी जाएगी कोचिंग




जांजगीर, 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्कूल शिक्षा विभाग की नवाचारी 'स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना' का आज अपने निवास कार्यालय से ऑनलाईन शुभारंभ किया। इस योजना के तहत प्रदेश के 146 विकासखंड मुख्यालयों और चार शहरों- रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और कोरबा सहित 150 कोचिंग सेंटर के माध्यम से शासकीय स्कूलों में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। जांजगीर-चांपा के सभी 5 विकासखंडों मे कोचिंग सेंटर के माध्यम से प्री-मेडिकल तथा प्री-इंजीनियरिंग की कोचिंगदी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री बघेल और स्कूल शिक्षा मन्त्री रविन्द्र चौबे के समक्ष स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना संचालन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम एवं ऐलन कैरियर कोचिंग इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा तैयार ब्रोशर का विमोचन किया। उन्होंने राज्य के विकासखंडों के कोचिंग सेंटर में उपस्थित बच्चों से चर्चा कर योजना के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान स्कूली बच्चों ने अपने बेहतर भविष्य के लिए योजना के प्रति भरपूर खुशी का इजहार करते हुए मुख्यमंत्री और स्कूल शिक्षा मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का शुभारंभ करते हुए छत्तीसगढ़ में बच्चों के कैरियर निर्माण के लिए की एक और महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि निकट भविष्य में पीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की सर्वसुविधा युक्त बेहतर ऑनलाईन कोचिंग की व्यवस्था भी हम सभी विकासखण्डों में करेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग की स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के अनुसार प्रदेश के कक्षा दसवीं में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी तथा कक्षा 12वीं में अध्यनरत विद्यार्थियों को कोचिंग दी जाएगी। ज़िले के 5 विकासखंड मुख्यालयों मे स्वामी आत्मानन्द उत्कृस्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल मे कोचिंग सेंटर के माध्यम से राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा प्री-मेडिकल नीट तथा प्री-इंजीनियरिंग आईआईटी की बेहतर रूप से तैयारी हेतु ऑनलाइन कोचिंग प्रदान की जाएगी। कोचिंग राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के माध्यम से प्रदान की जाएगी। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश के आधार पर ज़िलो मे 5 केन्द्र निर्धारित कर ऑनलाइन कोचिंग आज से प्रारम्भ कर दिया गया है जिसमे 213 बच्चों का आज पर्यंत तक रजिस्ट्रेशन किया गया है।

### मेरिट क्रम अनुसार विद्यार्थियों का चयन

स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना में मेरिट क्रम अनुसार विद्यार्थियों का चयन किया जा रहा है। विद्यार्थी को संबंधित विकासखंड, शहर के शासकीय स्कूलों में कक्षा 12 वीं का नियमित विद्यार्थी होना अनिवार्य होगा। विकासखंड मुख्यालय की स्कूलों में कक्षा 12 वीं में जीव विज्ञान तथा गणित संकाय में अध्ययनरत विद्यार्थी ही पात्र होंगे। प्रत्येक कोचिंग सेंटर में 75 से 1 विद्यार्थियों का प्रवेश दिया जाना है। इसमें प्री-मेडिकल तथा प्री-इंजीनियरिंग के लिए अधिकतम 5-5 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर से ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जाएगी। यह कक्षाएं शाम 3 बजे से 6.3 बजे तक संचालित होंगी।

### आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**जांजगीर,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के आरोप में नवागढ़ पुलिस ने 03 लोगो को गिरफ्तार किया है।

नवागढ़ पुलिस ने बताया कि बुधराम कश्यप उम्र 44 वर्ष कुणाल कश्यप उम्र 21 वर्ष दोनो निवासी टुंडरी थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगगढ़ जय करण कश्यप उम्र 52 साल निवासी तुलसी थाना नवागढ़ द्वारा नरेश कश्यप को कैमरा चोरी किए हो तुम वापस करो नही तो चोरी के केस में जेल भेजवा देगे कह कर प्रताड़ित करते थे मृतक नरेश कश्यप उम्र 22 साल निवासी तुलसी थाना नवागढ़ फांसी लगाकर आत्महत्या किया है आरोपीयो के विरूद्ध धारा 294, 306,34 भादवि के तहत की गई कार्यवाही मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है 31 मई 23 को सूचक ने मर्ग चाक कराया की मृतक नरेश कश्यप पिता रामलाल कश्यप उम्र 22 साल निवासी तुलसी थाना नवागढ़ के द्वारा घर में लगे पंखे से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया है की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर शव का पंचनामा कार्यवाही बाद शव का पीएम कराया गया। मर्ग जांच दौरान मृतक के परिजनों और गवाहों का कथन लिया गया वारिसान और गवाहों के द्वारा बताया गया की कैमरा जो शादी ब्याह के समय गुम गया था जिसे मृतक अपने पास रखा था जो कैमरा बुधराम कश्यप निवासी जिला सारंगढ़ का होना पाया गया था, जिसे लेने के लिए बुधराम कश्यप, कुणाल कश्यप, जय करन कश्यप एवं उनके एक अन्य साथी मृतक के घर गए थे, जहां कैमरा वापस करने की बात को लेकर मृतक के द्वारा कैमरा पाया हूं नही देने कैमरा के बदले पैसे की मांग करने पर बुधराम कश्यप, कुणाल कश्यप, जय करण कश्यप एवम उसके 01 अन्य साथी द्वारा मृतक को चोरी के आरोप में जेल भेजवा देगे कहकर मां बहन की गंदी गंदी गाली देकर तुझे देख लेंगे तेरा आना जाना मुस्कील हो जाएगा कहने से मृतक के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किया है मर्ग जांच दौरान अपराध घटित करना पाए जाने से अपराध की धारा 294,306,34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी बुध राम कश्यप, कुणाल कश्यप दोनो निवासी टुंडरी थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगगढ़, जय करण कश्यप उम्र 52 साल निवासी तुलसी थाना नवागढ़ के विरुद्ध अपराध धारा का सबूत पाए जाने आज विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है प्रकरण की विवेचना जारी है। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक कमलेश सेंडे थाना प्रभारी नवागढ़, सहायक उपनिरीक्षक बाबूलाल दिवाकर, प्रधान आरक्षक राधेश्याम पूर्णा, आरक्षक बलराम यादव, महिला प्रधान आरक्षक स्वाती गिरोलकर एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### 155 लीटर अवैध शराब बिक्री करने के आरोप में 2 गिरफ्तार

**जांजगीर,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। 100 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब एवं 55 पाव देशी प्लेन शराब के साथ बिक्री करने वाले 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

02 अक्टूबर को मुखबीर सूचना मिली कि थाना मुलमुला, अकलतरा क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री की जा रही है, सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया। मौके पर रमेश कुमार मेहर उम्र 25 साल निवासी लगरा के कब्जे से 60 लीटर कच्ची महुआ शराब श्रीमती अंजली कोसले उम्र 29 साल निवासी अर्जुनी के कब्जे से 55 पाव देशी प्लेन शराब एवं 40 लीटर कच्ची महुआ शराब जुमला कीमती 28हजार 4 सौ रूपया बरामद किया गया है। आरोपी रमेश कुमार मेहर उम्र 25 साल निवासी लगरा के विरूद्ध थाना मुलमुला अपराध की धारा 34 (2) आबकारी एक्ट तथा आरोपी श्रीमती अंजली कोसले उम्र 29 साल निवासी अर्जुनी के विरूद्ध थाना अकलतरा में अपराध की धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया जाकर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में शैलेन्द्र पाण्डेय अति. पुलिस अधीक्षक जांजगीर, निरी. तुलसिंह पट्टावी, सउनि कपील साहू प्रमोद महार का सराहनीय योगदान रहा।

### राजनैतिक पदाधिकारियों की बैठक आज

**जांजगीर,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 अक्टूबर अंतर्गत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 04 अक्टूबर को किया जाना है। तत्संबंध में राजनैतिक दलों की बैठक 04 अक्टूबर को समय अपरान्ह 3 बजे से जिला कार्यालय कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में आयोजित किया गया है।


# जिपं सीईओ ने किया मुलमुला रीपा गौठान का निरीक्षण



**जांजगीर,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरके खुंटे ने सोमवार को जनपद पंचायत पामगढ़ की ग्राम पंचायत मुलमुला रीपा गौठान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्व सहायता समूह की महिलाओं, युवाओं और उद्यमियों से चर्चा करते हुए कहा कि ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) के अंतर्गत जो भी उत्पाद तैयार किये जा रहे हैं, उनकी बेहतर मार्केटिंग की जाए, ताकि अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके।

जिपं सीईओ श्री खुंटे ने मुलमुला रीपा गौठान पहुंचकर कहा कि सुराजी गांव योजना के माध्यम से ग्रामीणों, स्व सहायता समूहों, युवाओं को उद्यमी बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें रीपा के माध्यम से विभिन्न रोजगार मूलक गतिविधियों से आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रीपा योजना का सुचारू रूप से क्रियान्वयन हो और किसी तरह की कोई दिक्कत न आए इसको लेकर संबंधित अधिकारी सतत रूप से निरीक्षण करें। उन्होंने मुलमुला में रीपा अंतर्गत चल रही दोना पत्तल, मसाला निर्माण इकाई को लेकर कहा कि इसका उपयोग बहुत बेहतर तरीके से किया जा सकता है, इसके लिए जरूरी है कि उत्पादों की बेहतर पैकेजिंग और मार्केटिंग की जाए। इसके अलावा उन्होंने डिस्पोजल कैरीबैग, छत्तीसगढ़ी ढाबा, मशरूम उत्पादन यूनिट का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित इकाईयों में हिसाब-किताब को दुरस्त रखने कहा। उन्होंने रीपा के अंतर्गत आसपास की जमीन समतलीकरण और साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। इस दौरान जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती आकांक्षा पाण्डेय उपस्थित थी।

### चंद्रिका प्रसाद चतुर्वेदी का निधन



**जांजगीर,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम भैसमुड़ी के प्रतिष्ठित नागरिक एवं अंचल के प्रसिद्ध भगवताचार्य पंडित चंद्रिका प्रसाद चतुर्वेदी का मंगलवार 3 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 86 वर्ष के थे। पंडित चतुर्वेदी पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम भैसमुड़ी के मुक्तिधाम में हुआ। मुखाग्नि उनके भतीजे पुरुषोत्तम चतुर्वेदी ने दी। वे अपने पीछे पत्नी, सुपौत्री सहित परिवार बिलखता छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन तथा उनके शिष्यगण और ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के जेसीसीजे के 560 से अधिक कार्यकर्ताओं ने दिया सामूहिक इस्तीफा

### पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गीतांजलि पटेल को मिल रहा है जन समर्थन





**डभरा,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। चंद्रपुर विधानसभा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गीतांजलि पटेल के जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुखिया अमित जोगी के उपेक्षा एवं व्यवहार से नाराज हो कर चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के डभरा चंद्रपुर मालखरौदा अड़भार एवं गांव गांव के जनता कांग्रेस जेसीसीजे के ब्लॉक अध्यक्षों कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारियों द्वारा लगभग 560 से अधिक जनता जोगी कांग्रेस जे के कार्यकर्ताओं पदाधिकारी ने सामूहिक इस्तीफा जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के अध्यक्ष अमित जोगी के पास लिखित रूप से भेज दिया है। वही एक साथ जोगी कांग्रेस के चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र से 560 से अधिक कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी सभी प्रभारियों अध्यक्षों की सामूहिक इस्तिफा से जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे को भारी झटका लगा है चंद्रपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी गीतांजलि पटेल के प्रति विश्वास रखते हुए चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी पदाधिकारी ब्लॉक अध्यक्षों कार्यकर्ताओं ने सामूहिक इस्तीफा दिया है वहीं गीतांजलि पटेल हमेशा से चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय राजनीति से जुड़े हुए हैं और सीधे आम जनताओ एवं कार्यकर्ताओं से जुड़े हुए हैं चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में उनकी पकड़ मजबूत है।

## अमेरिका में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत

**लॉस एंजेल्स।** अमेरिका के यूटा राज्य में रविवार रात एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से चार लोगों की मौत हो गई। ग्रैंड काउंटी शेरिफ कार्यालय के अनुसार, पूर्वी यूटा के मोआब शहर के कैन्यनलैंड्स क्षेत्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद छोटा विमान एक सुदूर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। शेरिफ कार्यालय ने अपने फेसबुक पेज पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा, दुख की बात है कि विमान के पायलट, उत्तरी डकोटा राज्य के सीनेटर डौग लार्सन, उनकी पत्नी और उनके दो बच्चे दुर्घटना में जीवित नहीं बचे।

# देश विदेश

## राष्ट्रपति पद की अगली बहस के लिए केवल चार उम्मीदवार चाहते हैं रामास्वामी

**वाशिंगटन,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय-अमेरिकी उद्यमी विवेक रामास्वामी की टीम ने रिपब्लिकन नेशनल कमेटी (आरएनसी) से पार्टी के अगले राष्ट्रपति पद के लिए 8 नवंबर को मियामी में होने वाली बहस के लिए उम्मीदवारों की संख्या सीमित करने के लिए कहा है। सीबीएस न्यूज के मुताबिक? आरएनसी अध्यक्ष रोना मैकडैनियल को लिखे पत्र में, राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ने पार्टी से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अलावा केवल शीर्ष चार उम्मीदवारों को बहस के मंच पर अनुमति देने के लिए कहा है। रामास्वामी के अभियान के सीईओ बेन योहो ने पत्र में लिखा, नवंबर में एक और बेकार बहस कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा, सफलता की न्यूनतम संभावना वाले उम्मीदवारों का शोर-शराबा होता है, जबकि प्रबल दावेदार उसी मंच के केंद्र से अनुपस्थित



- भारतीय-अमेरिकी उद्यमी विवेक है विवके रामास्वामी
- 8 नवम्बर को मियामी में होगी बहस

होते हैं, तो मतदाताओं की अच्छी तरह से सेवा नहीं की जाती है। योहो ने उम्मीदवारों को अपने प्रतिस्पर्धियों को जवाब देने के लिए अधिक समय देने और एकल बहस मॉडरेटर के लिए भी अनुरोध किया जो बहस के नियमों को लागू करने में सक्षम हों और उम्मीदवारों को एक-दूसरे पर अंधाधुंध चिल्लाने से बचा सकें। सितंबर में आखिरी प्राथमिक बहस में रामास्वामी, दक्षिण कैरोलिना के पूर्व गवर्नर निक्की हेली, फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस, दक्षिण कैरोलिना के सीनेटर टिम स्कॉट, पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस, न्यू जर्सी के पूर्व गवर्नर क्रिस क्रिस्टी और नॉर्थ डकोटा के गवर्नर डौग बर्गम सहित सात उम्मीदवार थे। आरएनसी के अनुसार, तीसरी बहस के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए, उम्मीदवारों को दो राष्ट्रीय चुनावों या एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण और प्रारंभिक मतदान वाले राज्यों में दो राज्य-व्यापी सर्वेक्षणों में न्यूनतम 4 प्रतिशत समर्थन दर्ज करना होगा, और यह भी दिखाना होगा कि उनके पास है कम से कम 70,000 अद्वितीय दाता।

## पाकिस्तान में लगातार टीकाकरण से पोलियो के मामलों में गिरावट : काकर

**इस्लामाबाद,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक काकर ने कहा कि उनके देश में जोरदार प्रयासों और निरंतर टीकाकरण अभियान के बीच पोलियो के मामलों में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई है।

श्री काकर ने राष्ट्रीय कार्य की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि पाकिस्तान में 2022 में 20 मामलों की तुलना में 2023 में पोलियो वायरस के दो मामले सामने आए, जिसका मुख्य कारण राष्ट्रीय स्तर पर पोलियो विरोधी अभियान जारी रखना और साथ ही पोलियो उन्मूलन के लिए सोमवार उच्च टीकाकरण कवरेज सुनिश्चित करना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान देश से इस गंभीर बीमारी के पूर्ण उन्मूलन तक प्रयास जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में एक विशेष पोलियो विरोधी अभियान की व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने समाज के हर वर्ग से पोलियो उन्मूलन में



भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि देश के बच्चों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने के लिए माता-पिता, शिक्षकों और विद्वानों सहित सभी को भाग लेने की जरूरत है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा, विनियम और समन्वय मंत्रालय के अनुसार, पाकिस्तान ने सोमवार को दक्षिण एशियाई देश में 4.3 करोड़ से अधिक बच्चों तक पहुंचने के उद्देश्य से एक राष्ट्रव्यापी पोलियो उन्मूलन अभियान शुरू किया।

## धोखाधड़ी के मुकदमे का सामना करने को कोर्ट में पेश हुए ट्रम्प

**न्यूयॉर्क।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सोमवार को न्यूयॉर्क की एक अदालत में उपस्थित हुए, जहां उन पर ट्रंप संगठन के माध्यम से की गई कथित धोखाधड़ी के लिए मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, न्यूयॉर्क के अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स द्वारा लाया गए मामले में ट्रम्प पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है। अटॉर्नी जनरल का कहना है कि ट्रम्प, उनके बेटों और उनके पारिवारिक व्यवसाय ने उनकी संपत्ति को दो बिलियन डॉलर से अधिक बढ़ा दिया, ताकि वे बैंकों से अनुकूल शर्तों पर लाभ हासिल कर सकें। जज एंगोरोन ने पिछले हफ्ते फैसला सुनाया कि ट्रम्प और सह-प्रतिवादी सिविल मामले में धोखाधड़ी के लिए उत्तरदायी हैं। सोमवार को अदालत से बाहर निकलते ट्रंप ने कहा, चुनाव को देखते हुए यह उनके खिलाफ साजिश है। यह पूरी तरह से अवैध है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : बुधवार 4 अक्टूबर , 2023 भाद्र आश्विन पक्ष 6**

### राशिफल

मेष -पारिवारिक और ऑफिस के मैटर्स पर आप सामंजस्य रखेंगे, तो संघर्ष कम होगा। वाणी पर संयम रखना हितकर होगा, अन्यथा किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। मित्रों से लाभ प्राप्त होगा।

वृषभ -दृढ़ विचारों के कारण अपने काम को अच्छी तरह से कर सकेंगे। आपकी कलात्मकता अधिक निखरेगी। आप नए वस्त्र, अलंकार, सौंदर्य प्रसाधन और मनोरंजन के पीछे धन खर्च करेंगे। परिवार में शांति और मेल-जोल बना रहेगा।

मिथुन -आपकी वाणी और व्यवहार से किसी के साथ गलतफहमी होने की संभावना है। परिवार के सदस्यों के साथ भी व्यवहार में सावधानी रखनी पड़ेगी। दुर्घटना या बीमारी से बचना होगा। आपकी प्रतिष्ठा में कलंक लग सकता है।

कर्क -आज कोई नया काम शुरू करने और आर्थिक योजना बनाने के लिए दिन अच्छा है। व्यापार में लाभ हो सकता है। नौकरी करने वालों को पदोन्नति मिल सकती है। आय में वृद्धि होने से संतोष और खुशी का अनुभव करेंगे।

सिंह -आपके व्यवसाय के लिए आज का दिन बहुत अच्छा और श्रेष्ठ है। आज हर काम सफलतापूर्वक पूरा होगा। अधिकारियों की आप पर कृपादृष्टि रहेगी। आज लोगों पर इंप्रेशन जमा पाएंगे। पिता की ओर से लाभ के संकेत है।

कन्या -आज आपका दिन अच्छा रहेगा। सगे-संबंधियों के साथ यात्रा का आयोजन हो सकता है। मित्रों से लाभ हो सकता है। किसी धार्मिक कार्य तथा धार्मिक यात्रा में व्यस्त रहेंगे। विदेश में रहनेवाले परिजनों के समाचार से आनंद होगा।

तुला -आज आप नए काम की शुरुआत ना ही करें। भाषा और व्यवहार पर संयम रखने से आपको लाभ होगा। गुप्त शत्रु आपको परेशान कर सकते हैं। तबियत का ध्यान रखें। ज्योतिष विद्या और धार्मिक काम आपको आकर्षित करेंगे।

वृश्चिक -आज आपका दिन कुछ अलग तरीके से गुजरेगा। खुद के लिए आप समय निकाल सकेंगे। दोस्तों के साथ घूमना-फिरना, मौज-मस्ती, मनोरंजन, पर्यटन तथा भोजन आदि से आप बहुत आनंदित रहेंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

धनु -नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन अच्छा और लाभदायक लग रहा है। आपको वित्तीय लाभ हो सकता है। सहकर्मी और सेवकों से सहायता मिलेगी। सभी काम में सफलता और प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकेंगे।

मकर -जो लोग कला और साहित्य में रुचि रखते हैं, वे अपनी प्रतिभा अच्छी तरह प्रदर्शित कर सकेंगे।सृजनशक्ति और रचनात्मकता को अच्छी तरह लोगों के समक्ष पेश कर सकेंगे। प्रिय व्यक्ति के प्रणय के रोमांच का अनुभव कर सकेंगे।

कुंभ -आप अत्यधिक भावुक बनेंगे, इस कारण भय का अनुभव होगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह से बना सकेंगे। माता की तरफ से आपको लाभ होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। आपका स्वभाव अधिक जिद्दी हो सकता है।

मीन -आज का दिन काम में सफलता पाने और महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए अनुकूल है। आपके विचारों में स्थिरता रहेगी। सभी काम अच्छी तरह पूरा कर सकेंगे। कलाकार अपनी कुशलता अच्छी तरह प्रस्तुत कर सकेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## नाइजीरिया में संदिग्ध जिहादियों के हमले में 29 सैनिकों की मौत

**नियामी**, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। नाइजीरिया में 26 सितंबर से 02 अक्टूबर के बीच संदिग्ध जिहादियों के हमलों में 29 सैनिक मारे गए और दो अन्य घायल हो गए है। नाइजीरिया के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा, 26 सितंबर से 02 अक्टूबर तक नाइजर के रक्षा और सुरक्षा बलों ने माली के साथ सीमा पर एक अभियान चलाया। वापसी में ताबाटोल के उत्तर-पूर्व में सौ से अधिक आतंकवादियों द्वारा एक इकाई पर हमला किया गया। हमले में तात्कालिक विस्फोटक उपकरणों और बम वाले वाहनों का इस्तेमाल किया था। नाइजीरियाई प्रसारक आरटीएन पर एक बयान में मंत्रालय ने कहा, प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हमारी तरफ से 29 सैनिक शहीद हो गए और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। कई आतंकवादी मारे गए, 15 मोटरसाइकिलें नष्ट हो गईं और दुश्मन की तरफ से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त किया गया। उल्लेखनीय है कि 26 जुलाई को नाइजर में तख्तापलट हुआ और राष्ट्रपति मोहम्मद बज़ौम को जनरल अब्दौरहमाने त्चियानी के नेतृत्व में उनके ही गार्ड ने अपदस्थ कर दिया और हिरासत में ले लिया। पश्चिम अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय (ईसीओडब्ल्यूएस) ने तख्तापलट के बाद, नाइजर के साथ सभी सहयोग निलंबित कर दिए और विद्रोहियों द्वारा श्री बज़ौम को बहाल नहीं करने पर सैन्य हस्तक्षेप की धमकी दी।

## बीजिंग अमेरिकी सीनेटरों का स्वागत करने के लिए तैयार

**बीजिंग,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। बीजिंग अगले सप्ताह चीन की यात्रा पर आने वाले अमेरिकी सीनेटरों के समूह का स्वागत करता है और उम्मीद करता है कि उनके प्रवास से द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। वाशिंगटन में चीनी दूतावास के प्रवक्ता लियू पेंग्यू ने यह जानकारी दी। श्री लियू ने सोमवार को एक बयान में कहा, बीजिंग अमेरिका के सदस्यों का चीन की यात्रा पर आने का स्वागत करता है। दोनों देशों के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया जा सके और चीन-अमेरिका के संबंधों में अधिक सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया जा सके। इससे पहले, अमेरिकी सीनेटर माइक क्रापो के प्रवक्ता ने पुष्टि की कि सीनेटरों का एक द्विदलीय समूह अगले सप्ताह चीन की यात्रा करेगा, हालांकि, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बैठक की अभी तक पुष्टि नहीं की गई है। मीडिया




**अगले सप्ताह चीन की यात्रा पर आएंगे अमेरिकी सीनेटर**

रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीनेटर अमेरिकी माइक्रोचिप कंपनी माइक्रोन टेक्नोलॉजी को चीन में काम करने में आ रही समस्याओं को श्री शी के सामने उठाना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि मई में, चीन के साइबरस्पेस प्रशासन ने घोषणा की कि माइक्रोन टेक्नोलॉजी को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पाए जाने के बाद महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा ऑपरेटरों को बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, चीन का साइबर सुरक्षा प्रशासन वर्तमान में अमेरिकी सेमीकंडक्टर कंपनी की जांच कर रहा है।

## रूस के लूना-25 मिशन की दोषपूर्ण वेग माप के कारण दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका


**मास्को,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। रूसी अंतरिक्ष निगम रोस्कोस्मोस ने मंगलवार को कहा कि आशंका है कि देश के लूना-25 चंद्रमा लैंडर मिशन के दुर्घटनाग्रस्त होने का सबसे बड़ी वजह कोणीय वेग माप इकाई का गलत संचालन है। रोस्कोस्मोस ने एक बयान में कहा, लूना-25 दुर्घटना का सबसे संभावित कारण ऑन-बोर्ड नियंत्रण परिसर की असामान्य कार्यप्रणाली थी, जो संभावित प्रविष्टि के कारण बीआईयूएस-एल डिवाइस (कोणीय वेग माप इकाई) में एक्सेलेरोमीटर इकाई को चालू करने में विफलता से जुड़ा था। डिवाइस द्वारा उनके निष्पादन के लिए अलग-अलग प्राथमिकताओं वाले कमांड को एक डेटा सरणी में रखा जाएगा। बयान के अनुसार, ऐसे डेटा सेट में कमांड का वितरण यादृच्छिक या दूसरे शब्दों में संभाव्य है। बयान में कहा गया, इसकी वजह से, ऑन-बोर्ड कंट्रोल कॉम्प्लेक्स को बीआईयूएस-एल डिवाइस के एक्सेलेरोमीटर से शून्य सिग्नल प्राप्त हुए।



इससे सुधारात्मक आवेग जारी करते समय, आवश्यक गति तक पहुंचने के क्षण की पहचान करने और अंतरिक्ष यान को समय पर बंद करने की अनुमति नहीं मिली। प्रणोदन प्रणाली, जिसके परिणामस्वरूप एक अस्थायी सेटिंग के अनुसार इसका शटडाउन हुआ। अंतरिक्ष निगम ने यह भी कहा कि अंतरविभागीय आयोग दुर्घटना के कारणों की पहचान पर अपना काम पूरा कर रहा है और भविष्य में इसी तरह के मुद्दों को रोकने के लिए सिफारिशें तैयार की गई हैं। लूना-25, लगभग 50 वर्षों में पहला रूसी चंद्र मिशन और रूस के गठन से पहले सोवियत संघ के दौरान- इतिहास में पहला, 11 अगस्त को रूस के वोस्तोचन कोस्मोड्रोम से सोयुज-2.1बी वाहक रॉकेट के जरिये रवाना हुआ था।

## अमेरिका में अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण 14 को

**न्यूयॉर्क,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका के मैरीलैंड राज्य में बी आर अंबेडकर की 19 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण 14 अक्टूबर किया जाएगा। इसका नाम स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी रखा गया है। आयोजकों के अनुसार, व्हाइट हाउस से 21 मील दूर एकोकेक शहर में 13 एकड़ भूमि पर स?थापित प्रतिमा हाल ही में हैदराबाद में अनावरण की गई दुनिया की सबसे बड़ी 125 फीट की अंबेडकर प्रतिमा के समान है। अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर (एआईसी) के अनुसार, यह भारत के बाहर अंबेडकर की सबसे बड़ी प्रतिमा है, और



संयुक्त राज्य अमेरिका में संगठन की पहली अंबेडकर मेमोरियल परियोजना का हिस्सा है। एआईसी ने एक बयान में कहा, हम समानता, मानवाधिकार और सशक्तिकरण में डॉ. अंबेडकर के योगदान का सम्मान करते हैं। यह प्रतिमा प्रसिद्ध मूर्तिकार, पद्म श्री पुरस्कार प्राप्तकर्ता राम सुतार द्वारा तैयार की गई है, जिन्होंने अहमदाबाद में सबसे ऊंची सरदार पटेल की प्रतिमा भी बनाई थी।

## आज का इतिहास

1824-मेक्सिको एक गणराज्य बना।

1857-प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं लेखक श्यामजी कृष्ण वर्मा का जन्म।

1927-भारतीय प्रशासनिक सेवा में भारत की दूसरी महिला अधिकारी तथा मध्य प्रदेश की भूतपूर्व राज्यपाल सरला ग्रेवाल का जन्म।

1963-क्यूबा और हैती में चक्रवाती तूफान 'फ्लोरा' से छह हजार लोग मरे।

1977-भारत के विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक को हिंदी में संबोधित किया। हिंदी में दिया गया यह पहला संबोधन था।

1996-पाकिस्तान के 16 वर्षीय बल्लेबाज़ शाहिद अफ़रीदी ने एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच में 37 गेंदों में शतक बनाकर विश्व कीर्तिमान रचा।

2000-चांग चून शियुंग ताइवान के नये प्रधानमंत्री बने।

2002-पाकिस्तान में शाहीन प्रक्षेपास्त्र का परीक्षण किया गया।

2005-बाली बम कांड में दो संदिग्ध व्यक्ति गिरफ़्तार।

2006-जूलियन असांजे ने विकीलीक्स की स्थापना की।

2008-अमेरिका की विदेश मंत्री कोंडोलीजा राइस एक दिन के लिए भारत यात्रा पर रहीं।

2011-अमेरिका ने इस्लामिक स्टेट (आईएस) के मुखिया अबू बकर अल बगदादी को वैश्विक आतंकवादी के रूप में चिन्हित किया और साथ ही उस पर एक करोड़ डॉलर का ईनाम भी रखा।

2012-फॉर्मूला वन के बादशाह माइकल शूमाकर ने संन्यास लिया।

2015-भारतीय फिल्म निर्देशक एवं निर्माता इदिदा नागेश्वर राव का निधन।

2021-भूतपूर्व भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के निजी सचिव शक्ति सिन्हा का निधन।

**बयान** *इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन ने जानकारी दी*

## लीबिया के तट से 271 अवैध प्रवासियों को बचाया गया

**त्रिपोली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। लीबिया के तट से पिछले सप्ताह करीब 271 अवैध प्रवासियों को बचाया गया। इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) ने सोमवार को यह जानकारी दी। आईओएम के बयान के अनुसार, 25 महिलाओं और 23 बच्चों सहित प्रवासियों को बचाया गया और वे 24 से 3 सितंबर के बीच लीबिया लौट आए, साथ ही चार शव भी मिले।**

आईओएम ने खुलासा किया कि इस साल अब तक कुल 11,736 अवैध प्रवासियों को बचाया गया और लीबिया वापस भेजा गया। आईओएम के मुताबिक कि लीबिया के तट से दूर मध्य भूमध्य मार्ग पर प्रवासियों में से करीब 925 की मौत हो गई और 1,168 लापता हो गए। गौरतलब है कि 2022 में करीब 24,684 अवैध प्रवासियों को बचाया गया और लीबिया वापस भेजा गया था जबकि लीबिया के तट के रास्ते में लगभग 529 लोगों की मौत हो गई



और 848 लापता हो गए। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2011 में दिवंगत नेता मुअम्मर गद्दाफी के शासन के पतन के बाद से, असुरक्षा और अराजकता ने लीबिया को उन प्रवासियों के लिए एक लोकप्रिय पारगमन बिंदु बना दिया है, जिनमें ज्यादातर अफ्रीकी हैं, जो भूमध्य सागर को पार करके यूरोपीय तटों तक जाने का प्रयास कर रहे हैं।

### संभावित प्रवासी आगमन के लिए तैयारी कर रहा फिनलैंड

**हेलसिंकी।** फिनलैंड ने देश में प्रवासियों के संभावित आगमन की तैयारी के लिए एलएटीयू 23 नाम से पांच दिवसीय संयुक्त तैयारी अभ्यास शुरू किया है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने सोमवार को फिनिश बॉर्डर गार्ड के हवाले से कहा कि यूरोपीय सीमा और तट रक्षक एजेंसी , यूरोपीय संघ एसाइलम एजेंसी और एस्टोनियाई पुलिस और बॉर्डर गार्ड के अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि विभिन्न फिनिश सरकारी एजेंसियों के साथ अभ्यास में भाग ले रहे हैं। जुलाई 2022 में, फ़िनलैंड की संसद ने देश के सीमा कानूनों में बदलाव को मंजूरी दी थी।

## सुडोकू 6336


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | 3 | 2 | |
| | | 2 | | 7 | | | 8 | 1 |
| 3 | 6 | | | | | | | |
| | | | 8 | | 9 | 5 | | |
| 5 | | | 7 | | 1 | | | 3 |
| | | 9 | 6 | | 4 | | | |
| | | | | | | | 6 | 8 |
| 6 | 1 | | | 4 | | 7 | | |
| | 7 | 3 | | | | | | 4 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6336




**बायें से दायें:-**

१. विशेषता (उर्दू)
३. नाकामी
५. चिड़चिड़ा, निराश, मूर्ख
६. प्रविष्टि, प्रवेश (उर्दू)
७. घिसना, घर्षण करना
८. डर पैदा करने वाला
१३. जयशंकर प्रसाद की एक रचना
१५. कमल
१६. विलुप्त, गायब, अंतर्धान
१७. अधीर, बेचैन (उर्दू)
१८. आगे बढ़ना, विकास, तरक्की
२०. कोयल, आम का बौर
२२. मदिरालय
२३. इकहरे बदन का, चुस्त, फुर्तीला

**ऊपर से नीचे:-**

१. कुल, वंश (उर्दू)
२. लाभ के अनुसार
३. बांटने वाला
४. डांट-फटकार करना, झिड़कना
५. अगस्त्य मुनि, द्रोणाचार्य, घड़ेसे उत्पन्न
९. नीतिनुसार
१०. बराबरी
११. निकट
१२. सियासत
१४. असीमित
१७. पत्नी (उर्दू)
१९. साक्षी (उर्दू)
२०. श्याम, कृष्णवर्ण, स्याह
२१. भालू

### वर्ग पहेली-6335



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6336 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 7 | 4 | 9 | 6 | 3 | 2 | 5 |
| 4 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 1 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 2 | 1 | 8 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 5 | 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 | 9 | 3 |
| 8 | 3 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 | 1 | 7 |
| 2 | 5 | 4 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 | 8 |
| 6 | 1 | 8 | 9 | 4 | 5 | 7 | 3 | 2 |
| 9 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 5 | 4 |

## दुनिया को जानें

### चीन ने तूफान कोइनू के लिए येलो अलर्ट किया जारी

**बीजिंग,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने मंगलवार सुबह शक्तिशाली तूफान कोइनु के लिए येलो अलर्ट जारी किया। इस साल के 14वें तूफान के कारण देश के दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में आंधी आने के आसार हैं। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी। मौसम केन्द्र ने बताया कि मंगलवार सुबह पांच बजे 20.2 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 125.2 डिग्री पूर्वी देशांतर पर आए तूफान के 10 से 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने का अनुमान है। केन्द्र के अनुसार शक्तिशाली तूफान के कारण चीन में ताइवान द्वीप के दक्षिणी भाग के तटीय क्षेत्रों में भूस्खलन के आसार हैं और बुधवार शाम से गुरुवार सुबह तक इस तूफान की तीव्रता धीरे-धीरे कम होते हुए पश्चिम की ओर बढ़ने अनुमान हैं। केंद्र ने स्थानीय अधिकारियों से तूफान आने पर आपातकालीन प्रतिक्रिया उपाय तैयार करने और संभावित बाढ़ और भूवैज्ञानिक आपदाओं के लिए हाई अलर्ट पर रहने का आग्रह किया।

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 2.04 प्रतिशत |
| एलटी | 1.68 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.50 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.30 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.71 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| मारुति | 2.46 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.83 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.59 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.48 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.23 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59900 |
| बिटुर | 59275 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,700 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 825 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**चावल**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर



**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम रविवार को भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## रेलवे ने माल ढुलाई का रिकॉर्ड कायम किया, नई समय सारणी जारी

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय रेलवे ने चालू वित्त वर्ष की प्रथम छमाही में 758.20 टन माल की ढुलाई की जो पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में माल ढुलाई से 21.52 टन की वृद्धि दर्ज की है। भारतीय रेलवे ने नयी यात्री समय सारणी भी जारी की है। आज यहां जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष अप्रैल-सितंबर 2023 की अवधि के लिए भारतीय रेल ने 758.20 टन माल की ढुलाई की, जबकि पिछले वर्ष 736.68 टन माल की ढुलाई की गई थी जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 21.52 टन की वृद्धि दर्शाता है। रेलवे ने पिछले वर्ष के 78991 करोड़ रुपए की तुलना में 81697 करोड़ रुपए की आय अर्जित की है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लगभग 2706 करोड़ रुपए अधिक है। इस वर्ष सितम्बर के दौरान, 123.53 टन का प्रारंभिक माल ढुलाई का लक्ष्य हासिल किया गया है जबकि गत वर्ष इसी माह में 115.80 टन माल की ढुलाई की गई थी। इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 6.67 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सितंबर 2022 में माल ढुलाई से राजस्व के रूप में 12332.70 करोड़ रुपए की आय हुई थी इसकी तुलना में सितम्बर 2023 में 12956.95 करोड़ रुपए की आय अर्जित की गई है। इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 5.06 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।



- भारतीय रेलवे ने चालू वित्त वर्ष की प्रथम छमाही में 758.20 टन माल की ढुलाई की
- पहली छमाही में माल ढुलाई से 21.52 टन की वृद्धि दर्ज की

भारतीय रेल ने बीते सितंबर के दौरान कोयले में 59.70 टन, लौह अयस्क में 14.29 टन, पिग आयरन और तैयार स्टील में 5.78 टन, सीमेंट (क्लिंकर को छोड़कर) में 6.25 टन, क्लिंकर में 4.89 टन, खाद्यान्न में 4.54 टन, उर्वरक में 4.23 टन, खनिज तेल में 4.0 टन, कंटेनरों में 7.28 टन और शेष अन्य सामान में 10.10 टन की माल ढुलाई की।

भारतीय रेलवे ने कहा कि 'हंग्री फॉर कार्गो' मंत्र का पालन करते हुए, भारतीय रेल ने व्यापार करने में आसानी के साथ-साथ प्रतिस्पर्धी कीमतों पर सेवा अदायगी में सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। कुशल नीति निर्माण द्वारा समर्थित ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण और व्यवसाय विकास इकाइयों के काम ने रेलवे को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को हासिल करने में मदद की। इस बीच रेल मंत्रालय ने अपनी नई अखिल भारतीय रेल समय सारणी 'ट्रेन्स एट ए ग्लांस (टीएजी)' जारी कर दी है और यह 01 अक्टूबर से प्रभावी हो गयी है। यह समय सारणी 'ट्रेन्स एट ए ग्लांस' भारतीय रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

## एनएमडीसी न स्थापना के बाद अब तक का सर्वोत्तम एच-1 प्रदर्शन दर्ज किया



**हैदराबाद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत का सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने सितम्बर 2023 माह में लौह अयस्क के 3 मिलियन टन उत्पादन और 3.11 मिलियन टन बिक्री के साथ शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है, जो कि उत्पादन में 10 फीसदी और बिक्री में 7 फीसदी माह-दर-माह वृद्धि के साथ स्थापना के बाद अब तक का सर्वोत्तम प्रदर्शन है। इस राष्ट्रीय खनिक ने सितम्बर 2023 तक लौह अयस्क के 19.56 मिलियन टन उत्पादन और 20.53 मिलियन टन बिक्री के साथ शानदार अर्ध-वार्षिक प्रदर्शन रिकार्ड किया है। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में उत्पादन और बिक्री आंकड़ों में क्रमशः 21 फीसदी और 25 फीसदी की महत्वपूर्ण वृद्धि के साथ इसने स्थापना के बाद अबतक का ऐतिहासिक सर्वोत्तम प्रथम अर्ध-वार्षिक (एच-1) उत्पादन और बिक्री का कीर्तिमान स्थापित किया है । कंपनी के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) नेकहा कि, 'एनएमडीसी परिवर्तन की राह पर अग्रसर है और हमारे आँकड़े इस बात की गवाही देते हैं। अपनी दृढ़ योजनाओं, द्रुत प्रोद्योगिकी में उन्नति और सुसंगत निगरानी के साथ हमने कंपनी के इतिहास में हमारा सर्वोत्तम एच-1 प्रदर्शन हासिल किया है । एनएमडीसी ने मानसून के दौरान भी महत्वपूर्ण वृद्धि की है और हम इस बढ़त को बरकरार रखते हुए वर्ष 2030 तक 100 मिलियन टन का लक्ष्य प्राप्त करेंगे ।

इस्पात की खपत को बढ़ाने के लिए सुसंगत प्रयासों और देश में घरेलू इस्पात की मांग में वृद्धि को पूरा करने के लिए कच्चे माल की निरंतर आपूर्ति के साथ एनएमडीसी पुनः एक बार अपने पूर्व-स्थापित रिकार्ड से आगे बढ़ गया है और जिम्मेदार व पर्यावरण-हितैषी खनन पद्धतियों के उद्योग बेंचमार्क को स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है ।

## होंडा कार्स ने होंडा सिटी और होंडा अमेज़ के फेस्टिव संस्करण किये पेश

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रीमियम कार बनाने वाली कंपनी होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) ने आज फेस्टिव संस्करणों के तहत अपनी लोकप्रिय सेडान होंडा सिटी का 'एलिगेंट एडिशन' और मिड सेडान होंडा अमेज का 'एलीट एडिशन' पेश किया।

कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि ये अलग-अलग संस्करण सीमित संख्या में लॉन्च की जाएगी और मैनुअल ट्रांसमिशन (एमटी) और कॉन्टिन्यूअसली वैरिबल ट्रांसमिशन (सीवीटी), दोनों में पेश की जाएंगी। ये होंडा सिटी के वी ग्रेड और होंडा अमेज के वीएक्स ग्रेड पर आधारित है। ये संस्करण उपभोक्ताओं को ज्यादा सुविधाएं देने वाले प्रीमियम पैकेज में आते हैं। इन्हें सभी रंगों के विकल्पों में पेश किया गया है। कंपनी ने देश भर में अपने उपभोक्ताओं के लिए 'द ग्रेट होंडा फेस्ट' के तहत सिटी और अमेज़ के दूसरे संस्करणों पर भी स्पेशल फेस्टिव ऑफर लॉन्च करने की घोषणा की। इन फेस्टिव प्रोत्साहन के दौरान उपभोक्ता अपनी मनपसंद होंडा कार की खरीद पर सभी अधिकृत डीलरों से कई तरह के आकर्षक ऑफर 31 अक्टूबर 2023 तक हासिल कर सकते हैं।

कंपनी ने कहा कि होंडा सिटी एलिगेंट संस्करण के एमटी की दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 1257400 रुपए और सीवीटी संस्करण की कीमत 1382400 रुपए है। होंडा अमेज एलीट संस्करण के एमटी मॉडल की कीमत 903900 रुपए और सीवीटी की कीमत 985900 रुपए है।

## देश में इस वर्ष 3.1 करोड़ 5 जी फोन बिकेंगे

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश में तेजी से 5 जी सेवाओं की पहुंच बढ़ने से इस वर्ष 3.1 करोड़ 5 जी स्मार्टफोन बिकने की उम्मीद की जा रही है क्योंकि इस सेवा के लिए लोग प्रीमियम भुगतान करने को भी तैयार हैं।

एरिक्सन ने आज '5जी वैल्यू: टर्निंग परफॉर्मेंस' शीर्षक से अपनी रिपोर्ट जारी की जिसमें यह बात कही गयी है। अध्ययन के अनुसार 2023 में तकनीकी और सामर्थ्य के आधार पर 3.1 करोड़ उपयोगकर्ता 5 जी फोन अपग्रेड कर सकते हैं। भारत में 5जी उपयोगकर्ता एचडी वीडियो स्ट्रीमिंग जैसे ऐप के साथ अपने दैनिक जुड़ाव के लिए जाने जाते हैं। वीडियो कॉलिंग सेवाएं, मोबाइल गेमिंग और संवर्धित सेवाओं का उपयोग करते हैं। वे औसतन दो घंटे इंटरनेट पर बिताते हैं। अमेरिका जैसे अन्य देशों में आरंभिक 5जी अपनाने वाले बाज़ारों में उपयोगकर्ताओं की तुलना में भारत में प्रति सप्ताह इन सेवाओं का उपयोग करने वाले




अधिक लोग है। इसके अलावा भारत का 5जी संतुष्टि स्तर और अनुमानित 5जी उपलब्धता शुरुआती स्तर से मेल खाती है या उससे आगे निकल गई है। रिपोर्ट को जारी करते हुये एरिक्सन कंज्यूमर लैब के प्रमुख जसमीत सिंह सेठी ने कहा कि सर्वेक्षण में शामिल 5जी उपभोक्ताओं में से लगभग 39 प्रतिशत लोगों ने माना कि 5 जी योजनाओं के डेटा के लिए प्रीमियम दर से भुगतान किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि देश में 5 जी सेवाओं की शुरूआत पिछले वर्ष अक्टूबर में की गयी थी और एक वर्ष में ही रिलायंस जियो , एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने तेजी से इस सेवा की शुरूआत कर दी है। रिलायंस जियो और एयरटेल ने पूरे देश में 5 जी सेवायें शुरू करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। अब तक करीब तीन लाख 5 जी टावर लगाये जा चुके हैं।

## ब्याज दर में जल्द कमी नहीं होने के संकेत से शेयर बाजार लुढ़का

**मुंबई,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दर में शीघ्र कोई कमी नहीं किये जाने के संकेत से विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, ऑटो, धातु और तेल एवं गैस समेत पंद्रह समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार लुढ़क गया। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 316.31 अंक का गोता लगाकर 65512.10 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 109.55 अंक की गिरावट लेकर 19528.75 अंक रह गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में तेजी रही। इससे मिडकैप 0.09 प्रतिशत बढ़कर 32,368.80 अंक और स्मॉलकैप 0.61 प्रतिशत की छलांग लगाकर 37,789.58 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3956 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1860 में बिकवाली जबकि 1907 में लिवाली हुई वहीं 189 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 37 कंपनियां गिरावट जबकि शेष सात तेजी पर रहीं।

बीएसई के 15 समूहों के शेयरों में बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान ऊर्जा 1.15, कमोडिटीज 0.20, सीडी 0.01, एफएमसीजी 0.50, वित्तीय सेवाएं 0.20, हेल्थकेयर 0.24, आईटी 0.21, दूरसंचार 0.09, यूटिलिटीज 0.72, ऑटो 1.21, बैंकिंग 0.33, धातु 0.78, तेल एवं गैस 1.30, पावर 0.82 और टेक समूह 0.18 प्रतिशत गिर गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान जर्मनी का डैक्स 0.33, जापान का निक्केई 1.64 और हांगकांग का




हैंगसेंग 2.69 प्रतिशत लुढ़क गया वहीं ब्रिटेन का एफटीएसई 0.29 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.10 प्रतिशत की बढ़त पर रहा।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 15 अंक फिसलकर 65,813.42 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 65,344.59 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। लिवाली की बदौलत दोपहर बाद यह 65,813.50 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 65,828.41 अंक के मुकाबले 0.48 प्रतिशत की गिरावट लेकर 65,512.10 अंक पर रहा। निफ्टी भी 16 अंक उतरकर 19,622.40 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,479.65 अंक के निचले जबकि 19,623.20 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,638.30 अंक की तुलना में 0.56 प्रतिशत लुढ़ककर 19,528.75 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही 19 कंपनियों में से मारुति ने सबसे अधिक 2.46 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही एनटीपीसी 1.83, टाटा मोटर्स 1.59, सन फार्मा 1.48, आईसीआईसीआई बैंक 1.23, एचडीएफसी बैंक 1.22, रिलायंस 1.20, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 1.14, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.08, आईटीसी 1.05, टाटा स्टील 0.78, नेस्ले इंडिया 0.64, टेक महिंद्रा 0.62, कोटक बैंक 0.56, टीसीएस 0.44, पावरग्रिड 0.28, विप्रो 0.21, भारती एयरटेल 0.16 और इंफोसिस के शेयर 0.10 प्रतिशत टूटे।

वहीं, बजाज फाइनेंस 2.04, एलटी 1.68, टाइटन 1.50, बजाज फिनसर्व 1.30, एसबीआई 0.71, अल्ट्रासिमको 0.54, एक्सिस बैंक 0.31, इंडसइंड बैंक 0.26, एचसीएल टेक 0.19, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.17 और एशियन पेंट ने 0.17 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## मोतीलाल ओसवाल एएमसी ने पेश किया निफ्टी 500 ईटीएफ

**मुंबई,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। सम्पत्ति प्रबंधन सेवा कंपनी मोतीलाल ओसवाल एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एमओएएमसी) ने निफ्टी 500 सूचकांक में निवेश पर आकर्षक प्रतिफल को देखते हुए निवेशकों के लिए निफ्टी 500 ईटीएफ योजना पेश करने की मंगलवार को घोषणा की। कंपनी के अधिकारियों ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इसे छह अक्टूबर को एनएसई में सूचीबद्ध कराने की योजना है। कारोबार के लिए इस कोष का संकेत नाम 'एमओनिफ्टी500' है। कंपनी ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में निफ्टी 500 इंडेक्स ने 31 अगस्त, 2023 के अंत तक वार्षिक आधार पर 25 फीसदी का रिटर्न दिया है। मध्यम से लंबी अवधि में निफ्टी 500 इंडेक्स ने ऐतिहासिक रूप से मिड और स्मॉलकैप खंड के मजबूत प्रदर्शन की मदद से निफ्टी 50 इंडेक्स से बेहतर प्रदर्शन किया है। एमओनिफ्टी500 ईटीएफ निफ्टी 500 इंडेक्स के कुल रिटर्न को साधने का प्रयास है, जिसे बाजार पूंजीकरण के आधार पर शीर्ष 500 कंपनियों के प्रदर्शन को मापने के लिए तैयार किया गया है। कंपनी का कहना है कि निफ्टी 50 इंडेक्स की तुलना में, निफ्टी 500 इंडेक्स अच्छी तरह विविधीकृत है इसमें शीर्ष 10 होल्डिंग का हिस्सा 37 प्रतिशत है, जबकि निफ्टी 50 इंडेक्स में शीर्ष दस कंपनियों में निवेश का हिस्सा 58 प्रतिशत है। इसके अलावा, यह 21 क्षेत्रों में विविध निवेश प्रदान करता है, कुछ क्षेत्रों में कपड़ा (टेक्स्टाइल्स), उपभोक्ता सेवाएं (कन्स्यूमर सर्विसेज़), मीडिया और वन सामग्री शामिल हैं जो निफ्टी 50 इंडेक्स में मौजूद नहीं हैं। कंपनी का कहना है कि यह इंडेक्स लार्जकैप (75 फीसदी), मिडकैप (16 फीसदी) और स्मॉलकैप (9 फीसदी) का एक उत्कृष्ट मिश्रण प्रदान करता है। लंबी अवधि में निफ्टी 500 इंडेक्स ने निफ्टी 50 से बेहतर प्रदर्शन किया है। मोतीलाल ओसवाल एसेट मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध निदेशक और सीईओ नवीन अगरवाल ने कहा, 'मोतीलाल ओसवाल निफ्टी 500 इंडेक्स फंड के प्रबंधन में अपने सफल ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर, हम अपनी नई पेशकश मोतीलाल ओसवाल निफ्टी 500 ईटीएफ की घोषणा करने के लिए उत्साहित हैं।

## सार संक्षेप

### ह्यूंडई वेरना को मिली 5 स्टार रेटिंग

**नई दिल्ली।** यात्री वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने भारतीय ग्राहकों को ज्यादा सुरक्षित मोबिलिटी सॉल्यूशन प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुये आज कहा कि उसके सभी मॉडल और सभी वैरिएंट में स्टैंडर्ड फीचर के रूप में 6 एयरबैग मिलेंगे और उसके प्रयासों के प्रमाण के रूप में ह्यूंडई वेरना को ग्लोबल एनसीएपी की तरफ से व्यस्क एवं बच्चे की सुरक्षा के मामले में 5 स्टार रेटिंग मिली है। कंपनी ने आज यहां भारत के लिए एक सुरक्षित रोडमैप की दिशा में काम करते हुए 3 मॉडलों के साथ बीएनसीएपी में स्वैच्छिक रूप से हिस्सा लेने का ऐलान किया। आगे अन्य मॉडल को भी इसमें लाया जाएगा।
कंपनी के एमडी एवं सीईओ उनसू किम ने कहा, 'ह्यूंडई में सभी की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और स्टैंडर्ड व्हीकल सेफ्टी फीचरों के मामले में हम हमेशा नए बेंचमार्क बनाते रहे हैं। आज हमें सभी मॉडल एवं सभी वैरिएंट में छह एयरबैग को स्टैंडर्ड फीचर के रूप में पेश करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इसके अतिरिक्त जीएनसीएपी की तरफ से ह्यूंडई वेरना को व्यस्क और बच्चे की सुरक्षा के लिए मिले 5 स्टार रेटिंग के साथ सुरक्षित मोबिलिटी के मामले में हमने एक और मील का पत्थर पार किया है। हम केवल स्मार्ट मोबिलिटी सॉल्यूशन प्रोवाइडर ही नहीं, बल्कि सेफ मोबिलिटी सॉल्यूशन प्रोवाइडर भी हैं।

### ग्रो म्यूचुअल फंड ने पेश की टोटल मार्केट इंडेक्स फंड

**बैंगलोर।** ग्रो म्यूचुअल फंड ने मंगलवार को ग्रो निफ्टी टोटल मार्केट इंडेक्स फंड पेश करने की घोषणा की जो निफ्टी टोटल मार्केट इंडेक्स पर आधारित है। ग्रो म्यूचुअल की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस कोष का बंदोबस्त कोष प्रबंधक अनुपम तिवारी देखेंगे करेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि ग्रो निफ्टी टोटल मार्केट इंडेक्स फंड निफ्टी टोटल मार्केट इंडेक्स को ट्रैक करेगा। यह फंड 3-17 अक्टूबर निवेश के लिए खुला रहेगा और यूनिट्स के आवंटन की तारीख से या उससे पहले, पांच कामकाजी दिनों के भीतर ऑनगोइंग सब्सक्रिप्शन और रिडेम्पशन के लिए फिर से खुलेगा।
कंपनी का कहना है कि यह देश का पहला टोटल मार्केट इंडेक्स फंड होगा।

### ऐग्रीज़ी की घरेलू एग्री-फूड प्रोसेसिंग क्षमताओं को बढ़ाने की अपील

**नई दिल्ली।** कृषि-खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की प्रमुख कंपनी ऐग्रीज़ी ने घरेलू कृषि-खाद्य प्रसंस्करण की क्षमताओं को बढ़ाने का अनुरोध किया है। ऐग्रीज़ी के विशेषज्ञों के अनुसार इस कदम से निर्यात बढ़ेगा, देश पर आयात का बोझ कम होगा और भारतीय अर्थयवस्था को मजबूत करने में काफी मदद मिलेगी। कंपनी ने कहा कि हम लाल मिर्ची का उदाहरण लेते हैं। भारत में लाल मिर्ची की तरह-तरह की किस्में हैं जिनमें सन्नम, तेजा, ब्याड्गी, और कश्मीरी मिर्च शामिल हैं। लाल मिर्ची की इन किस्मों का भारत की कृषि पैदावार में महत्वपूर्ण योगदान है।

## खाद्य तेल सस्ता

**नई दिल्ली**, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के भाव गिर गए।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा पांच रिंगिट फिसलकर 3640 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.32 सेंट की बढ़त के साथ 57.75 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में गिरावट का रुख रहा। सरसों तेल 147 रुपए, मूंगफली तेल 146 रुपए, सोया रिफाइंड 220 रुपए और वनस्पति तेल 133 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हो गया। वहीं, सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में दाम स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## इस वर्ष भारत की आर्थिक-वृद्धि 6.3 प्रतिशत रहेगी, निवेश, उपभोग मजबूतः विश्व बैंक

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। विश्व बैंक ने कठिन वैश्विक परिस्थितियों के बीच भारत के राजकोषीय प्रबंध और महंगाई पर अंकुश लगाने की नीतियों की तारीफ करते हुए मंगलवार को अनुमान जताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि होगी। वर्ष 2022-23 में भारत के जीडीपी की वृद्धि 7.2 प्रतिशत थी और देश विश्व की सबसे तीव्र गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था था।

भारत के बारे में विश्व बैंक की यहां जारी 'इंडिया डेवलपमेंट अपडेट-अक्टूबर 2023' (भारत की परिस्थितियों की ताजा रिपोर्ट) शीर्षक रिपोर्ट में व्यक्त यह अनुमान छह माह पहले के उसके अनुमान के बराबर है। रिपोर्ट में भारत में उपभोग और निवेश की मांग की स्थिति को मजबूत बताते हुए अनुमान है कि अगले वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत तथा उसके बाद के वर्ष में यह 6.5 प्रतिशत तक जा सकती है।

बैंक का अनुमान है कि भारत में आने वाले समय में मुद्रास्फीति का दबाव और कम होगा तथा यह भारत रिजर्व बैंक के लिए आसान माने जाने वाले 2-6 प्रतिशत के दायरे में रहेगी। रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष में खुदरा मुद्रास्फीति 5.9 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष




में 4.7 प्रतिशत तथा उसके बाद के वर्ष में 4.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारत में विश्वबैंक के स्थानीय निदेशक आगस्ते तानो कोउआमे ने यह रिपोर्ट जारी करते हुए कहा, 'आज दुनिया की स्थिति बहुत कठिन है। मुद्रास्फीति ऊंची है और ब्याज दरें चढ़ी हुई हैं, ऐसे में भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने कुछ समय तक चुनौतियां बनी रहेंगी।'

उन्होंने कहा कि भारत ने 2047 तक विकसित देश बनने का लक्ष्य रखा है। देश के कुछ दीर्घकालिक लक्ष्य हैं और कुछ अल्पकालिक चुनौतियां हैं। इस अवसर पर दक्षिण एशिया विषयक विश्व बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री फ्रांजिस्का ऑनसोर्गी और इंडिया डेवलपमेंट अपडेट (आईडीयू) के लेखक ध्रुव शर्मा ने भी अपने विचार रखे। श्री शर्मा ने कहा, 'भारत में कुछ समय से मुद्रास्फीति के ऊंचा रहने और मौद्रिक नीति की कठोरता के बावजूद देश की आर्थिक वृद्धि मजबूत बनी हुई है।' उन्होंने कहा कि भारत में निवेश मजबूत बना हुआ है, राजकोषीय घाटा धीरे-धीरे कम हो रहा है और जीडीपी के हिसाब से कर्ज का अनुपात कम हो रहा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजार में मांग की कमी के बावजूद भारत में घरेलू मांग मजबूत है। पहली तिमाही के जीडीपी के पहली तिमाही के आंकड़ों में उपभोग मांग में एक साल पहले की तुलना में कुछ नरमी जरूर दिखायी देती है, यह साल पहले इसी दौरान कोविड19 की पांबदियों के खुलने के बाद आयी मांग के धीरे-धीरे शांत होने का असर है। श्री शर्मा ने कहा कि भारत में 'श्रम बाजार में काफी सुधार दिख रहा है पर कुछ निहित चुनौतियां भी हैं।' उन्होंने कहा कि नौकरियों में अशिकांश वृद्धि अभी कम गुणवत्ता की नौकरियों और घरेलू काम में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने की वजह से है।

विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार चालू वित्त वर्ष में कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र की वृद्धि क्रमशः 3.5 प्रतिशत, 5.7 प्रतिशत और 7.4 प्रतिशत की वृद्धि होगी। पिछले वित्त वर्ष में ये दरें क्रमशः चार प्रतिशत, 4.4 और 9.5 प्रतिशत थी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष में निजी

# विकसित भारत के लिए भौतिक,सामाजिक व डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर भविष्य की जरूरतों के अनुरूप हो-मोदी

## प्रधानमंत्री ने ताड़ोकी-रायपुर डेमू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई

**बिलासपुर**, 3 अक्टूकर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के जगदलपुर में रेलवे और सड़क क्षेत्र की कई परियोजनाओं के साथ-साथ उन्होंने ताड़ोकी-रायपुर डेमू ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाई ।

प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब देश का हर राज्य, हर जिला और हर गांव विकसित होगा। उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनता को विकास परियोजनाओं के लिए बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लिए भौतिक, सामाजिक और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर भविष्य की जरूरतों के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने बताया कि इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए इस वर्ष का परिव्यय 10 लाख करोड़ रुपये है, जो छह गुना अधिक है ।

कनेक्टिविटी पर केंद्र सरकार के फोकस का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ में आर्थिक गलियारे और आधुनिक राजमार्गों का जिक्र किया. उन्होंने यह भी बताया कि 2014 की तुलना में छत्तीसगढ़ का रेल बजट लगभग 20 गुना बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि आजादी के इतने वर्षों के बाद तारोकी को नई रेलवे लाइन का तोहफा मिल रहा है। एक नई डेमू ट्रेन ने तारोकी को देश के रेलवे मानचित्र पर जोड़ दिया है जिससे राजधानी रायपुर तक यात्रा करना आसान हो जाएगा। जगदलपुर और दंतेवाड़ा के बीच रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना से लॉजिस्टिक लागत कम होगी और यात्रा में आसानी होगी।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर खुशी जताई कि छत्तीसगढ़ ने रेलवे ट्रैक के 100 फीसदी विद्युतीकरण का काम पूरा कर लिया है. राज्य में वंदे भारत ट्रेन भी चल रही है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 30 से अधिक स्टेशनों का उन्नयन किया जा रहा है। जिनमें से 7 स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास पहले ही हो चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग स्टेशन के साथ, आज जगदलपुर स्टेशन को भी इस सूची में जोड़ा गया है। आने वाले दिनों में जगदलपुर स्टेशन शहर का मुख्य केंद्र बनेगा और यहां यात्री सुविधाओं को उन्नत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में, राज्य के 120 से अधिक स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई सुविधा प्रदान की गई है ।



श्री मोदी ने कहा, सरकार छत्तीसगढ़ के लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि आज की परियोजनाएं विकास की गति को आगे बढ़ाएंगी, रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगी और राज्य में नए उद्योगों को प्रोत्साहित करेंगी।

पूरे देश में रेल बुनियादी ढांचे में सुधार के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप, कार्यक्रम के दौरान कई रेल परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया और राष्ट्र को समर्पित की गईं। प्रधानमंत्री ने अंतागढ़ और तारोकी के बीच एक नई रेल लाइन और जगदलपुर और दंतेवाड़ा के बीच एक रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना राष्ट्र को समर्पित की। उन्होंने बोरीडांड-सूरजपुर रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना और अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जगदलपुर स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने तारोकी-रायपुर डेमू ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाई। इन रेल परियोजनाओं से राज्य के आदिवासी क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार होगा। बेहतर रेल बुनियादी ढांचे और नई ट्रेन सेवा से स्थानीय लोगों को लाभ होगा और क्षेत्र के आर्थिक विकास में मदद मिलेगी।

## ग्रामीण डाक सेवक का आज हड़ताल

**बिलासपुर**, 3 अक्टूकर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक एवं नेशनल ग्रामीण डाक सेवक संघ के केन्द्रीय नेतृत्व के संयुक्त तत्वावधान में ग्रामीण डाक सेवक 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 4 अक्टूबर को पूरे देश भर में एक दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे। इस एक दिवसीय हड़ताल से डाक विभाग भारत सरकार को चेतावनी देना चाहते हैं कि हमारी जायज मांगों पर विचार कर लागू करें क्योंकि कमलेश चन्द्र कमेटी को लागू करवाने हेतु हम लगातार धरना प्रदर्शन करते आ रहे हैं। आगामी 05 दिसम्बर 2023 से अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने की तैयारी सुनिश्चत है। यह जानकारी संभागीय सचिव बी.डी. मानिकपुरी द्वारा दी गई।

**NECC**

| 04.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 503 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 100 | 195 |

डिलीवरी 518 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

## सुने मकान में चोरी करने वाला शातिर चोर पकड़ाया

### 80 हजार के सोने-चांदी के जेवरात व अन्य इलेक्ट्रीकल सामान

**बिलासपुर,** 3 अक्टूबर ( देशबन्धु) । पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष कुमार सिंह द्वारा पूर्व में थाना प्रभारियों की मीटिंग लेकर जिले में हो रही लगातार चोरियों पर अंकूश लगाने एवं अवैध करोबार करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।




जिसके परिपालन में क्षेत्र में हो रहे चोरी के रोकथाम तथा आरोपियों के धरपकड़ हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिलासपुर राजेन्द्र जायसवाल एवं सी. एस. पी. (सरकंडा ) श्रीमति पूजा कुमार के मार्ग दर्शन एवं थाना प्रभारी सरकंडा निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता के निर्देशन में थाना सरकण्डा से एक टीम तैयार कर पतासाजी हेतु लगाया गया है, कि 2 अक्अूबर को प्रार्थी धनेश कुमार जांगड़े निवासी रामकृष्ण नगर मोपका ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपने परिवार के साथ 1अक्टूबर को अपने पड़ोस में रहने वाले रिस्तेदारों के साथ मल्हार मंदिर दर्शन करने परिवार के साथ गया था जो रात्रि करीब 10.30 बजे वापस आया और पड़ोस में रहने वाले रिस्तेदार के घर में ही सो गये, सुबह अपने घर जाकर देखे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था, जिससे अंदर जाकर देखा तो आलमारी का लाक टूटा हुआ था एवं आलमारी में रखे सोने, चांदी के जेवर, बीएसएनएल का ब्रॉडबैंड सेट, सहित करीबन 80,000 रू. का सामान को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है, उक्त रिर्पोट पर अपराध सदर कायम कर आरोपी पतासाजी विवेचना में लिया जाकर आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरों का फूटेज का अवलोकन किया गया जिसके आधार पर संदेही दीपक डहरिया निवासी गैस गोदाम मोपका का पता तलाश किया गया, जो अपने सकुनत से फरार होना पाया गया, जिसकी पतासाजी कर तोरवा चौक से घेराबंदी कर पकड़कर मशरूका के संबंध में पूछताछ किया गया जो गुमराह करने का प्रयास कर रहा था, जिसे कड़ाई पूर्वक पूछताछ करने पर जूर्म स्वीकार कर चोरी किये मशरूका सोने चांदी के जेवरात एवं अन्य इलेक्ट्रीकल सामान जुमला कीमती करीब 80,000 रू. का बरामद कर आरोपी दीपक डहरिया को विधिवत् गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सरकण्डा निरी. जे.पी. गुप्ता, उप निरी. ओम प्रकाश कुर्रे, प्र.आर. प्रमोद सिंह, विनोद यादव, आरक्षक विकास यादव, विवेक राय, राकेश यादव, संजीव जांगड़े, रवि यादव एवं अन्य का विशेष योगदान रहा।

## 80 हजार के अवैध फटाखों का जखीरा पकड़ाया


### बिक्री के लिए किया जा रहा था भंडारण

**बिलासपुर**, 3 अक्टूकर (देशबन्धु)। सिंधी कालोनी गोदू चौक के पास से एक व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ कर पूछताछ करने पर बताया की मकान के अंदर कार्टूनो में अवैध रूप से फटाका रखा है उक्त फटाका के किसी प्रकार का वैध दस्तावेज नहीं होना बताया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई की।




थाना सिविल लाइन क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सहायक उपनिरीक्षक नरेंद्र डिक्सेना को हमराह आरक्षक 534, 413 के टाउन पेट्रोलिंग जुर्म जरायम पता साजी पर रवाना किया गया था। इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि सिंधी कालोनी गोदू चौक के पास मकान में एक व्यक्ति अवैध रूप से फटाखा बिक्री हेतु भण्डारण करके रखा है। उक्त सूचना को पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह को अवगत कराया गया जिनके द्वारा कार्यवाही के दिए गए निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेन्द्र जयसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाइन संदीप पटेल के मार्गदर्शन पर मौका गवाह एवं हमराह स्टाफ के साथ सिंधी कालोनी गोदू चौक के पास पहुंचा एक व्यक्ति जो कि मकान के बाहर खड़ा था जिसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपना नाम सुखमौत सलूजा पिता त्रिलोचन सलूजा उम्र 31 वर्ष साकिन इंदू चौक जरहाभांठा थाना सिविल लाईन बिलासपुर का रहने वाला बताया तथा मकान के अंदर कार्टूनो में अवैध रूप से फटाका रखना स्वीकार किया उक्त फटाका रखने के संबंध में पूछताछ करने पर सुखमीत सलूजा द्वारा किसी प्रकार का वैध दस्तावेज नहीं होना लिखित में दिया। आरोपी के कब्जे से कार्टुन में रखा 04 पैकेट स्काई शाट (100 शाट वाला) कीमती 6322 रू लाईमा कंपनी,16 पैकेट स्काई शाट (12 शाट वाला) कीमती 4940 रू ऐजे कंपनी, 30 पैकेट स्काई शाट (15 शाट वाला) कीमती 6450 रू गजा कंपनी,15 पैकेट स्काई शाट (15 (शा वाला) कीमती 3370/00 रू मदर कंपनी, 15 पैकेट स्काई शाट (25 शाट वाला) कीमती 6532 रू मदर कंपनी, 15 पैकेट स्काई शाट (25 शाट वाला) कीमती 5910 रू गंजा कंपनी, 104 पैकेट स्काई शाट (80 शाट वाला) कीमती 5512 रू लाईमा कंपनी, किंग आफ किंग 4 पैकेट स्काई शाट (80 शाट वाला) कीमती 5512 रू लाईमा कंपनी, 36 पैकेट स्काई शाट (पाइप बीग ) कीमती 7646 रू मदर कंपनी, 40 पैकेट स्काई शाट (सिंगल पाइप 2.5 इंच वाला) कीमती 5546 रू मंदर कंपनी. 30 पैकेट स्काई शाट (सिंगल पाइप 3 इंच वाला) कीमती 6009 रू मदर कंपनी, 20 पैकेट स्काई शाट ( सिंगल पाइप 4 इंच वाला) कीमती 5435 रू मदर कंपनी जुमला कीमती 79184 रूपया वजह सबुत जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है। आरोपी का उक्त कृत्य विस्फोटक अधिनियम 1884 की धारा 9(बी)(2) के तहत दंडनीय पाये जाने से गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया है।

प्रकरण की कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाइन प्रदीप आर्य, सहायक उपनिरीक्षक नरेंद्र डिक्सेना, आरक्षक देवेंद्र दुबे, राजेश नारंग तथा एसीसीयू टीम से प्रधान आरक्षक देवमुन पुहूप, आरक्षक सरफराज खान विशेष योगदान रहा।




प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188